दैनिक विनय उजाला

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित

मूल्य ₹ 3.00

RNI. Reg. MPHIN/2019/78560

अलीराजपुर

रविवार, 06 जुलाई 2025

आषाढ़ शुक्ल पक्ष-11

वर्ष : 06 | अंक : 217

कुल पृष्ठ : 12




इंडस्ट्री में सफर बेहद अकेला... 10

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्वालियर को दी 265.56 करोड़ लागत के विकास कार्यों की सौगात**

# रोजगार के नए अवसर और विकास की नई धाराएं बहने वाली हैं : डॉ. यादव

विनय उजाला

**अलीराजपुर, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार प्रदेश के समग्र विकास के लिए संकल्पित है। हम सबके जीवन में उजाला लाने के लिए कटिबद्ध हैं। ग्वालियर-चंबल क्षेत्र शीघ्र ही राज्य का सबसे विकसित क्षेत्र बनेगा।**

मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय किसानों से अपील की कि वे अपनी जमीन बेचने की कतई न सोंचे, क्योंकि इस क्षेत्र में शीघ्र ही रोजगार के नए अवसर और विकास की नई धाराएं बहने वाली हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को ग्वालियर के आईएसबीटी परिसर में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहां 265.56 करोड़ रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का रिमोट का बटन दबाकर लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। उन्होंने विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को मंच से हितलाभ भी वितरित किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में नदियों को जोड़ने का अभियान चल रहा है। केंद्र सरकार की मदद से यहां पार्वती, कालीसिंध और चंबल नदियों को आपस में जोड़ने की राष्ट्रीय नदी लिंक परियोजना पर करीब 70 हजार करोड़ रुपये की लागत से काम किया जा रहा है। साथ ही केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी लिंक परियोजना से भी ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के किसानों को व्यापक स्तर पर लाभ मिलने वाला है।



**ग्वालियर अटलजी की जन्मभूमि और राजमाता विजयाराजे की कर्मभूमि रही...** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्वालियर के गौरवशाली अतीत का स्मरण करते हुए कहा कि यह भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मभूमि और राजमाता विजयाराजे सिंधिया की कर्मभूमि रही है। प्रदेश की धरती से भारत के विकास का दीपक अटलजी के रूप में प्रज्वलित हुआ था। भारत मानवता के लिए जीता है। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने तीन-तीन देशों से लड़ाई लड़ी। सर्जिकल स्टाइक में पाकिस्तान को माकूल जवाब देने के लिए हमारे सुखोई विमान ग्वालियर से ही उड़े। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य के स्वर्णिम भविष्य के निर्माण के लिए सरकार ने शुक्रवार को ही 94 हजार से अधिक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए राशि दी है। उन्होंने ग्वालियर की जनता को बधाई देते हुए कहा कि वाकई यहां अतिभव्य आईएसबीटी लोकार्पित हुआ है।

### बीहड़ों को अब बेहतर तरीके से विकसित किया जा रहा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस क्षेत्र के बीहड़ों को अब बेहतर तरीके से विकसित किया जा रहा है। यहां के बीहड़ों में जल्द ही केंद्र सरकार के सहयोग से 2000 मेगावाट क्षमता का एक बड़ा सोलर पॉवर प्लांट स्थापित किया जा रहा है। यह मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की संयुक्त परियोजना होगी। इस परियोजना से दोनों ही प्रदेशों को ऊर्जा आपूर्ति होगी। मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश 6-6 माह बराबरी से इस परियोजना से उत्पादित बिजली का उपभोग करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि आगरा से ग्वालियर के बीच बन रहे नये सिक्स-लेन नेशनल हाई-वे के चलते बड़े-बड़े उद्योगपतियों ने इस क्षेत्र में बड़ा निवेश करने में अपनी रुचि दिखाई है। इससे यहां तेजी से औद्योगिक विकास होगा और इस क्षेत्र का कायाकल्प भी सुनिश्चित होगा।

### मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता के लिए औद्योगिक क्रांति की शुरुआत की : सिंधिया

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर राज्य विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकास की नई इबारत लिख रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व पटल पर भारत के गौरव को प्रतिस्थापित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिन-रात एक कर प्रदेश की जनता के लिए औद्योगिक क्रांति की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव शगुन का लिफाफा लेकर ग्वालियर आए हैं। हमारी मांग थी कि ग्वालियर-चंबल संभाग में डॉ. अंबेडकर धाम की स्थापना हो, जो बाबा साहेब की विचारधारा का मंथन केंद्र बने। उन्होंने बताया कि ग्वालियर जिले के डबरा के जौरासी गांव में 8 करोड़ रुपए की लागत से डॉ. अंबेडकर धाम बन रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज इसी अंबेडकर धाम के विकास के दूसरे चरण में 50 हजार वर्गफीट भूमि में एक भव्य इमारत चौरासी गांव में ही बनाने की मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बन रहे सांदिपनि विद्यालयों में निजी स्कूलों के जैसी शिक्षा बच्चों को मिलेगी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा आगरा से ग्वालियर तक 5000 करोड़ रुपए लागत से नये 6 लेन हाई-वे की सौगात दी गई है। इस 6 लेन हाई-वे के बनने पर सिर्फ 45 मिनट में आगरा से ग्वालियर पहुंचा जा सकेगा। उन्होंने बताया कि ग्वालियर में वेस्टर्न हाई-वे बन रहा है। केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से ग्वालियर क्षेत्र में करीब 12 हजार करोड़ रुपए की लागत वाले विभिन्न विकास कार्य हो रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### व्यापार समझौते पर पीएम मोदी, ट्रंप के आगे झुक जाएंगे : राहुल गांधी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। दरअसल वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने दावा किया है कि भारत, अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर समयसीमा के तहत कोई डील नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि समझौता तभी फाइनल होगा, जब यह राष्ट्रीय हित में होगा। पीयूष गोयल के बयान के बाद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया, जिसमें उन्होंने लिखा कि पीयूष गोयल जितना चाहें छाती पीट लें, लेकिन मेरे शब्दों पर ध्यान दें, मोदी, ट्रंप की टैरिफ समयसीमा के आगे झुक जाएंगे।

### अमरनाथ यात्रा के दौरान चार बसें आपस में टकराई, 36 घायल

**रामबन, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में अमरनाथ यात्रा कर रहे कम से कम 36 श्रद्धालु घायल हो गए। हादसा चंद्रकोट लंगर स्थल के पास उस समय हुआ, जब यात्रा का काफिला नाश्ते के लिए रुका था, तभी पीछे से आई एक बस चार खड़ी बसों से टकरा गई। हादसे में लगभग 36 यात्री घायल हुए हैं, जिनमें से अधिकांश को मामूली चोटें आई हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्राथमिक उपचार के बाद ज्यादातर श्रद्धालु अपनी यात्रा जारी रखने के लिए तैयार हैं।

### बरात ले जा रही गाड़ी दीवार से टकराई, दूल्हा समेत आठ की मौत

**संभल, एजेंसी।** मेरठ-बदायूं हाईवे पर बरातियों की कार अनियंत्रित होकर एक इंटर कॉलेज की दीवार से टकरा गई। हादसे में दूल्हे समेत पांच लोगों की मौत हो गई। बरातियों की 11 गाड़ियां पहले ही सिरसौल के लिए रवाना हो गईं थीं। एक कार पीछे रह गई थी, जिसमें दूल्हे समेत 10 लोग सवार थे। रास्ते में कार जनता इंटर कॉलेज की जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। घायलों को कार से बाहर निकालने में क्रेन की मदद ली गई।




**अर्जेंटीना में गार्ड ऑफ ऑनर दिया**

# भारत माता की जय के साथ हुआ प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत



नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार देर शाम अपनी दो दिवसीय दौरे के तहत अर्जेंटीना पहुंचे, जहां उनका भव्य पारंपरिक स्वागत किया गया। वहीं गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद जब वह होटल पहुंचे तो भारतीय समुदाय के सदस्यों ने मोदी-मोदी और भारत माता की जय के नारों से उनका जोरदार स्वागत किया। सांस्कृतिक नृत्य कार्यक्रम के साथ प्रधानमंत्री का अभिनंदन किया गया। पीएम मोदी ने अर्जेंटीना के नेशनल हीरो और स्वतंत्रता सेनानी जनरल होसे डी सैन मार्टिन के स्मारक पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। दक्षिण अमेरिकी देशों- अर्जेंटीना, चिली और पेरू को आजादी दिलाने वाले सैन मार्टिन को मुक्तिदाता भी कहा जाता है।

पीएम मोदी ने इसके बाद राष्ट्रपति जेवियर मिलई से मुलाकात की। राष्ट्रपति जेवियर ने राजधानी ब्यूनस आयर्स में मोदी का स्वागत किया। मोदी और जेवियर ने ब्यूनस डेलिगेशन लेवल पर बातचीत की। यह यात्रा कई मायनों में अहम है क्योंकि 57 वर्षों बाद पहली बार कोई भारतीय प्रधानमंत्री द्विपक्षीय यात्रा पर अर्जेंटीना पहुंचा है।

### मोदी को त्रिनिदाद एंड टोबैगो का सर्वोच्च सम्मान

अर्जेंटीन यात्रा से पहले त्रिनिदाद और टोबैगो के दौरे पर पहुंचे पीएम मोदी को राष्ट्रपति क्रिस्टीन कंगालू ने देश के सर्वोच्च पुरस्कार, 'द ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद और टोबैगो' से नवाजा है। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति क्रिस्टीन कंगालू और पीएम कमला परसाद बिसेसर को इसके लिए शुक्रिया कहा।



पीएम मोदी त्रिनिदाद और टोबैगो के 'ऑर्डर ऑफ द ऑर्डर' से सम्मानित होने वाले पहले विदेशी नेता बन गए हैं। यह किसी देश द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को दिया जाने वाला 25वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। अवार्ड पाने के बाद पीएम मोदी ने कहा कि हमारे रिश्तों में क्रिकेट का रोमांच और मसाले की तीखी खुशबू है। दोनों देशों की संस्कृतियों में गहरी समानता हमारी ताकत है। हम त्रिनिदाद और टोबैगो के लोगों के स्किल डेवलपमेंट पर जोर दे रहे हैं। हमारा सहयोग पूरे ग्लोबल साउथ के लिए महत्वपूर्ण है। दो मजबूत लोकतंत्र के रूप में, हम अपने लोगों के कल्याण के लिए मिलकर काम करते रहेंगे।

**मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अपील**

# समाज की समस्याओं को समझते हुए फैसला दें अदालतें

मुंबई, एजेंसी

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) भुषण रामकृष्ण गवई ने शनिवार को कहा कि कानून या संविधान की व्याख्या समाज की जरूरतों को ध्यान में रखकर व्यावहारिक ढंग से की जानी चाहिए। मुंबई में बॉम्बे हाईकोर्ट की तरफ से उनके सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि न्यायालयों को समाज की समस्याओं को समझते हुए फैसले देने चाहिए।



मुख्य न्यायाधीश गवई ने कहा, कानून या संविधान की व्याख्या आज की पीढ़ी की समस्याओं के संदर्भ में होनी चाहिए। यह व्याख्या व्यावहारिक होनी चाहिए और समाज की जरूरतों के अनुरूप होनी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायाधीशों को अपने विवेक, पद की शपथ और कानून के अनुसार काम करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि एक बार जब कोई मामला निपट जाए, तो न्यायाधीश को उसका पीछा छोड़ देना चाहिए और आगे बढ़ जाना चाहिए।

### कुछ न्यायाधीशों के व्यवहार पर शिकायतें मिली

सीजेआई गवई ने यह भी खुलासा किया कि हाल ही में उन्हें कुछ न्यायाधीशों के असभ्य व्यवहार की शिकायतें मिली हैं। उन्होंने सभी न्यायाधीशों से आग्रह किया कि वे इस प्रतिष्ठित संस्था की छवि को बनाए रखें। उनका कहना था, न्यायाधीश होना सुबह 10 से शाम 5 तक की नौकरी नहीं है, बल्कि यह समाज और देश की सेवा करने का एक अवसर है। कृपया ऐसा कुछ न करें जिससे न्यायपालिका की छवि को ठेस पहुंचे।

### बॉम्बे हाईकोर्ट की तारीफ

मुख्य न्यायाधीश ने बॉम्बे हाईकोर्ट की तारीफ करते हुए कहा कि यहां उन्होंने वकील और फिर न्यायाधीश के रूप में सेवा की है और जब लोग इस कोर्ट के फैसलों की तारीफ करते हैं तो उन्हें गर्व महसूस होता है। अंत में उन्होंने सभी न्यायाधीशों से अपील की कि वे अपनी शपथ और कर्तव्य के प्रति सच्चे रहें और इस संस्था की प्रतिष्ठा को बनाए रखें, जो कई पीढ़ियों के वकीलों और न्यायाधीशों की मेहनत से बनी है।

# बच्चों की सुरक्षा पर सुप्रीम कोर्ट चिंतित

**जस्टिस सूर्यकांत बोले... अब बच्चों को गवाह नहीं, इंसान समझिए**

हैदराबाद, एजेंसी

देश में बच्चों के खिलाफ अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। लेकिन दुख की बात यह है कि ऐसे मामलों में न्यायिक व्यवस्था और बच्चों की सुरक्षा का सिस्टम खुद बच्चों के लिए परेशानी का सबब बन जाता है। सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस सूर्यकांत ने इसी पर कड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि भारत का बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा ढांचा अभी भी बिखरा हुआ है और पूरी तरह सक्षम नहीं है। हमें बच्चों को सिर्फ गवाह नहीं, बल्कि पूरी देखभाल और सुरक्षा की जरूरत वाले इंसान की तरह देखने की



सोच विकसित करनी होगी।

हैदराबाद में पॉक्सो कानून पर आयोजित स्टेट लेवल मीट 2025 के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए सुप्रीम कोर्ट जज जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि बच्चों के खिलाफ अपराध के मामलों में न्याय व्यवस्था को बच्चों के जख्मों को और न बढ़ाने वाला बनाना होगा।

### सिर्फ अदालत नहीं, बाहर भी चाहिए बच्चों की सुरक्षा

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सिर्फ अदालत के अंदर तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। उन्हें घर, स्कूल, मोहल्ले और समाज में हर जगह सुरक्षित महसूस कराना जरूरी है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जब कोई बच्चा अपने साथ हुए अपराध की बार-बार पुलिस, शिक्षक, डॉक्टर, वकील और फिर जज के सामने कहानी सुनाता है, तो उसकी आवाज कमजोर पड़ जाती है। यही सिस्टम की असल खामी है। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सिर्फ कानूनी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि नैतिक कर्तव्य भी है।

### राहुल के वकील ने कहा- कांग्रेस ने एजेएल को बेचने नहीं, बचाने की कोशिश की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेशनल हेराल्ड केस में शनिवार को कोर्ट में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट आर.एस. चीमा ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की संपत्तियों को बेचने की नहीं, बल्कि संस्थान को बचाने की कोशिश की थी। उन्होंने यह भी कहा कि एजेएल सिर्फ एक अखबार नहीं, बल्कि देश की आजादी की लड़ाई से जुड़ी विरासत है, जिसे दोबारा खड़ा करना जरूरी था। चीमा ने विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने के सामने अपनी दलीलें रखते हुए कहा कि एजेएल कोई मुनाफा कमाने वाली कंपनी नहीं थी। इसे 1937 में पंडित जवाहरलाल नेहरू, जेबी कृपलानी, रफी अहमद किदवई और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों ने मिलकर शुरू किया था।

**गडकरी ने धन के असमान बंटवारे पर चिंता जताई**

# बढ़ रही गरीबों की संख्या, अमीर और अमीर हो रहे

नागपुर, एजेंसी

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान देश में बढ़ती गरीबी और धन के असमान बंटवारे की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे गरीबों की संख्या बढ़ रही है और संपत्ति कुछ अमीरों के पास सिमटती जा रही है, जो एक खतरनाक स्थिति है। उन्होंने कहा कि समाज में धन का विकेंद्रीकरण होना चाहिए। ऐसा नहीं होना चाहिए। हमें ऐसी अर्थव्यवस्था की दिशा में काम करना होगा जो रोजगार पैदा करे और गांवों का विकास करे।



केंद्रीय मंत्री गडकरी ने आगे कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि पर 65 से 70 प्रतिशत लोग निर्भर हैं, फिर भी इसका देश की जीडीपी में योगदान केवल 12 प्रतिशत है। वहीं उद्योग क्षेत्र का योगदान 22 से 24 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र का 52 से 54 प्रतिशत है।

**अमेरिका से व्यापार समझौते पर पीयूष गोयल बोले...**

# हमेशा मजबूती से बात करता है भारत, नहीं मानता समयसीमा का दबाव

बेंगलुरु, एजेंसी

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत हमेशा मजबूत स्थिति के साथ बातचीत करता है और किसी भी तरह की समय सीमा के दबाव में नहीं रहता है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि यूपीए सरकार के कार्यकाल में कांग्रेस ने ऐसे समझौतों पर बातचीत की और उन्हें मंजूरी दी जो देश के हित में नहीं थे।

गोयल की यह टिप्पणी ऐसे समय पर आई है, जब एक दिन पहले उन्होंने कहा था कि भारत अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते को तभी मानेगा, जब वह पूरी तरह से तय हो जाए कि वह देशहित में है। उन्होंने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भारत किसी समयसीमा के तहत बातचीत नहीं करता। हम बातचीत करते समय देशहित को ध्यान में रखते हैं और हमारे लिए देशहित सबसे ऊपर होता है।

**बीमारियों के इलाज में मिलेगी मदद**

# शुभांशु शुक्ला ने किया हड्डियों पर गुरुत्वाकर्षण के असर का अध्ययन

नई दिल्ली, एजेंसी

**ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के तहत अभी अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन ( आईएसएस ) पर हैं। एक दिन के आराम के बाद वह अपने साथियों के साथ अंतरिक्ष में हड्डियों पर सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण ( माइक्रोग्रैविटी ) के असर का अध्ययन कर रहे हैं।**

यह प्रयोग यह जानने के लिए किया जा रहा है कि अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण की कमी से हड्डियों पर क्या असर पड़ता है और यह जानकारी धरती पर ऑस्टियोपोरोसिस (हड्डियों की बीमारी) जैसी बीमारियों के उपचार में कैसे मदद कर सकती है। मिशन के दसवें दिन शुक्ला ने एक और प्रयोग में



हिस्सा लिया, जिसमें आईएसएस पर विकिरण (ऊर्जा का उत्सर्जन और उसका एक जगह से दूसरी जगह फैलना) के संपर्क की निगरानी की गई। यह प्रयोग यह जानने के लिए किया गया है कि लंबे समय तक अंतरिक्ष में रहने वाले अंतरिक्ष यात्रियों को विकिरण से कैसे बेहतर सुरक्षा दी जा सकती है।

### स्पेस माइक्रो एल्गी प्रयोग के लिए अंतरिक्ष में स्थापित किए नमूने

एक्सिओम स्पेस के अनुसार, शुक्ला ने स्पेस माइक्रो एल्गी नामक एक प्रयोग के लिए नमूनों को अंतरिक्ष में स्थापित किया। यह सूक्ष्म जीवाणु भविष्य में अंतरिक्ष में जीवन बनाए रखने में मदद कर सकते हैं, क्योंकि ये भोजन, ईंधन और सांस लेने लायक ऑक्सीजन देने की क्षमता रखते हैं। लेकिन ऐसा तभी संभव होगा, जब यह समझा जाए कि ये सूक्ष्म जीवाणु अंतरिक्ष में कैसे बढ़ते और खुद को ढालते हैं।

### शुभांशु शुक्ला ने सूक्ष्म जीवों पर आधारित प्रयोग पूरा किया

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक बयान में बताया कि शुभांशु शुक्ला ने आईएसएस पर माइक्रोग्रैविटी में टार्डीग्रेड्स (एक तरह के सूक्ष्म जीव) पर आधारित प्रयोग भी पूरा किया। यह अध्ययन अंतरिक्ष में इन जीवों के जीवित रहने, दोबारा सक्रिय होने और प्रजनन व्यवहार पर केंद्रित था। इससे यह समझने में मदद मिलेगी कि ये जीव कठिन परिस्थितियों में कैसे जीवित रहते हैं और इसका लाभ धरती पर दवाओं के विकास में भी हो सकता है। शुक्ला और उनकी टीम मिशन के दौरान 60 वैज्ञानिक प्रयोगों में से कई पर काम कर रहे हैं।

### आंकड़ों की मदद से बनाया जा रहा डिजिटल ट्विन

इन आंकड़ों की मदद से एक डिजिटल ट्विन यानी वर्चुअल मॉडल बनाया जा रहा है, जो यह दिखा सकेगा कि किसी अंतरिक्ष यात्री की हड्डियां अंतरिक्ष में कैसे प्रतिक्रिया देती हैं और कैसे ठीक होती हैं। यह व्यक्तिगत तरीका भविष्य में मिशन की योजना बनाते समय अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य जोखिमों का आकलन करने और उनके लिए उपयुक्त समाधान तैयार करने में मदद करेगा। इसका लाभ धरती पर हड्डियों से जुड़ी बीमारियों के इलाज में भी हो सकता है।

## युवाओं को स्वावलंबी बनाने का सशक्त माध्यम हैं सहकारी समितियां

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सहकारिता को मिल रहे नए आयाम : मुख्यमंत्री

## किसी भी काम में सफल होने के लिए जरूरी है मजबूत आत्मविश्वास, विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का किया समाधान

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के सहकारिता क्षेत्र को नए आयाम मिल रहे हैं। दुग्ध-उत्पादन, औद्योगिक विकास सहित अन्य क्षेत्रों में हो रहे नए कार्यों में सहकारी समितियों को प्राथमिकता मिलेगी। उन्होंने कहा कि सहकारिता समाज को एक करने के साथ ही युवाओं को बेरोजगारी से बचाने का माध्यम है। रोजगार का अर्थ सिर्फ सरकारी नौकरी नहीं है। युवाओं को स्वरोजगार और स्वावलंबन से जोड़ने के लिए प्रदेश सरकार संकल्पित है और वर्ष 2025 को रोजगार एवं उद्योग वर्ष के रूप में मना रही है।**

उन्होंने तीन नए आपराधिक कानूनों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में न्याय की देवी की आंखों से पट्टी हटी है, क्योंकि आंख पर पट्टी रहते हुए न्याय कैसे हो सकता है। नागरिकों के मूल अधिकार संविधान में उल्लेखित हैं और इसी भावना से व्यक्तियों के आपसी स्वावलंबन और सहभागिता का समावेश सहकारिता में है। वर्तमान सरकार में सहकारिता को लेकर व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी है। नई समिति की





पंजीयन प्रक्रिया 30 दिन में पूर्ण की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय सहकारी दिवस के अवसर पर समन्वय भवन में म.प्र. राज्य सहकारी संघ एवं अपेक्स बैंक ट्रेनिंग कॉलेज की ओर से आयोजित सहकारी युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सहकारिता ध्वज फहराकर समन्वय भवन में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। अपर मुख्य सचिव श्री अशोक वर्णवाल कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों को पौधा भेंटकर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सहकारी युवा संवाद कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालयीन विद्यार्थियों से संवाद किया और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सहकारिता से उद्योग प्राप्त करने वाली 30 महिलाओं को सिलाई मशीन टूल किट वितरण के प्रतीक स्वरूप एक महिला को सिलाई किट प्रदान की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश में सहकारिता का आंदोलन खड़ा करने के लिए गुजरात में अमूल की स्थापना की। हजारों लोगों को दुग्ध-उत्पादन से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने और बेरोजगारी खत्म करने का कार्य किया। राज्य सरकार भी दुग्ध-उत्पादन बढ़ाने के लिए संकल्पबद्ध है। अभी दुग्ध-उत्पादन में प्रदेश तीसरे स्थान पर है, जो भविष्य में शीर्ष पर पहुंचेगा। इसी उद्देश्य से दुग्ध-उत्पादन में प्रदेश का योगदान 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें सहकारिता क्षेत्र की बड़ी भूमिका होगी।

### आय बढ़ाने के साथ समाज को एक करने की पहल है सहकारिता

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि आज विश्व अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन आया है। उन्होंने विकसित भारत के लिए सहकारिता को आगे बढ़ाने पर बल दिया। देश में सहकारिता मंत्रालय बनाकर केन्द्रीय मंत्री श्री अमित शाह को जिम्मेदारी सौंपी। देश का इतिहास है कि जहां व्यक्ति है, वहां सहकारिता है। जब व्यक्ति का एक-दूसरे से समन्वय होगा, तभी देश एक होगा। सहकारिता केवल आय बढ़ाने का माध्यम नहीं, बल्कि देश और समाज को एक करने की पहल है। हमें रोजमर्रा की जिंदगी में सहकारिता को आत्मसात करना होगा। हमें 2047 तक विकसित भारत बनाना है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवाओं को दिए मूल मंत्र

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवाओं से संवाद करते हुए उन्हें सहकारिता क्षेत्र से जुड़े मूल मंत्र दिए। उन्होंने कहा कि सहकारिता में आने का एक सूत्र है- जब भी कोई नया काम करें तो आत्मविश्वास मजबूत रखें। युवा जिस भी क्षेत्र में काम करना चाहते हैं, पहले उसका अनुभव लें और यह भी देखें कि सहकारी समिति के माध्यम से इस क्षेत्र में क्या-क्या किया जा सकता है। सहकारी समिति के नेतृत्वकर्ता का दायित्व है कि पहले वह स्वयं पूरी जानकारी रखें और दूसरे साथियों को भी बताएं।



## संक्षिप्त समाचार

### राज्य सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सभी वर्गों की बेहतरी के लिए कार्य कर रही है। राज्य सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है। बगैर सर्वे, बगैर तैयारी, आरक्षण देने की बात करके फैलाए गए भ्रम के कारण यह मामला कोर्ट में लंबित रहा। आरक्षण के संबंध में तथ्यात्मक आंकड़ों के आधार पर विधानसभा में बिल प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार 14 प्रतिशत आरक्षण से शेष बचे लोगों को आरक्षण का लाभ दिलाने की दिशा में प्रभावी कार्यवाही कर रही है। इसी क्रम में सामान्य वर्ग के गरीब परिवारों के लिए भी 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई है। ऐसे विद्यार्थी जो न्यायालयीन प्रक्रिया के कारण ज्वाइनिंग नहीं दे पाए, उनको ज्वाइन कराने के भी प्रयास किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने अधिकारियों- कर्मचारियों की पदोन्नति के लंबित प्रकरणों का निराकरण किया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल पर जातिगत जनगणना की प्रक्रिया भी आरंभ हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समन्वय भवन में मीडिया से चर्चा में यह विचार व्यक्त किए।

### मध्यप्रदेश में खेलो इंडिया योजना के क्रियान्वयन का अध्ययन

## मंत्री सारंग से प्रधानमंत्री कार्यालय के निदेशक ऋग्वेद मिलिंद ठाकुर ने की भेंट



**भोपाल, निप्र।** सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग से प्रधानमंत्री कार्यालय, नई दिल्ली के निदेशक श्री ऋग्वेद मिलिंद ठाकुर ने शनिवार को भेंट की। यह भेंट श्री ठाकुर के दो दिवसीय भोपाल प्रवास के दौरान संपन्न हुई, जिसका उद्देश्य खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत राज्य में खेल अधोसंरचना, नवाचार, प्रशिक्षण और खिलाड़ियों के विकास संबंधी पहलुओं का प्रत्यक्ष अध्ययन करना था।

मंत्री श्री सारंग ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच से प्रेरित 'खेलो इंडिया' पहल को प्रदेश में सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए क्रियान्वित किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा 'खेलो बढ़ो अभियान' के माध्यम से भी नवोदित खिलाड़ियों को प्रशिक्षण, संसाधन और प्रतिस्पर्धा के मंच उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में खेल अधोसंरचना को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित किया गया है, जिससे राज्य के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। श्री ठाकुर ने भेंट के दौरान मध्यप्रदेश सरकार द्वारा खेलो इंडिया योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश ने न केवल योजनाओं को धरातल पर उतारा है, बल्कि खेल अधोसंरचना और प्रतिभा संवर्धन के क्षेत्र में कई अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की प्रेरणा से खेलों के प्रति युवाओं में जोश और उत्साह का जो वातावरण बना है, वह भविष्य में भारत को ओलंपिक जैसे वैश्विक आयोजनों में और अधिक पदक दिलाने में सहायक सिद्ध होगा। श्री ठाकुर ने अपने दौरे की समापन टिप्पणी में कहा कि मध्यप्रदेश में खेलो इंडिया योजना को अत्यंत समर्पण एवं व्यावसायिक दक्षता के साथ लागू किया गया है। राज्य की खेल अधोसंरचना, नवाचारों और अकादमिक पहल से यह स्पष्ट है कि प्रदेश खेलों के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहा है।

#### खिलाड़ियों से संवाद कर प्रशिक्षण सुविधाओं का लिया जायजा

अपने दो दिवसीय दौरे के पहले दिन 4 जुलाई 2025 को श्री ठाकुर ने भोपाल में खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा खेलो इंडिया योजना से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (रोइंग, शूटिंग और हॉकी), राज्य में संचालित 52 खेलो इंडिया सेंटर्स और खेलो इंडिया एथलीट स्कीम की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान अधिकारियों ने योजना को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु अपने अनुभव और सुझाव साझा किए। बैठक में वर्ष 2022 में भोपाल में सफलतापूर्वक आयोजित 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' के अनुभवों और उससे प्राप्त प्रशासनिक सीखों पर भी चर्चा की गई।

## A Forward Step with Mayor: पहली बार महापौर ने शुरू की स्कूली बच्चों से संवाद की पहल





विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने एक ऐतिहासिक और सराहनीय पहल की शुरुआत की है— "A Forward Step with Mayor"। यह ऐसा पहला अवसर है जब किसी नगर निगम महापौर ने स्कूली बच्चों से सीधे संवाद करने की पहल की है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य है बचपन से ही बच्चों को समाज, शहर, परिवार और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों के लिए जागरूक करना। कार्यक्रम के पहले चरण में महापौर ने एमराल्ड स्कूल में 9वी से 12वी तक के 1200 छात्रों से सीधा संवाद किया। बच्चों से आत्मीय बातचीत करते हुए उन्होंने इंदौर शहर की विशेषताओं, स्वच्छता मॉडल, नागरिक अधिकारों और कर्तव्यों, डिजिटल डिटॉक्स की आवश्यकता, और पारिवारिक जुड़ाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।

हर सप्ताह एक स्कूल, हर स्कूल से एक छात्र एक दिन का महापौर यह संवाद सत्र अब हर सप्ताह एक अलग स्कूल में आयोजित किया जाएगा, जिसमें सरकारी स्कूल भी शामिल होंगे।

इस अभिनव कार्यक्रम की खास बात यह है कि हर स्कूल से एक छात्र को चुना जाएगा, जिसे एक दिन महापौर के साथ रहकर उनकी कार्यशैली, निर्णय प्रक्रिया और नगर प्रशासन की बारीकियों को जानने का मौका मिलेगा। यह छात्र एक दिन का महापौर बनकर नेतृत्व, जिम्मेदारी और सेवा भावना का अनुभव करेगा।

बचपन से जिम्मेदार नागरिक निर्माण की दिशा में कदम महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा, जब बच्चे स्कूल स्तर से ही समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी भूमिका को समझने लगेंगे, तो वे न केवल अच्छे छात्र बनेंगे, बल्कि भविष्य के जिम्मेदार नागरिक भी बनेंगे। "A Forward Step with Mayor" नामक यह पहल न केवल संवाद का माध्यम है, बल्कि यह बच्चों में नेतृत्व, समझ और उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है।

## मप्र में कुपोषण की स्थिति को लेकर कमलनाथ ने सरकार को घेरा

**भोपाल, (हि.स.)।** मध्य प्रदेश में कुपोषण की स्थिति को लेकर कांग्रेस एक बार फिर हमलावर हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने कुपोषण को लेकर एक बार फिर मध्य प्रदेश सरकार को घेरा है। दोनों कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर कुपोषण पीड़ित बच्चों का आंकड़ा छिपाने और मध्य प्रदेश के बच्चों का आहार खाने का आरोप लगाया है।पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने एक समाचार पत्र में छपी खबर का हवाला देते हुए शनिवार को ट्वीट के माध्यम से सरकार को घेरा। कमलनाथ ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा मध्य प्रदेश में कुपोषण एक विकराल समस्या बनता जा रहा है। प्रदेश के 55 जिलों में से 45 जिलों के बच्चों में कम वजन के मामले रेड जोन में पाए गए हैं। प्रदेश में कुपोषण से लड़ने के लिए 4895 करोड रुपए का बजट दिया गया है लेकिन प्रदेश की 97000 आंगनबाड़ियों में 38त बच्चे कुपोषण की चपेट में पाए गए। भोपाल के 27%, इंदौर के 45%, उज्जैन के 46% और ग्वालियर चंबल में लगभग 35% बच्चे गंभीर कुपोषण वाली सूची में रजिस्टर्ड हैं। कमलनाथ ने आगे कहा कि कुपोषण के यह आंकड़े बताते हैं कि मध्य प्रदेश में बच्चों के पोषण पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है और इतने बड़े बजट को या तो खुर्द-बुर्द किया जा रहा है या फिर इसमें गंभीर भ्रष्टाचार की आशंका है। पूर्व सीएम ने कहा कि मैं सरकार से मांग करता हूं इस पूरे मामले की विस्तृत जांच कराई जाए और बच्चों के लिए पोषण आहार सुनिश्चित किया जाए। इतनी बड़ी संख्या में बच्चों का कुपोषण का शिकार होना प्रदेश के भविष्य के लिए बहुत बड़ा खतरा है। जब बच्चे ही स्वस्थ नहीं होंगे तो प्रदेश का क्या भविष्य होगा? मध्यप्रदेश के बच्चों का आहार खा गई भाजपा सरकार! महिला एवं बाल विकास विभाग के पोषण ट्रैकर एप ने सरकार की पोल खोल दी है।

### पश्चिम रेलवे ने अप्रैल से जून, 2025 के दौरान

## गहन टिकट जांच अभियानों से 58.79 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला



विनय उजाला

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा सभी वैध यात्रियों को सुगम, आरामदायक यात्रा और बेहतर सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए मुंबई उपनगरीय लोकल ट्रेनों, मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों, पैसेंजर ट्रेनों तथा हॉलिडे स्पेशल ट्रेनों में बिना टिकट/अनियमित यात्रियों पर अंकुश लगाने हेतु निरंतर गहन टिकट जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ वाणिज्य अधिकारियों की देखरेख में प्रेरित टिकट जांच दलों द्वारा अप्रैल से जून 2025 की अवधि में विविध टिकट जांच अभियानों के माध्यम से कुल रु. 58.79 करोड़ की राशि वसूल की गई, जो गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 13% अधिक है, साथ ही रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य से भी 11% अधिक है। इस वसूली में मुंबई उपनगरीय खंड से प्राप्त रु. 15.90 करोड़ की राशि भी शामिल है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, जून 2025 के दौरान बिना टिकट/अनियमित यात्रा तथा बिना बुक किए गए सामान से जुड़े 2.42 लाख मामलों का पता लगाकर रु. 15.24 करोड़ की वसूली की गई। साथ ही, मुंबई उपनगरीय खंड में जून 2025 के महीने में लगभग 90 हजार मामलों का पता लगाकर रु. 4.19 करोड़ का जुर्माना वसूला गया। एसी लोकल ट्रेनों में अनधिकृत प्रवेश को रोकने के लिए भी बार-बार औचक टिकट जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। इन अभियानों के तहत अप्रैल से जून 2025 की अवधि में लगभग 18,750 अनधिकृत यात्रियों पर जुर्माना लगाया गया तथा रु. 63 लाख की वसूली की गई, जो गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 44% अधिक है। पश्चिम रेलवे आम जनता से अपील करता है कि कृपया उचित और वैध टिकट के साथ ही यात्रा करें।

# कैबिनेट मंत्री विजयवर्गीय एवं नगर अध्यक्ष मिश्रा ने किया पत्रकार वार्ता को संबोधित

### 7 जुलाई को नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के प्रथम नगर आगमन पर सोलरिस होटल गार्डन पर आयोजित होगा कार्यकर्ता सम्मेलन

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र। 7 जुलाई को नवनिर्वाचित मान. प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल के प्रथम नगर आगमन पर होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन एवं अन्य कार्यक्रमों को लेकर होटल सोलारिस में मान. कैबिनेट मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय एवं नगर अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया।**





कैबिनेट मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कार्यक्रम के सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया कि हमारे माननीय नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल जी बहुत ही सहज सरल व्यक्तित्व की धनी है एवं एक सामान्य कार्यकर्ता की तरह ही पार्टी एवं संगठन के लिए कार्य करते हैं और यह सिर्फ भारतीय जनता पार्टी ही ऐसी पार्टी है, जिसमे संगठन के फैसलों को कार्यकर्ता सहर्ष स्वीकार करते हुए सर्वोपरि मानते है। यह भारतीय जनता पार्टी की विशेषता है कि किस प्रकार पोलिंग बूथ से लेकर प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव अनुशासन और डेमोक्रेसी के साथ किया जाता है। हमारे माननीय प्रदेश अध्यक्ष पहली बार इंदौर आ रहे हैं और उन्होंने कहा है कि सादगी पूर्ण कार्यक्रम होना चाहिए लेकिन कार्यकर्ताओं की अभिलाषा को ध्यान में रखते हुए एक छोटी सी रैली की अनुमति प्रशासन से ली गयी है। नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा जी के नेतृत्व में यह सातवां कार्यक्रम होगा और अभी तक के जितने भी कार्यक्रम हमने देखे हैं वह काफी भव्य और सफल रहे उनकी संगठनात्मक क्षमता एवं कार्यकर्ताओं से सीधा जुड़ाव हमें देखने को मिल रहा है और सुमित जी के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष जी का स्वागत कार्यक्रम भी अत्यंत भव्य एवं ऐतिहासिक होगा।

नगर अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक विधानसभा में आज हमारी सभी विधानसभाओं एवं मोर्चा प्रकोष्ठ की मैराथन बैठके चल रही है जिनमें बताया जा रहा है कि कार्यक्रम का स्वरूप किस तरह से होगा किस प्रकार से व्यवस्थाएं रहेंगी।7 जुलाई को सर्वप्रथम नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल जी खजराना गणेश मंदिर के दर्शन एवं पूजन कर भगवान गणेश का आशीर्वाद लेंगे। इसके बाद दाता बन्दीछोड़ गुरुद्वारे पर अरदास करेंगे गुरुद्वारे से राऊ विधानसभा के कार्यकर्ता माननीय प्रदेश अध्यक्ष जी को कार्यक्रम स्थल सोलरिस होटल गार्डन तक रैली के रूप में लेकर आएंगे।बाकी अन्य विधानसभाओं के जो 1723 बूथ है ,वहाँ के कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचेंगे। इस प्रकार इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष जी का भव्य और दिव्य स्वागत किया जाएगा।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष श्री जीतू जिराती,महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री रमेश मेंदोला, श्री मधु वर्मा, पूर्व आइडीए अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा, प्रदेश प्रवक्ता श्री आलोक दुबे, नगर सह मीडिया प्रभारी नितिन द्विवेदी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी के माध्यम से लगाए 1100 पौधे




**इन्दौर, ( विनय उजाला )।** धार रोड क्षेत्र के एयरपोर्ट मां बिजासन मंदिर के सामने वन मंडल की जमीन पर रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा 1100 पौधों का रोपण किया गया यह पौधारोपण मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय के आवाहन पर एक पौधा मां के नाम और विश्व पर्यावरण सौंदर्य करण एवं बढ़ते तापमान की रोकथाम लिए भी संकल्प है वहीं पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय के नेतृत्व में विधानसभा 1 वार्ड क्रमांक 15 में लगाए गए हैं विश्व पर्यावरण अभियान के तहत रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी के माध्यम से वार्ड की टीम से 180 पौधे का लक्ष्य रखा था इस अवसर पर रिलायंस टीम के मेंबर आशीष श्रीवास्तव.अनुराग तिवारी.सुनील सोनी. मयंक सोहेल मिर्जा.अशोक सर. सूरज यादव. मंडल अध्यक्ष गगन यादव. पार्षद सुभाष ममता. सुनेर सर.वार्ड अध्यक्ष प्रवीण चौधरी. वार्ड पालक शंकर यादव. अनूपसिंह भाटी शक्ति केंद्र प्रभारी. जगदीश यदुवंशी शिवराम सेन. राकेश कराडिया.प्राकृतिक मित्र सेवा समिति सुनील शुक्ला. धर्मेंद्र विश्वकर्मा. जगदीश यदुवंशी. सरदार सावनेर. शंकर गुर्जर. महेश गोस्वामी. अजयसिंह ठाकुर. आदित्य ठाकुर सहित पौधारोपण के दौरान वार्ड के समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प्रदेश के विद्यालयों में गुरू पूर्णिमा पर होगा दो दिवसीय उत्सव

**इन्दौर, ( विनय उजाला )।** प्रदेश के सभी विद्यालयों में 10 जुलाई गुरूवार को गुरू पूर्णिमा के मौके पर 2 दिवसीय उत्सव का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन 9 और 10 जुलाई को होगा। इस संबंध में आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी किये हैं। निर्देश में कहा गया है कि पहले दिन 9 जुलाई को विद्यालय में प्रार्थना सभा के बाद शिक्षकों द्वारा गुरू पूर्णिमा के महत्व और पारंपरिक गुरू-शिष्य संस्कृति के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी जायेगी। विद्यालय में प्राचीन काल में प्रचलित गुरूकुल व्यवस्था एवं उसका भारतीय संस्कृति में प्रभाव विषय पर बच्चों के बीच में निबंध लेखन प्रतियोगिता की जायेगी। विद्यालयों के प्राचार्यों से कहा गया है कि आयोजन के दौरान साधु-संतों, गुरूजनों, सेवानिवृत्त शिक्षकों, विद्यार्थियों और नागरिकों को आमंत्रित किया जाये। इन आयोजन में विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों को भी आमंत्रित किया जा सकता है। पूर्व विद्यार्थी अपने शाला जीवन के अनुभव को विद्यार्थियों के बीच साझा करेंगे। उत्सव के दूसरे दिन 10 जुलाई को गुरू पूर्णिमा के दिन प्रदेश की शिक्षण संस्थाओं में वीणा वादिनी माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण कर गुरू वंदना की जायेगी। विद्यालयों में पदस्थ शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा गुरू की महिमा पर केन्द्रित व्याख्यान होंगे।

# मप्र ग्रोथ कॉन्क्लेव 11 जुलाई को इंदौर में आयोजित होगा

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे मुख्य अतिथि, सुव्यवस्थित आयोजन की व्यापक तैयारियां प्रारंभ

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** राज्य में होटल इंडस्ट्री, पर्यटन, निवेश, रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों को नई गति देने के उद्देश्य से आगामी 11 जुलाई को ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर, इंदौर में मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। इस उच्चस्तरीय आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विशेष रूप से शामिल होंगे और देशभर से आए संबंधित क्षेत्र के निवेशकों, उद्योगपतियों, कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों से संवाद करेंगे।



संभागायुक्त दीपक सिंह और कलेक्टर आशीष सिंह ने संबंधित अधिकारियों के साथ आयोजन स्थल पहुंचकर तैयारियों का लिया जायजा।

कॉन्क्लेव की तैयारियों को लेकर आज संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, कलेक्टर श्री आशीष सिंह एवं अन्य अधिकारियों ने आयोजन स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया। उन्होंने नगर निगम, स्मार्ट सिटी, आईडीए, मेट्रो, पर्यटन व अन्य संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम की गरिमा के अनुरूप सभी तैयारियां समयसीमा में पूरी की जाएं और किसी भी स्तर पर कोताही न हो। वर्षा को देखते हुए तैयारी की जाए। उन्होंने अधिकारियों को आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं के लिए दायित्व भी सौंपें। कॉन्क्लेव में देशभर से 1500 से अधिक उद्योगपति, रियल एस्टेट, होटल इंडस्ट्री और टूरिज्म सेक्टर से जुड़े प्रतिनिधि, निवेशक आदि शामिल होंगे। आयोजन के दौरान एक भव्य प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। आयोजन में क्रेडाई, होटल इंडस्ट्री, टूरिज्म, नगर निगम, आईडीए, स्मार्ट सिटी, मैट्रो, हुड़को, एलआईसी, हाउसिंग बोर्ड आदि की व्यापक भागीदारी रहेगी। प्रदर्शनी में इनसे संबंधित योजनाएं व प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान मेट्रो परियोजना के एमडी श्री चैतन्य कृष्ण, नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, आईडीए के सीईओ श्री आर.पी. अहिरवार, एडीएम श्री रोशन राय सहित सभी प्रमुख अधिकारी मौजूद थे। यह कॉन्क्लेव प्रदेश में शहरी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। आयोजन से इंदौर और मध्यप्रदेश को निवेश का नया आयाम मिलेगा।

### मेघदूत गार्डन के सामने सड़क में हुए गड्ढे की घटना की नगर निगम आयुक्त ने कराई जांच

# आयुक्त वर्मा द्वारा संबंधित के विरूद्ध कडी कार्यवाही के निर्देश

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा मेघदूत गार्डन के सामने सड़क में अचानक हुए गडढे को लेकर अपर आयुक्त श्री रोहित सिसोनिया, अधीक्षण यंत्री श्री डीआर लोधी को मौका मुआयना कर जांच करने के निर्देश दिये गये थे। उक्त घटनाक्रम के पश्चात अपर आयुक्त श्री रोहित सिसोनिया एवं अधीक्षण यंत्री श्री डी.आर. लोधी द्वारा मौके पर पहुंचकर प्रकरण की जांच करने पर पाया कि भारती एयरटेल कंपनी की ठेकेदार फर्म स्टेलाईट प्रायवेट लिमिटेड के प्रोपाईटर जगदीश शर्मा द्वारा बिना निगम अनुमति लिए ऑप्टिकल फाइबर केबल डालने के दौरान उपचारित जल की पाईप लाईन को क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया। जांच दल द्वारा यह भी बताया गया कि उपचारित जल की पाईप लाईन उक्त लापरवाही पूर्ण तरीके से डाली जाने वाली एचडीडी पाईप के कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त होने से लाईन में लीकेज हुआ एवं मिटटी कटाव एवं धंसने के कारण देखते ही देखते गड्ढा बड़ा होता चला गया।



आयुक्त श्री वर्मा द्वारा संबंधित फर्म के विरूद्ध कडी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये, जिसके तहत ऑप्टिकल फाईबर केबल के तीन बंडल एवं अन्य सामग्री (जिसकी कीमत लगभग 60 हजार रूपये) मौके से जब्त की गई तथा संबंधित ठेकेदार कंपनी से राशि 3 लाख रूपये वसूल किए जाने हेतु संबंधित फर्म को नोटिस भी जारी किया गया। इसके साथ ही आयुक्त श्री वर्मा के निर्देश पर संबंधित कंपनी/ठेकेदार के विरूद्ध थाना विजय नगर में एफआईआर दर्ज करने संबंधित झोन स्तर से पत्र भी प्रेषित किया गया।

नगर निगम द्वारा स्पष्ट किया गया है कि उक्त घटनाक्रम में वर्तमान में किए गए कार्य एवं सडक की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल आधारहीन एवं भ्रामक है, उक्त रोड इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा लगभग 20-25 साल पहले बनाई गई थी, वर्तमान में इस सडक पर कोई रिपेयर/ड्रेनेज लाईन डालने का कार्य नही किया गया था, साथ ही गड्ढा होने का मुख्य कारण अनाधिकृत तरीके से कार्य करने के दौरान लाईन क्षतिग्रस्त होने से मिटटी कटाव एवं मिटटी का धंसना है।

### श्री विराग सागर जी के प्रथम समाधि दिवस पर डाक विभाग द्वारा जारी किया गया विशेष आवरण

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** श्रमणं संस्कृति के विशाल संघ नायक, 500 से अधिक शिष्य प्रशिष्य के संघ के नायक एवं दिशा-निर्देशक, 250 से अधिक साधु-संतों व त्यागी वृतियों की समाधि के सानिध्य प्रदाता एवं स्वयं भी उत्कृष्ट समाधि के धारक गणाचार्य श्री विराग सागर जी महाराज के प्रथम समाधि दिवस महोत्सव पर 4 जुलाई शुक्रवार को प्रात: 09.00 बजे फिलेटेलिक ब्यूरो इंदौर जीपीओ में भारतीय डाक विभाग द्वारा परम पूज्य गुरुदेव विराग सागर जी पर एक सुंदर विशेष आवरण जारी किया है।

उक्त जानकारी देते हुए वर्द्धमानपुर शोध संस्थान प्रमुख एवं वरिष्ठ फिलेटेलिस्ट ओम पाटोदी एवं धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि यह



विशेष आवरण मुख्य डाक घर में आचार्य श्री विभव सागर जी के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ फिलेटेलिस्ट जयंत डोसी के सक्रिय सहयोग से श्री शिवांसु कुमार अधीक्षक डाकघर इंदौर नगर संभाग के मुख्य आतिथ्य, श्री प्रवीण कुमार श्रीवास्तव सहायक निदेशक द्वितीय क्षेत्रीय कार्यालय इंदौर परिक्षेत्र इंदौर एवं श्री लक्ष्मीकांत जैन जी वरिष्ठ फिलेटलिस्ट इंदौर के विशेष आतिथ्य में जारी किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ समाजजन, पोस्टमास्टर, बाफना जी, वरिष्ठ फिलेटेलिस्ट श्री रविन्द्र जी पहलवान, अग्रवाल जी, मेहता जी, राजेश शाह आदि।

# प्रबंध निदेशक सिंह ने स्मार्ट मीटर संबंधित गतिविधियां देखीं





विनय उजाला

**इंदौर।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह ने शनिवार को पोलो ग्राउंड इंदौर में स्मार्ट मीटर परियोजना संबंधित नई एजेंसियों के मीटरों की गहन परीक्षण की नवीन सभागार में संचालित प्रक्रिया का निरीक्षण किया । उन्होंने NABL दर्जा प्राप्त मीटर परीक्षण प्रयोगशाला के कामकाज का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री रवि मिश्रा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रीमती सुषमा गंगराड़े, अधीक्षण अभियंता श्री सुधीर आचार्य, श्री सुनील पाटौदी, श्रीमती कीर्ति सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# महिलाओं को रात की पाली में कारखानों में काम करने की विशेष अनुमति

## सुरक्षा और शर्तों का संस्थानों को पालन करना होगा

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** पुख्ता सुरक्षा उपायों और विशेष नियम एवं शर्तों को लागू करने की अनिवार्यता के साथ मध्यप्रदेश सरकार ने महिलाओं को दुकानों, वाणिज्यिक संस्थानों और कारखानों में रात की पाली (नाइट शिफ्ट) में काम करने की अनुमति दी है। संस्थानों में महिला श्रमिकों को सुरक्षित और सम्मानजनक कार्य वातावरण दिया जाएगा। राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1958 एवं कारखाना अधिनियम, 1948 के अंतर्गत महिला श्रमिकों को कुछ शर्तों के साथ कार्य करने की अनुमतिदी है। इस संबंध में श्रम विभाग द्वारा निर्देश जारी किये गए है।

कारखानों में रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक महिला श्रमिकों को कार्य करने की अनुमति सुरक्षा उपायों के साथ प्रदान की गई है। रात की पाली में कार्य करने के लिये महिला श्रमिकों की लिखित सहमति अनिवार्य होगी और उन्हें पांच से अधिक समूह में नियोजित किया जाएगा। महिला कर्मचारियों के लिए घर से लाने और ले जाने की परिवहन सुविधा देना नियोक्ता की जिम्मेदारी होगी। कार्यस्थल पर प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, शौचालय, भोजन व विश्राम कक्ष उपलब्ध होंगे। कार्य स्थल के प्रवेश एवं निकास पर महिला सुरक्षाकर्मी (गार्डस) उपलब्ध होगी। ठहरने की व्यवस्था महिला वार्डन अथवा सुपरवाइजर के नियंत्रण में होगी। रात्रि पाली में सुपरवाइजरी स्टाफ का एक-तिहाई हिस्सा महिलाएं होंगी। पाली परिवर्तन के दौरान कम से कम 12 घंटे का अंतराल जरूरी होगा।

### दुकानों एवं वाणिज्यिक स्थापनाओं के लिए जरूरी निर्देश

दुकानों एवं वाणिज्यिक स्थापनाओं में रात्रि पाली में 9 बजे से सुबह 7 बजे तक कार्य करने के लिये नियोजकों को महिला श्रमिकों की लिखित सहमति लेना अनिवार्य होगा। कम से कम 5 महिला श्रमिक के समूह में ही उन्हें कार्य पर लगाया जाएगा। कार्यस्थल पर सुरक्षित वातावरण, शौचालय, वॉशरूम, पेयजल और विश्राम कक्ष जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। इन सुविधाओं तक आवागमन का मार्ग अच्छी तरह से प्रकाशित तथा सीसीटीवी की निगरानी में होगा। जहां 10 या अधिक महिलाएं कार्यरत हों, वहां महिला सुरक्षाकर्मियों (गार्डस) की व्यवस्था करनी होगी एवं विश्राम कक्ष भी उपलब्ध कराया जायेगा।

# सिहासा क्षेत्र की उचित मूल्य राशन दुकान में चोरी

जितेन्द्र यादव

**इन्दौर।** धार रोड के ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी की वारदात दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है जिन्हें पकड़ने के सारे प्रयास असफल हैं ग्रामीण जन एवं पुलिस भी इसी फिराक में है की चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले शातिर चोरों को कैसे पकड़ा जाए वही चोरों की पहचान करने के लिए जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे तलाशे जा रहे हैं पिछले दिनों की बात करें तो भैंस बकरा बकरी मोटरसाइकिल किराना दुकान एवं धार्मिक स्थल भगवान के मंदिर को भी नहीं छोड़ा बड़ी ही शर्मिंदगी की बात है और अब बीती रात चोरों ने उचित मूल्य राशन दुकान पर हाथ साफ किए हैं जिसमें 14 कट्टे चावल 12 कट्टे गेहूं के शामिल है काउंटर और तोल काट उठा फेंका साथ ही रविवार को लगने वाले हाट बाजार में चोर अपने हाथों की सफाई दिखाते रहते है बीते दिनों में भी कई बार बाजार करने आए लोगों के मोबाइल चोरों द्वारा चटकाए जा चुके है।



### चंदन नगर थाने पर की शिकायत

राशन दुकान संचालक नितीश भट्ट ने बताया पहले राशन दुकान बाहर थी और बारिश के समय पानी भरने के कारण गेहूं और चावल खराब हो चुके थे उसके बाद हाई स्कूल प्रिंसिपल श्रीमती भारती पवार की मदद से स्कूल परिसर में राशन दुकान को दो महा के लिए शिफ्ट किया गया लेकिन चोरों को राशन दुकान शिफ्ट करना रास नहीं आया बीती रात राशन दुकान का ताला तोड़कर गेहूं चावल ले उड़े।

### जनपद और सरपंच ने दी चेतावनी

पंचायत क्षेत्र में चोरी की वारदातों को गंभीरता से लेते हुए जनपद सदस्य मुकेश यादव एवं सरपंच नारायणसिंह चौहान और राशन दुकान संचालक नितिश भट्ट ने पंचायत के माध्यम से चोरी की वारदात की शिकायत पुलिस थाना चंदन नगर को सौंपी है और मांग की है शाम 6:00 बजे पश्चात हाई स्कूल एवं पंचायत परिसर मैं शराबी या असामाजिक तत्व के पाए जाने पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि क्षेत्र में होने वाली वारदातों पर अंकुश लगाया जाए।

# पुलिस कमिश्नर इंदौर पुलिस द्वारा वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण का संदेश

मनोहर राजपूत

**इंदौर ( विनय उजाला )।** पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह अति पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) नगरीय इंदौर अमित सिंह, अति पुलिस आयुक्त (अपराध/मुख्यालय) नगरीय इंदौर मनोज कुमार श्रीवास्तव, पुलिस उपायुक्त जोन-3 श्री हंसराज सिंह, पुलिस उपायुक्त (अपराध) राजेष त्रिपाठी, पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) प्रकाश परिहार, पुलिस अधीक्षक पीटीसी इंदौर राजेन्द्र कुमार वर्मा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) सीमा अलावा सहित अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण एवं प्रशिक्षु नवआरक्षक द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने एक पेड़ लगाते हुए कहा कि, पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखना व पर्यावरण संरक्षण हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है, इसके लिये हम सभी को अपनी ओर से पर्यावरण संरक्षण के लिए हरसंभव प्रयास करना चाहिए।



### नगर निगम आयुक्त वर्मा ने भवन अनुज्ञा शाखा की समीक्षा बैठक ली

# भवन अनुज्ञा एवं रिमूवल कार्यवाही के पूर्व नियम एवं प्रक्रिया का करें पालन : आयुक्त वर्मा

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा आज इंदौर स्मार्ट सिटी कार्यालय में नगर निगम के समस्त भवन अधिकारियों एवं भवन निरीक्षकों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अपर आयुक्त श्री रोहित सिसोनिया, उपायुक्त भवन अनुज्ञा श्री शैलेश अवस्थी,निगम अभिभाषक श्री ऋषि तिवारी, समस्त भवन अधिकारी, भवन निरीक्षक एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत लंबित भवन अनुज्ञा प्रकरणों की जोनवार समीक्षा करना एवं आगामी त्योहारों एवं आयोजनों के परिप्रेक्ष्य में शहर में स्थित खतरनाक एवं जर्जर भवनों के विरुद्ध की जाने वाली रिमूवल कार्रवाई की रूपरेखा तैयार करना था। आयुक्त श्री शिवम वर्मा ने नवनियुक्त भवन अधिकारियों एवं निरीक्षकों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने जोन में लंबित भवन अनुज्ञा से संबंधित सभी प्रकरणों की प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नागरिकों को समयबद्ध एवं पारदर्शी सेवाएं प्रदान करना निगम की प्राथमिकता है, जिसके लिए अधिकारी गणों को तत्परता से कार्य करना होगा। इसके अतिरिक्त, आगामी धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों को दृष्टिगत रखते हुए आयुक्त द्वारा शहर में स्थित जर्जर एवं खतरनाक भवनों के विरुद्ध रिमूवल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान निगम अभिभाषक श्री ऋषि तिवारी की उपस्थिति में समस्त भवन अधिकारियों एवं निरीक्षकों को भवन अनुज्ञा प्रक्रिया, नोटिस जारी करने की विधिक प्रक्रिया तथा जर्जर भवनों के विरुद्ध कार्रवाई की प्रक्रिया पर आधारित एक ओरिएंटेशन प्रेजेंटेशन भी दिया गया। इसका उद्देश्य अधिकारियों को नियम एवं विधियों की पूरी जानकारी देकर कार्रवाई को विधिसम्मत एवं प्रभावी बनाना था।



### बिना अनुमति के कार्य पर एयरटेल कंपनी पर 4 लाख का जुर्माना, कंपनी पर एफआईआर के भी निर्देश

**इन्दौर, ( विनय उजाला )।** विजय नगर क्षेत्र (स्कीम 54) में सड़क धंसने की घटना सामने आई। जांच में सामने आया कि एयरटेल कंपनी ने बिना नगर निगम की अनुमति के केबल लाइन डाली थी, जिससे सड़क पर गड्ढा बन गया। महापौर पुष्यमित्र भार्गव के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त ने एयरटेल पर रु. 4 लाख का जुर्माना लगाया, साथ ही एफआईआर करने के निर्देश भी दिए महापौर ने स्पष्ट किया कि भविष्य में कोई भी कंपनी बिना नगर निगम की अनुमति कार्य नहीं करेगी।

### ट्राले की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत



**इन्दौर, (विनय उजाला)।** मामला धार रोड स्थित ग्राम कलारिया के हाईलीग टाउन के सामने का है शाम 8:30 बजे शैलेश पिता शेखर चौधरी निवासी ग्राम कलारिया नावदापंथ की और से अपने घर कलारिया जा रहा था तभी हाइलीक टाउन कालोनी के सामने एमपी 09.एच.जी 5130 ट्रॉले और बाइक की जबरदस्त टक्कर हुई टक्कर में शैलेश चौधरी के सिर मे चोटे आई और खून बहने लगा जिसके कारण शैलेश की मौके पर ही मौत हो गई शैलेश दो बहनों के बीच एक लोता भाई था पिता खेती किसानी का कार्य करते है शैलेश की मृत्यु के पश्चात परिवार में शोक की लहर छा गई है हादसे में मृतक की डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचा।

**कार्यालय अधीक्षक जिला जेल अलीराजपुर (म.प्र.)**

दूरभाष क्रमांक 07394-233512, ई-मेल : jsdjalp@mp.gov.in

क्रमांक 916/निर्वाह/2025 अलीराजपुर, दिनांक : 01/07/2025

:: ई-टेण्डरिंग द्वितीय शार्ट निविदा आमंत्रण प्रकाशन हेतु 2025-26 ::

(वार्षिक निविदा वर्ष 2024-25)

जिला जेल अलीराजपुर हेतु मध्यप्रदेश जेल पूर्ति नियम 1968 तथा मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम 2022 की कंडिका क्रमांक 10 के (10.1.1) एवं (10.1.2) के अंतर्गत किराये पर वाहन लेने हेतु ई-निविदा प्रक्रिया के अंतर्गत जेल अधीक्षक, जिला जेल अलीराजपुर को पदीय कर्तव्य निर्वहन के लिए किराए से वाहन लिए जाने के लिये निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा की जानकारी वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकेगी।

जी-15167/25

(एस.बी. शरण)
जेल अधीक्षक
जिला जेल अलीराजपुर (म.प्र.)

"स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

# सम्पादकीय

## पाकिस्तान की चाल फिर विफल

शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में भारत ने पाकिस्तान को एक बार फिर बेनकाब करते हुए भारत पर ही आरोप मढने की उसकी चाल को विफल कर डाला।आतंकवाद के खिलाफ अपने कड़े रुख पर कायम रहते हुए भारत ने पहलगाम आतंकी हमले को नजरअंदाज करने और सीमा पार से होने वाले पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के प्रति भारत कीचिंताओं को अनदेखा करने पर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया।एससीओ रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथसिंह ने पहलगाम आतंकी हमले को वक्तव्य में शामिल करने की मांग की, जबकि पाकिस्तानी पक्ष ने बलूचिस्तान में चरमपंथी गतिविधियों पर टिप्पणी डलवाने पर जोर दिया, जो साफ-साफ भारत पर आरोप मढने का प्रयास था।पाकिस्तान की इस हरकत के कारण सम्मेलन संयुक्त वक्तव्य के बिना ही समाप्त हो गया। वक्तव्य के मसौदे में पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र ही नहीं था और न ही सीमा पार से होने वाले आतंकवाद पर भारत के रुख को दर्शाया गया था। ये सारी चालें सम्मेलन के अत्यंत महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर भारत के रुख को कमजोर करने के लिए चली जा रही थी, मामले को भांपते ही रक्षामंत्री ने पाक के धुर्रे उड़ा दिए।राजनाथ ने आतंकवाद का प्रायोजक ठहराते हुए जवाबदेह ठहराने की अपील की। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर' को रेखांकित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि आतंकवाद पर दोहरे मापदंड रखने वालों के खिलाफ एससीओ को भी भारत जैसी कड़ी नीति अपनानी चाहिए। अब आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई का वक्त आ गया है।आतंकवाद को प्रायोजित, पोषित और अपने संकीर्ण और निहित उद्देश्यों के लिए इसका इस्तेमाल करने वालों को परिणाम भुगतने ही होंगे। ऑपरेशन सिंदूर इसकी शुरुआत थी जिसके तहत भारत ने आतंकवाद से बचाव तथा सीमा पार से होने वाले हमलों को रोकने के अपने अधिकार का प्रयोग किया।आपरेशन से आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति उसकी कार्रवाइयों के माध्यम से प्रदर्शित हुई है। भारत के इन प्रयासों को एससीओ के सदस्य देशों से निसंकोच भरपूर सहयोग और समर्थन मिलना ही चाहिए। दुनिया के इस भूभाग में इसी से शांति और विकास का मार्ग प्रशस्त होगा तथा संगठन का उद्देश्य सार्थक हो सकेगा।

### दैनिक विनय उजाला सुविचार

जो लोग अपनी गलती नहीं मानते,
वह आपको अपना कैसे मानेंगे।
– राजेश उदावत, इंदौर

संतुष्टि इसे कहते है,
वरना लोग महलों में भी रो रहे है।
– सुषमा वैश्य, इंदौर

कभी संघर्ष को ऐसे पढ़कर देखिये,
'संग+हर्ष' बस फिर दुनिया बदल जाएगी।
– ब्लेंडिना सिंह, इंदौर

अच्छे विचार रखिए,
आपका कभी बुरा नहीं होगा।
– डॉ. विनय दीवान, भोपाल

होठों पर मुस्कान हर मुश्किल काम को
आसान बना देती है – तो सदा मुस्कुराते रहो।
– लता मालवीय, इंदौर

गलती उसी से होती है, जो काम करता है,
निकम्मों की जिंदगी तो दूसरों की
बुराई खोजने में ही खत्म हो जाती है।
– दीपक शास्त्री, बेंगलुरू

## एशियन पेंट्स के एप्कोलाइट ऑल प्रोटेक ने 'लोटस इफेक्ट टेक्नोलॉजी' के साथ इंटीरियर पेंट्स में गोल्ड स्टैंडर्ड को फिर से परिभाषित किया

विनय उजाला

**नई दिल्ली।** भारतीय घरों की चहल-पहल और जीवंतता उनकी पहचान है, जिससे ऐसी आंतरिक सज्जा की मांग बढ़ती जा रही है जो न केवल सुंदर हो, बल्कि समय के साथ दाग-धब्बों का भी सामना कर सके। एशियन पेंट्स से बेहतर इस जरूरत को कोई नहीं समझ सकता। भारतीय घरों को बदलने के दशकों के अनुभव के साथ, पेंट्स और डेकोर में देश का अग्रणी नाम अब अपने नवीनतम इनोवेशन — लोटस इफेक्ट टेक्नोलॉजी से युक्त एप्कोलाइट ऑल प्रोटेक को पेश कर रहा है। यह अत्याधुनिक प्रीमियम इंटीरियर पेंट बेहतरीन दाग प्रतिरोधक क्षमता, अग्नि प्रतिरोधी विशेषता और सुंदर फिनिश के साथ आधुनिक जीवनशैली के अनुरूप बनाया गया है। एशियन पेंट्स ने पिछले आठ दशकों में न केवल रंगों में, बल्कि तकनीक, सौंदर्य और प्रदर्शन के क्षेत्र में लगातार नए बेंचमार्क स्थापित किए हैं।

अल्टिमा प्रोटेक में ग्रैफीन-आधारित लेमिनेशन प्रोटेक्शन की शुरुआत से लेकर रोयल में टेफ्लॉन-आधारित दाग प्रतिरोध तकनीक तक, ब्रांड ने श्रेणी में पहली बार कई नवाचारों की एक श्रृंखला पेश की है, जिसने पेंट की क्षमताओं की परिभाषा ही बदल दी है।

लॉन्च के बारे में एशियन पेंट्स लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री अमित सिंगले ने कहा, एशियन पेंट्स में, हम यह समझने में बहुत समय लगाते हैं कि घर कैसे बदल रहे हैं, और हमारे नवाचार आज के उपभोक्ताओं की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप होते हैं। आजकल घर चहल-पहल से भरे होते हैं। त्योहार, बच्चे, पालतू जानवर और हर रोज़ की घटनाएं दीवारों पर निशान छोड़ती हैं।

इसके पहले 2013 में वायु सेना पाक वायु सेना प्रमुख ताहिर बट्ट अमेरिका गये थे। जाहिर है अमेरिका, पाकिस्तान को एक के बाद दूसरा सरप्राइज देकर उसका भाव इसलिए बढ़ा रहा है कि पाकिस्तान, रूस के खेमे में न जाए। क्योंकि रूस के खेमे में जाने का मतलब चीन के खेमे का भी होना है।

### पाक और तालिबान को गले लगाकर

# भारत पर कौन सा दांव खेल रहा है रूस?

लोकमित्र गौतम



दैनिक विनय उजाला



भारत ऑपरेशन सिंदूर के समय भारत के साथ रूस का अस्पष्ट रवैय्या और पिछले चार सालों में पाकिस्तान के साथ साझा सैन्य अभ्यास से लेकर गैस पाइप लाइन बिछाने तक की योजना बनाना तथा पाकिस्तानी प्रधानमंत्री को क्रैमिलिन में आमंत्रित करना, शायद रूस को भारत पर यह कूटनीतिक दबाव कुछ कम लग रहा था। इसलिए अब उसने तालिबान सरकार को मान्यता देकर रूस, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के एक और खतरनाक गठजोड़ की रूपरेखा प्रस्तुत की है। गौरतलब है कि तालिबान का जहां एक धड़ा काफी पहले से हमारे साथ दोस्ताना संबंधों के लिए हाथ पैर मार रहा था, वहीं इसका हक्कानी धड़ा भारत का विरोध और रूस, पाकिस्तान व अफगानिस्तान के गठजोड़ की वकालत करता रहा है। हालांकि रूस खुले तौरपर तो ऐसा नहीं करेगा कि भारत के खिलाफ पाकिस्तान और अफगानिस्तान के साथ गठजोड़ बनाता दिखे, मगर न दिखने से क्या होगा? अगर वह इन दोनो देशों के साथ मजबूत संबंधों की तिकड़ी बनाता है तो यह अपने आपमें भारत के खिलाफ एक बड़ा रणनीतिक मोर्चा होगा। यही नहीं जिस तरह से रूस दुनिया का पहला देश बनते हुए अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को मान्यता दी है, उससे साफ है कि वह हर हाल में अफगानिस्तान को अपना मजबूत सहयोगी बनाना चाहता है। जिस तरह से अफगानिस्तान में एक बड़े तबके की हमदर्दी पाकिस्तान के साथ है, उसके कारण रूस और अफगानिस्तान का यह गठजोड़ स्वाभाविक रुप से पाकिस्तान के साथ भी मजबूत रिश्ते बनायेगा। इससे साफ है कि रूस का तालिबान को मान्यता देना भारत पर एक बड़ा कूटनीतिक दबाव है। भारत हालांकि पिछले एक साल से तालिबान के साथ सकारात्मक संपर्क में है और पहलगाम की घटना के बाद अफगानिस्तान ने जिस तरह से इसका विरोध किया था, उससे साफ लग रहा था कि वह हमारे प्रति हमदर्दी रखता है। लेकिन यह भी साफ है कि भारत ने आजतक तालिबान को मान्यता नहीं दी है और हाल फिलहाल में तालिबान सरकार को मान्यता देने का हमारा कोई इरादा भी नहीं है। लेकिन अब रूस ने जिस तरह से तालिबान सरकार को मान्यता दे दी है और अफगानिस्तान से होकर पाकिस्तान तक तेल और गैस आपूर्ति की पाइप लाइन बिछाने पर गंभीर चर्चा के मोड़ पर आ गया है, उससे साफ है कि हमें भी रूस, पाक और अफगान तिकड़ी को भारत के खिलाफ मजबूत कड़ी बनने से रोकने के लिए तालिबान के साथ दोस्ती को और मजबूत करना होगा, नहीं तो तालिबान अभी हमारे साथ अपने रिश्तों के भविष्य की उम्मीद में जिस तरह से पाकिस्तान के साथ तटस्थ रवैय्या इख्तियार किया हुआ है, वह उससे पलटकर दोस्ताना मोड में आ जायेगा और भारत के साथ विरोधी गठजोड़ की मुद्रा अख्तियार कर लेगा।

गौरतलब है कि तालिबान सरकार को मान्यता देना भारत की फिलहाल अफगान नीति के विपरीत है। लेकिन रूस द्वारा तालिबान को मान्यता देने से हम पर यह दबाव बढ़ गया है कि हम भी अगर अफगानिस्तान को मान्यता न भी दें, तो भी उसके साथ गहरे और अर्थपूर्ण संबंध बनाएं, नहीं तो वह अपने यहां से आईएसआई और पाक समर्थित आंतकवादी गुटों को हमारे खिलाफ हर तरह का खेल खेलने के लिए छूट दे देगा। वास्तव में रूस द्वारा तालिबान को मान्यता देना भारत की सुरक्षा चिंताओं को हिंदुस्तान के सबसे पुराने दोस्त द्वारा दरकिनार किया जाना है। इससे भारत एक तरह से इस पूरे क्षेत्र में कूटनीतिक अकेलेपन का शिकार हो गया। इस जख्म पर नमक छिड़कने का आनन फानन में काम पाकिस्तान द्वारा तालिबान सरकार को मान्यता देना होगा। हालांकि वह इस समय एक ऐसी दुविधा में फंस गया है कि रूस के पलड़े में बैठे यह अमेरिका के, क्योंकि व्हाइट हाउस द्वारा पाकिस्तानी सेना अध्यक्ष जनरल आसिम मुनीर की मेजबानी करने के बाद अब पेंटागन पाकिस्तान के वायु सेना प्रमुख जहीर अहमद बाबर सिद्धू की आगवानी की है।

पिछले दस सालों में यह किसी पाकिस्तानी वायु सेना प्रमुख का पेंटागन दौरा था। इसके पहले 2013 में वायु सेना पाक वायु सेना प्रमुख ताहिर बट्ट अमेरिका गये थे। जाहिर है अमेरिका, पाकिस्तान को एक के बाद दूसरा सरप्राइज देकर उसका भाव इसलिए बढ़ा रहा है कि पाकिस्तान, रूस के खेमे में न जाए। क्योंकि रूस के खेमे में जाने का मतलब चीन के खेमे का भी होना है। लेकिन असली बात यह है कि भारत इन दोनो बड़े देशों की कूटनीतिक दबाव के लिए बनाये जा रहे गठबंधनों के बीच पिस रहा है। भारत रूस के साथ तब पूरी दृढ़ता के साथ खड़ा रहा है, जब उसके यूक्रेन हमले के बाद लगभग पूरी दुनिया का रूख उसके खिलाफ हो गया था और रूस पर पश्चिमी आर्थिक प्रतिबंध पहले के कई गुना ज्यादा कड़े कर दिये गये थे। हमने तब रूस से जितना पारंपरिक रूप से तेल खरीद रहे थे, उससे तीन गुना ज्यादा खरीदा और रूस की दम तोड़ती अर्थव्यवस्था को स्थायीत्व दिया। रूस ने भारत की इस हिम्मत के लिए कई बार सार्वजनिक रूप से हमारे साथ अपनी दोस्ती की मजबूती का इजहार भी किया है। लेकिन जबसे भारत क्वाड में अपनी मजबूत भूमिका रेखांकित करने की कोशिश किया है ताकि इस कूटनीतिक रणक्षेत्र में चीन को चुनौती दी जा सके, तबसे अप्रत्यक्ष रूप से रूस का रवैय्या हमको सबक सिखाने वाला हो गया है, क्योंकि इस दौरान चीन ने रूस के साथ अपनी गलबहियां बहुत मजबूत कर ली हैं। दरअसल सच्चाई यह है कि रूस अगर यूक्रेन के साथ लगातार हथियार और गोलाबारूद के मामले में 20 साबित हो रहा है, तो इसमें चीन और उत्तर कोरिया की प्रमुख भूमिका है। बहरहाल अपने अपने हितों को लेकर जिस तरह से चीन, रूस और पाकिस्तान ने आपसी गठजोड़ की जो बिसात बिछायी है, अब अफगानिस्तान भी अगर उस बिसात का मजबूत हिस्सा बन गया, तो भारत इस समूचे क्षेत्र में बिल्कुल अलग थलग पड़ जायेगा। हाल के सालों में हमने अपनी विदेश नीति में दृढ़तापूर्वक अपने हितों को साधने वाले निर्णय भले लिए हों, लेकिन जिस तरह से पहले एक के बाद एक पड़ोसी और अब दशकों का आजमाया हुआ घनिष्ठ दोस्त रूस हमारे खिलाफ रणनीतिक गठजोड़ का भागीदार बन गया है, उससे तो यही लग रहा है कि हमें अपने हितों की इस साहसिक विदेश नीति का फायदा मिलने की जगह कई गुना ज्यादा नुकसान हो गया है। हालांकि रूस ने जिस तरह से अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को मान्यता दी है, उससे दुनिया में दबाव तो जरूर बढ़ेगा और रूस के कुछ बेहद नजदीकी देश जैसे चीन, उत्तर कोरिया और सेंट्रल एशिया के कुछ देश भी तालिबान सरकार को मान्यता देने की कोशिश करेंगे, साथ ही पाकिस्तान लपककर भारत पर दबाव बनाते इस गठजोड़ का हिस्सा बनने के लिए तालिबान को गले लगा सकता है।

लेकिन शेष दुनिया के लिए अभी तालिबान को मान्यता देना इतना आसान नहीं होगा। इससे भी बड़ी बात यह है कि रूस ने रणनीतिक दांव के चलते भले तालिबान को गले लगा लिया हो, लेकिन उसकी नैतिक साख मिट्टी में मिल गई है। पुतिन को अभी भी कई सरकारें और वहां के लोग पुराना कामरेड मानने की ही गलती करते रहे हैं। लेकिन जिस तरह से पुतिन ने स्त्री विरोधी और धार्मिक रूप से उन्मादी तालिबान सरकार को मान्यता दी है, उससे सबकी आंखें खुल गई हैं कि पुतिन अपने फायदे के लिए किसी भी गधे-घोड़े को अपना बाप बनाने से परहेज नहीं करते। पुतिन की अब यह हरकत तालिबान के लालच को कई गुना ज्यादा बढ़ा देगी और जो तालिबान सरकार अभी तक भारत से अप्रत्यक्ष रूप से रिश्ता बढ़ाने के लिए हमारे इर्दगिर्द मंडरा रहा था, वही तालिबान सरकार अब ऐसा करने के लिए हम पर पाकिस्तान के नजदीक जाने का दबाव बना सकता है। क्योंकि रूस द्वारा मान्यता दिए जाने से उसका मनोबल कई गुना बढ़ गया है और रूस का यह दांव भारत पर भारी पड़ रहा है।

**( लेखक विशिष्ट मीडिया एवं शोध संस्थान, इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर में वरिष्ठ संपादक हैं )**

# स्कूली बस्ता : सिर्फ किताबों का नहीं, सपनों और संभावनाओं का पिटारा

### हर बच्चा स्कूल जाए यह हम सबकी जिम्मेदारी, शिक्षा से सशक्तिकरण तक का मिलकर बढ़ाना होंगे कदम



प्रवीण कक्कड़

नया स्कूल सत्र शुरू हो चुका है, और एक बार फिर स्कूल के गलियारों में बच्चों की हंसी गूँज रही है। यह केवल एक नया अकादमिक वर्ष नहीं, बल्कि लाखों उम्मीदों और सपनों का आगाज़ है। शिक्षा वह सबसे शक्तिशाली हथियार है, जिससे हम दुनिया को बदल सकते हैं। यह हर बच्चे का अधिकार है, और हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम इस अधिकार को हकीकत में बदलें।

शिक्षा एक बच्चे के भविष्य की नींव होती है। यह उसे ज्ञान, कौशल और सोचने-समझने की शक्ति देती है। यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस (UDISE+) 2023-24 के आंकड़ों के अनुसार, भारत के स्कूलों में कुल 24.8 करोड़ छात्र नामांकित हैं। यह जानकर खुशी होती है कि शिक्षा तक पहुंच में काफी वृद्धि हुई है।6-14 आयु वर्ग के बच्चों के लिए समग्र स्कूल नामांकन दर लगभग 20 वर्षों से 95त्न से अधिक बनी हुई है, और 2024 में यह 98.1त्न थी।

हालांकि, अभी भी एक लंबी दूरी तय करनी है। UDISE+ 2023-24 के आंकड़ों के अनुसार, 6-17 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 4.74 करोड़ बच्चे स्कूल से बाहर हैं। यह संख्या बताती है कि बड़ी संख्या में बच्चे या तो कभी स्कूल में नामांकित नहीं हुए, या बीच में ही पढ़ाई छोड़ दी। प्राथमिक स्तर पर स्कूल छोड़ने की दर 1.9% है, जबकि उच्च प्राथमिक में यह 5.2% और माध्यमिक स्तर पर 14.1% तक पहुँच जाती है। यह आँकड़ा हम सभी के लिए चिंता का विषय होना चाहिए।

शिक्षा का अधिकार अधिनियम एक महत्वपूर्ण कदम है जो यह सुनिश्चित करता है कि 6 से 14 साल के हर बच्चे को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा मिले। इसका मतलब है कि किसी भी बच्चे को शिक्षा से वंचित रखना कानूनी रूप से गलत है। सरकारी स्कूलों में तो शिक्षा, किताबें, ड्रेस और मध्याह्न भोजन मुफ्त मिलता ही है, साथ ही निजी स्कूलों में भी 25% सीटें आरटीई (RTE) के तहत आरक्षित हैं। यह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है कि हर बच्चा, चाहे वह किसी भी पृष्ठभूमि से हो, स्कूल की दहलीज तक पहुंचे और अपनी पढ़ाई पूरी करे। हमें अपने समाज के उन बच्चों पर विशेष ध्यान देना चाहिए जो किसी कारणवश स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। अक्सर हम अपने आस-पास काम करने वाले लोगों, जैसे चौकीदार, माली, कामवाली बाई या रसोइया के बच्चों की शिक्षा के बारे में नहीं सोचते। यह हमारा नैतिक और सामाजिक दायित्व है कि हम उनके बच्चों को स्कूल पहुंचाने में मदद करें। आप उनसे बात करें, उन्हें आरटीई के तहत निजी स्कूलों में मिलने वाले मुफ्त प्रवेश के बारे में जानकारी दें, और यदि संभव न हो तो सरकारी स्कूलों में प्रवेश दिलाने में सहायता करें। यदि उन्हें किताबें, कॉपियाँ, स्कूल ड्रेस या स्टेशनरी खरीदने में आर्थिक मदद की जरूरत है, तो इसमें भी उनका सहयोग करें। आपका यह छोटा सा प्रयास देश के भविष्य के लिए एक मजबूत नींव रखेगा। हर बच्चे को स्कूल तक पहुंचाना सिर्फ सरकार का नहीं, बल्कि पूरे समाज का साझा लक्ष्य होना चाहिए। जब हर बच्चा स्कूल जाएगा, तभी एक शिक्षित और सशक्त समाज का निर्माण होगा। बच्चों को स्कूल भेजना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है कि उन्हें वहां बेहतर माहौल और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। आज भी कई स्कूलों में बेहतर व्यवस्थाओं की कमी है। यह चिंताजनक है कि प्रदेश के 21,077 स्कूल महज एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं, और शिक्षकों के 87,630 पद खाली हैं। शिक्षकों की कमी और बुनियादी सुविधाओं का अभाव बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता पर सीधा असर डालता है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे स्कूल सिर्फ इमारतें न हों, बल्कि ज्ञान और नवाचार के केंद्र बनें। शिक्षकों की पर्याप्त संख्या हो, उन्हें उचित प्रशिक्षण मिले और उन्हें ऐसे संसाधन उपलब्ध कराए जाएं जिससे वे बच्चों को बेहतर तरीके से पढ़ा सकें। स्कूलों में शौचालय, पीने का पानी और सुरक्षित वातावरण जैसी बुनियादी सुविधाओं का होना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब स्कूलों की स्थिति बेहतर होगी, तभी बच्चे न केवल स्कूल आने के लिए प्रेरित होंगे, बल्कि वहां रहकर कुछ नया सीख भी पाएंगे।



दैनिक विनय उजाला

### शिक्षा : सबकी साझा जिम्मेदारी

**समाज क्या करे :** अपने आस-पड़ोस में स्कूल न जाने वाले बच्चों की पहचान करें और उन्हें दाखिला लेने में मदद करें।

**अभिभावक क्या करें :** बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें और उनकी पढ़ाई में रुचि जगाएं। बच्चों को समझाएं कि शिक्षा के माध्यम से ही सशक्तिकरण की राह तक पहुंचा जा सकता है।

**बच्चे क्या करें :** मन लगाकर पढ़ाई करें, स्कूल के नियमों का पालन करें और शिक्षकों का सम्मान करें।

**शिक्षक क्या करें :** बच्चों को प्यार और लगन से पढ़ाएं, उनकी समस्याओं को समझें और उन्हें प्रेरित करें।

**प्रशासन क्या करे :** स्कूलों में पर्याप्त सुविधाएं और शिक्षक उपलब्ध कराएं, शिक्षा की गुणवत्ता पर निगरानी रखें और बाल श्रम पर कड़ा कदम लेकर हर बच्चे को स्कूल तक पहुंचाए।

शिक्षा सिर्फ एक डिग्री प्राप्त करना नहीं है, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक बनाना है जो समाज में सकारात्मक बदलाव ला सके। रचनात्मक सोच, समस्या-समाधान की क्षमता, सहानुभूति और नैतिकता जैसे गुणों का विकास ही सच्ची शिक्षा है। हमारा स्कूली बस्ता सिर्फ भौतिक वस्तु नहीं, बल्कि एक ऐसा प्रतीक है जो हमें याद दिलाता है कि शिक्षा एक निरंतर यात्रा है, जो न सिर्फ व्यक्ति बल्कि पूरे समाज को उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाती है। आइए, हम सब मिलकर बच्चों के इस सपनों के पिटारे को और अधिक समृद्ध बनाएं और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा शिक्षा के प्रकाश से वंचित न रहे।

### भारतीय जीवन बीमा निगम ने नई योजनाएं शुरू की

# एलआईसी की नव जीवन श्री (योजना 912) और एलआईसी की नव जीवन श्री सिंगल प्रीमियम (योजना 911)

विनय उजाला

**मुंबई।** भारतीय जीवन बीमा निगम के सीईओ और एमडी (प्रभारी) श्री सतपाल भानु ने 04.07.2025 को नई योजनाएं शुरू कीं एलआईसी की नव जीवन श्री (UIN:512N387V01) और एलआईसी की नव जीवन श्री सिंगल प्रीमियम (UIN:512N390V01)।

शुरू की गई दो नई योजनाएं बचत और सुरक्षा का संयोजन हैं और इन्हें विशेष रूप से हमारे जीवन चक्र की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त धनराशि जुटाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एलआईसी की नव जीवन श्री (योजना 912) का उद्देश्य व्यक्तियों, विशेषकर युवा पीढ़ी की सभी जरूरतों को पूरा करना है, जो अपने सपनों, लक्ष्यों, जिम्मेदारियों को पूरा करना चाहते हैं और साथ ही सुरक्षा भी प्रदान करना है। एलआईसी की नव जीवन श्री (योजना 911) सिंगल प्रीमियम पॉलिसी का उद्देश्य जीवन बीमा प्रदान करने के साथ-साथ कोष (कॉर्पस) का निर्माण करना है। वर्तमान परिवेश में जब व्याज दरें बहुत अस्थिर हैं, ये दोनों प्लान पॉलिसी अवधि के दौरान गारंटीड एडिशन प्रदान करते हैं।

एलआईसी की नव जीवन श्री (योजना 912) यह एक सीमित प्रीमियम एंडोमेंट योजना है जो टैबुलर प्रीमियम के प्रतिशत के रूप में गारंटीड एडिशन प्रदान करता है। प्रीमियम का भुगतान 6, 8, 10 और 12 वर्षों के हिसाब से किया जा सकता है।



प्रवेश के समय न्यूनतम आयु 30 दिन (पूरी) है। प्रवेश के समय अधिकतम आयु 60 वर्ष (निकटतम जन्मदिन) है, जो कि पीपीटी 6,8 और 10 वर्ष के लिए है, तथा पीपीटी 12 वर्ष के लिए 59 वर्ष (निकटतम जन्मदिन) है। चुने गए पीपीटी के अनुसार न्यूनतम पॉलिसी अवधि 10 से 16 वर्ष है

अधिकतम पॉलिसी अवधि 20 वर्ष है। प्रीमियम भुगतान अवधि 6,8,10 और 12 वर्ष है। न्यूनतम मूल बीमा राशि 5,00,000 रुपये है।

अधिकतम मूल बीमा राशि कोई सीमा नहीं (अंडरराइटिंग निर्णय के अधीन) पॉलिसी अवधि के दौरान चालू पॉलिसी के लिए गारंटीड एडिशन प्रत्येक पॉलिसी वर्ष के अंत में अर्जित होगा। 10 से 20 वर्षों तक पॉलिसी अवधि के अनुसार भुगतान किए गए प्रीमियम के संबंध में कुल सारणीबद्ध वार्षिक प्रीमियम के प्रतिशत के रूप में गारंटीड एडिशन की दर 8.50% से 9.50% तक है। एलआईसी की नव जीवन श्री सिंगल प्रीमियम (योजना 911) यह योजना गारंटीड एडिशन के साथ सिंगल प्रीमियम एंडोमेंट योजना है। गारंटीड एडिशन प्रत्येक पॉलिसी वर्ष के अंत में 85 रुपये प्रति हजार मूल बीमा राशि की दर से शुरू से लेकर पॉलिसी अवधि के अंत तक अर्जित होंगे। प्रवेश के समय न्यूनतम आयु 30 दिन (पूरी) है। विकल्प के तहत प्रवेश के समय अधिकतम आयु 60 वर्ष (निकटतम जन्मदिन) है, विकल्प के तहत 40 वर्ष (निकटतम जन्मदिन) है।

परिपक्वता पर न्यूनतम आयु 18 वर्ष (पूरी) है और परिपक्वता पर अधिकतम आयु विकल्प । के तहत 75 वर्ष (निकटतम जन्मदिन) है, विकल्प के तहत 60 वर्ष (निकटतम जन्मदिन) है न्यूनतम पॉलिसी अवधि 5 वर्ष है अधिकतम पॉलिसी अवधि 20 वर्ष है न्यूनतम मूल बीमा राशि रु. 1,00,000 अधिकतम मूल बीमा राशि कोई सीमा नहीं (अंडरराइटिंग निर्णय के अधीन) जहां नव जीवन श्री योजना नियमित प्रीमियम के माध्यम से कोष निर्माण की सुविधा प्रदान करती है, वहीं नव जीवन श्री सिंगल प्रीमियम योजना जीवन बीमा के लिए एकमुश्त भुगतान की सुविधा प्रदान करती है तथा व्यक्तिगत आवश्यकताओं के लिए लक्षित कोष निर्माण का आकर्षक विकल्प प्रदान करती है।

बिबरण के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट www.licindia.in पर बिक्री विवरणिका देखें।

दिनांक 4 जुलाई, 2025 को मुंबई में अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: कार्यकारी निदेशक (नि.सं.) भारतीय जीवन बीमा निगम, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई।

## संक्षिप्त समाचार

### नितेश राणे का तीखा हमला, हिंदू विरोधी और जिहादी सोच से प्रेरित, ठाकरे बंधुओं की रैली



**मुंबई, एजेंसी।** 20 साल बाद उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के एक साथ आने से महाराष्ट्र की सियासत में गर्माहट तेज हो गई है। इसी सिलसिले में महाराष्ट्र के मंत्री और भाजपा नेता नितेश राणे ने उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे की हालिया संयुक्त रैली पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने इस रैली को जिहादी और हिंदू विरोधी बताते हुए आरोप लगाया कि इसका मकसद समाज को बांटना और राज्य को कमजोर करना है। बता दें कि शनिवार को मुंबई के वर्ली इलाके में आवाज मराठिचा नाम से आयोजित इस रैली में ठाकरे बंधु दो दशक बाद एक साथ मंच पर नजर आए। यह रैली राज्य सरकार की तरफ से स्कूलों में कक्षा एक से हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में लागू करने संबंधी दो सरकारी आदेशों को वापस लेने के फैसले की जीत के रूप में आयोजित की गई थी।

इस सिलसिल में ठाकरे बंधुओं के इस रैली से एक दिन पहले पत्रकारों से बातचीत में नितेश राणे ने कहा कि हम हिंदू हैं और मराठी पर गर्व करते हैं। जिस तरह से जिहादी संगठन समाज को तोड़ने की कोशिश करते हैं, उसी तरह ठाकरे बंधु भी कर रहे हैं। चाहे वह पीएफआई हो या सिमी, ये दोनों भी वैसी ही मानसिकता से काम कर रहे हैं। यह रैली राज्य और हिंदू समाज को नुकसान पहुंचाएगी। राणे ने यह भी कहा कि वर्ली की रैली के बाद नल बाजार (मुंबई का मुस्लिम बहुल इलाका) में मिठाई बांटी जाएगी और पटाखे फोड़े जाएंगे। ये सब हिन्दू समाज के खिलाफ है। हालांकि, दूसरी ओर भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने इस मुद्दे पर संयमित प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि अगर राज और उद्धव ठाकरे एक साथ आ रहे हैं तो यह अच्छी बात है। दोनों भाइयों को एक होना चाहिए और साथ रहना चाहिए। अगर जरूरत पड़े तो उनकी पार्टियों का विलय भी हो सकता है।

**तीन-भाषा नीति पर भाजपा नेता ने दी सफाई :** इसके साथ ही तीन भाषा नीति को लेकर चल रहे विवाद पर मुनगंटीवार ने कहा कि इसे राजनीति का मुद्दा नहीं बनाया गया था। उन्होंने बताया कि यह नीति खुद उद्धव ठाकरे के मुख्यमंत्री रहते गठित समिति की सिफारिशों पर आधारित थी। उन्होंने कहा कि हिंदी को केवल कक्षा 5 के बाद अनिवार्य किया जाना था, जबकि मराठी और अंग्रेजी पहले से ही कक्षा 1 से अनिवार्य हैं। इसमें मराठी पर कोई हमला नहीं है। गौरतलब है कि सरकार ने फिलहाल यह नीति सरकार ने वापस ले ली है, लेकिन इस पूरे घटनाक्रम ने महाराष्ट्र की राजनीति में गर्मी ला दी है और ठाकरे बंधुओं की नजदीकी ने राजनीतिक हलकों में नई चर्चाएं छेड़ दी हैं।

### पार्टी के स्थापना दिवस पर लालू प्रसाद की अध्यक्ष पद पर हुई ताजपोशी



**पटना, एजेंसी।** राष्ट्रीय जनता दल 2025 का बिहार विधानसभा चुनाव पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व में ही लड़ेगा यह बात शनिवार दोपहर स्पष्ट हो गई। राजद के 29वें स्थापना दिवस पर लालू प्रसाद यादव की फिर से ताजपोशी हो गई। उन्हें पार्टी के 13वें राष्ट्रीय अध्यक्ष का सर्टिफिकेट भी मिला गया। राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक पटना के बापू सभागार में शनिवार को हुई। लालू यादव और राबड़ी देवी के साथ पार्टी के बाकी दिग्गजों ने दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक की शुरुआत की। इसके बाद लालू यादव और राबड़ी ने कार्यकर्ताओं और पार्टी नेताओं का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। आज के बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. रामचंद्र पूर्वे ने की। पांच जुलाई 1997 को लालू प्रसाद यादव ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर राष्ट्रीय जनता दल का गठन किया है। तब से अब तक लालू ही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं। कुछ दिन पहले इस बात की चर्चा जरूर थी कि लालू इस बार राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बनेंगे। उनका स्वास्थ्य पहले जैसा नहीं रहा। वह अक्सर बीमार रहते हैं। इसीलिए प्रदेश अध्यक्ष के तरह की राष्ट्रीय अध्यक्ष भी नया चुना जा सकता है। लेकिन, सारे अटकलों पर विराम लगाते हुए लालू प्रसाद ने 23 जून को पटना स्थित पार्टी कार्यालय में अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया था। उनके खिलाफ किसी अन्य नेता ने नामांकन नहीं किया। इसके बाद निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. रामचंद्र पूर्वे ने उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष घोषित कर दिया था।

### मतदाता पुनरीक्षण पर भड़कीं राबड़ी देवी, कहा- गरीबों से वोट छीनने की साजिश



**पटना, एजेंसी।** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा में विपक्ष की नेता राबड़ी देवी ने शनिवार को जनता से अपील की कि वे विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के दौरान चुनाव अधिकारियों को वोटर द्बष्ठ कार्ड के अलावा कोई अन्य दस्तावेज न दिखाएं। राबड़ी देवी ने यह बयान पटना के बापू सभागार में आयोजित राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की 28वीं स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित राष्ट्रीय परिषद की बैठक में दिया। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, देश को बेचने की साजिश चल रही है। अब गरीबों से वोट देने का अधिकार भी छीना जा रहा है। बिहार विधानसभा चुनाव में सिर्फ तीन महीने बचे हैं और इस दौरान गरीबों को मतदाता सूची से बाहर करने की योजना बनाई जा रही है।

राबड़ी देवी ने कहा, मैं राज्यभर से आए लोगों से कहना चाहती हूं कि वोटर द्बष्ठ के अलावा कोई और दस्तावेज न दिखाएं। यदि कोई अधिकारी मांगे, तो साफ मना कर दें। उन्होंने मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया में अन्य दस्तावेजों की मांग को अन्यायपूर्ण बताया। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा, अधिकारियों द्वारा माता-पिता का जन्म प्रमाण पत्र मांगा जा रहा है। जिन लोगों ने अपने परिवार को वर्षों पहले खो दिया है, वे कहां से यह प्रमाण पत्र लाएंगे?

राबड़ी देवी ने यह भी कहा कि इस तरह की विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया पिछले 20 वर्षों में नहीं हुई। पिछले 11 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्ता में हैं, तब कभी इसकी आवश्यकता नहीं पड़ी। लेकिन अब चुनाव से ठीक पहले अचानक एक महीने में यह प्रक्रिया पूरी करने का दबाव बनाया जा रहा है। बैठक में पार्टी संस्थापक लालू प्रसाद यादव को एक बार फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुने जाने का प्रमाण पत्र भी सौंपा गया। उन्हें राष्ट्रीय कार्यकारिणी को पुनर्गठित करने का अधिकार भी दिया गया। इस अवसर पर पार्टी के नेता तेजस्वी यादव, देशभर से आए कार्यकर्ता और नेता, और केरल इकाई के प्रमुख एमवी श्रेयम्स कुमार समेत हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

---

### ठाकरे बंधुओं ने जमकर चलाए सियासी तीर

# मराठी अस्मिता को लेकर 20 साल बाद एक मंच पर राज-उद्धव

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र की राजनीति में बीते कई हफ्तों से ठाकरे बंधुओं के साथ आने की बातचीत तेज हो रही थी। ऐसे में आज शानिवार को मराठी विजय दिवस रैली में दोनों भाईयों ने करीब 20 साल बाद एक साथ मंच साझा कर सारे सवालों का जवाब दे दिया। दोनों नेताओं ने मुंबई के वर्ली में एक बड़ी विजय रैली को संबोधित किया। बता दें कि यह रैली महाराष्ट्र की फडणवीस सरकार की तरफ से स्कूलों में हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में लागू करने वाले फैसले को वापस लेने की खुशी में रखी गई थी।

#### हम मिलकर जीतेंगे महाराष्ट्र की सत्ताः उद्धव

रैली को संबोधित करते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि हम साथ आए हैं और अब साथ रहेंगे। हम मिलकर मुंबई की नगर निगम और महाराष्ट्र की सत्ता में वापसी करेंगे। इस बयान पर वहां मौजूद लोगों ने जोरदार तालियां और नारेबाजी की। उन्होंने आगे कहा कि सरकार जब-जब महाराष्ट्र पर हमला करती है, मराठी लोग एकजुट होते हैं, लेकिन बाद में फिर आपस में लड़ते हैं। यह बंद होना चाहिए।

#### तीन भाषा नीति का मकसद मुंबई को अलग करनाःराज

इस दौरान राज ठाकरे ने भी राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि तीन-भाषा नीति का असली मकसद मुंबई को महाराष्ट्र से अलग करने की साजिश थी। सिर्फ हमारे विरोध मार्च की खबर से ही सरकार को आदेश वापस लेने पड़े। राज ठाकरे ने यह भी कहा कि अगला कदम लोगों को जाति के नाम पर बांटने का होगा। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि यह बांटो और राज करो की नीति अपना रही है।

**अंग्रेजी स्कूल में पढ़ाई के तंज पर राज का जवाब...** इसके साथ ही रैली में कई बार विपक्षी पार्टियां राज और उद्धव ठाकरे के बेटों अमित और आदित्य की अंग्रेजी स्कूल में पढ़ाई को लेकर तंज कसती हैं। इस पर राज ठाकरे ने जवाब दिया बाला साहेब ठाकरे खुद अंग्रेजी स्कूल में पढ़े थे, लेकिन उन्होंने कभी मराठी की अहमियत नहीं कम होने दी। एल.के. अडवाणी भी कॉन्वेंट स्कूल में पढ़े, क्या उनका हिंदुत्व गलत है?



#### उद्धव ने भाजपा और शिंदे को लिया आड़े हाथ

इसके साथ ही संयुक्त रैली को संबोधित करते हुए शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने भाजपा पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि बांटेंगे तो कांटेंगे का नारा असल में मराठियों को बांटने के लिए था, न कि हिंदू-मुस्लिम के लिए। इसके साथ ही महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे पर भी जमकर निशाना साथा। उन्होंने उनके गुजरात में जय गुजरात बोलने की बाच पर तंज कसते हुए कहा कि वह जय गुजरात बोलकर खुद को साबित करने की कोशिश कर रहे हैं।

#### जो बालासाहेब नहीं कर पाए, वो फडणवीस ने कियाः राज ठाकरे

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने कहा, मैंने अपने एक इंटरव्यू में कहा था कि मेरा महाराष्ट्र किसी भी राजनीति और लड़ाई से बड़ा है। आज 20 साल बाद मैं और उद्धव एक साथ आए हैं। जो काम बालासाहेब नहीं कर पाए, वो देवेंद्र फडणवीस ने किया... हम दोनों को साथ लाने का काम...। राज ठाकरे ने कहा, मंत्री दादा भुसे मेरे पास आए और मुझसे उनकी बात सुनने का अनुरोध किया, मैंने उनसे कहा कि मैं आपकी बात सुनूंगा, लेकिन मैं राजी नहीं होऊंगा। मैंने उनसे पूछा कि उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान के लिए तीसरी भाषा क्या होगी। सभी हिंदी भाषी राज्य हमसे पीछे हैं और हम सभी हिंदी भाषी राज्यों से आगे हैं, फिर भी हमें हिंदी सीखने के लिए मजबूर किया जा रहा है। क्यों?

#### दोनों भाईयों के साथ आने पर उमड़ा जनसैलाब

20 साल बाद राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के साथ आने से उनके समर्थकों में एक जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। संयुक्त रैली में बड़ा जनसैलाब देखने को मिला। रैली के मंच पर सिर्फ राज और उद्धव ठाकरे ही बैठे थे, और उन्होंने ही भाषण दिया। मंच के सामने हजारों शिवसेना (यूबीटी) और मनसे कार्यकर्ता जमा थे, जिन्होंने झंडे लहराए और नारे लगाए। उद्धव के बेटे आदित्य ठाकरे और राज के बेटे अमित ठाकरे ने भी पहली बार सार्वजनिक मंच पर साथ में हाथ मिलाया और एक-दूसरे के कंधे पर हाथ रखा। ऐसे में ठाकरे बंधुओं का साथ आना यह आने वाली पीढ़ी की एकजुटता का संदेश भी माना जा रहा है।

#### चुनावों की तैयारी का संकेत

गौरतलब है कि मुंबई निकाय चुनाव से पहले ठाकरे बंधुओं का साथा आना चुनावी तैयारियों का संकेत भी माना जा रहा है। कारण है कि यह रैली केवल एक भाषा के मुद्दे तक सीमित नहीं रही। दोनों ठाकरे भाइयों ने इशारा दिया कि आने वाले मुंबई नगर निगम चुनाव और राज्य चुनावों में दोनों पार्टियां साथ आ सकती हैं। कारण है कि बीते कुछ वर्षों में महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे का समीकरण थोड़ा बिगड़ता दिख रहा है। उदाहरण के तौर पर अब बीते महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को ही लिजिए तो, बीते चुनाव में शिवसेना (यूबीटी) जहां 2024 में 20 सीटें जीत पाई थी, वहीं मनसे को कोई सीट नहीं मिली थी। ऐसे में अब दोनों पार्टियां साथ आकर एक बार फिर मराठी मानुष के नाम पर अपनी खोई हुई जमीन वापस पाने की कोशिश कर रही हैं।

#### समर्थकों में दिखा जबरदस्त उत्साह

ठाकरे बंधुओं के साथ आने के लिए आयोजित रैली में समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। मुंबई के वर्ली के एनएससीआई डोम में हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी। कई लोग गेट फांदकर अंदर घुसे। पूरे मुंबई में एलईडी स्क्रीन और होर्डिंग्स लगाए गए थे, जिनमें लिखा था मराठी मानुष के लिए ठाकरे भाई साथ रहें। कई समर्थक उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे का फेस मास्क भी पहनने नजर आएं। ऐसे में अब देखना ये होगा कि यह भाईचारा सिर्फ मंच तक सीमित रहता है या वाकई में महाराष्ट्र की राजनीति में नया मोड़ लाता है।

---

## विपक्ष को अब चुनाव प्रक्रिया पर भी भरोसा नहीं रहा : भाजपा प्रवक्ता

जहानाबाद, एजेंसी

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरु प्रकाश ने शुक्रवार को सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों को अब भारत की चुनाव प्रक्रिया पर भी भरोसा नहीं रह गया है। वे चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था को निशाने पर लेकर जनता को भ्रमित कर रहे हैं। गुरु प्रकाश ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण एक पूरी तरह से संवैधानिक प्रक्रिया है, जिसे संविधान के अनुच्छेद 325 और 326 के तहत लागू किया गया है। बिहार में कुल 7.9 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें से लगभग 5 करोड़ मतदाताओं को किसी तरह के दस्तावेज देने की आवश्यकता नहीं है, केवल शेष मतदाताओं से ही पहचान पत्र मांगा जा रहा है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि आधार कार्ड केवल एक निवास प्रमाण हो सकता है, लेकिन इससे नागरिकता साबित नहीं होती। नागरिकता के लिए अलग तरह के दस्तावेज जरूरी होते हैं। ऐसे में विपक्ष द्वारा आधार कार्ड को एकमात्र दस्तावेज मानने की मांग आधारहीन है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि चुनाव आयोग एक स्वतंत्र और निष्पक्ष संस्था है, और उस पर सवाल उठाना संविधान की अवमानना है। उन्होंने आरोप लगाया कि महागठबंधन के नेता मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया का विरोध सिर्फ इसलिए कर रहे हैं क्योंकि उन्हें अब लोकतंत्र पर भी विश्वास नहीं रहा।

गुरु प्रकाश ने बताया कि राज्यभर में करीब 50 लाख बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) इस काम में लगे हुए हैं और मतदाता सूची को शुद्ध करने का काम तेज़ी से किया जा रहा है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे इस प्रक्रिया में सहयोग करें। किसी भी वैध मतदाता का नाम सूची से नहीं काटा जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि महागठबंधन के पास अब कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए वे चुनाव आयोग को बेवजह बदनाम कर रहे हैं।

### ठाकरे बंधुओं को कांग्रेस की नसीहत

## हिंदी भाषा की लड़ाई केवल आपकी नहीं थी

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र में स्कूलों में हिंदी भाषा लागू करने के सरकारी फैसले के खिलाफ विरोध के बाद सरकार को अपने आदेश वापस लेने पड़े। इस फैसले को लेकर शिवसेना (उद्धव गुट) प्रमुख उद्धव ठाकरे और मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने शनिवार को एक संयुक्त विजय रैली का आयोजन कर इसे अपनी जीत बताया। लेकिन अब कांग्रेस ने ठाकरे बंधुओं को यह कहकर घेरा है कि यह लड़ाई सिर्फ उनकी नहीं थी, बल्कि पूरे राज्य के कई वर्गों ने इस फैसले का विरोध किया था।



कांग्रेस का बयान वरिष्ठ कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि अगर उद्धव और राज ठाकरे इस फैसले को वापस लेने का श्रेय लेना चाहते हैं, तो उन्हें लेने दीजिए। लेकिन राज्यभर में इस फैसले के खिलाफ विरोध हुआ था। अगर वे दोनों राजनीतिक रूप से साथ आते हैं, तो हमारी तरफ से शुभकामनाएं। साथ ही महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने भी कहा कि जीआर (सरकारी आदेश) वापसी का जश्न और ठाकरे भाइयों की संभावित राजनीतिक एकता, दोनों अलग-अलग मुद्दे हैं।

#### भाषा विवाद पर कांग्रेस का दो टूक

साथ ही सपकाल ने दावा किया कि उन्होंने राज्य के अलग-अलग हिस्सों से करीब 600 लोगों को पत्र लिखकर इस फैसले के विरोध में एकजुट होने का आह्वान किया था। उन्होंने शिक्षाविदों और मराठी भाषा विशेषज्ञों के साथ कई बैठकें भी की थीं। सपकाल ने कहा कि हिंदी भाषा को पहली कक्षा से लागू करने के फैसले के खिलाफ हर किसी ने मिलकर विरोध किया। यह सिर्फ ठाकरे बंधुओं की जीत नहीं है, यह पूरे महाराष्ट्र की आवाज थी।

### जनता की शिकायत पर भड़के विधायक संजय सिंह, की गाली-गलौज

**पटना, एजेंसी।** वैशाली के लालगंज विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक संजय सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह वीडियो शुक्रवार का बताया जा रहा है, जब विधायक भगवानपुर बाजार में जलजमाव की समस्या का समाधान करने पहुंचे थे। जानकारी के अनुसार, बारिश के बाद भगवानपुर बाजार की सड़कों पर पानी भर जाने से स्थानीय लोग परेशान हैं। इसी समस्या को लेकर जब विधायक मौके पर पहुंचे, तो कुछ स्थानीय लोगों ने अस्थायी समाधान पर आपत्ति जताई और स्थायी समाधान की मांग करने लगे। इस पर विधायक गुस्से में आ गए और अपनी गाड़ी से उतरते हुए कथित तौर पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया, जिससे कुछ देर के लिए अफरातफरी मच गई।

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि हल्की बारिश के बाद भी इलाके में पानी भर जाता है, जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है। इसको लेकर कुछ दिन पहले भी बाजार में प्रदर्शन हुआ था। शुक्रवार को विधायक ने नगर परिषद हाजीपुर से गाड़ी मंगवाकर पानी निकालने का अस्थायी प्रयास किया, लेकिन लोगों की मांग थी कि स्थायी व्यवस्था की जाए।

### सीएम फडणवीस ने उद्धव ठाकरे को लिया आड़े हाथ

## रैली जीत का जश्न नहीं, बल्कि शोक का नजारा था

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को शिवसेना (उद्धव गुट) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि उद्धव ने जो भाषण संयुक्त रैली में दिया, वह रूदाली जैसा था। रुदाली वे महिलाएं होती हैं जो शोक प्रकट करने के लिए शोक सभाओं में नियुक्त की जाती हैं। फडणवीस ने कहा कि यह रैली जीत का जश्न नहीं बल्कि शोक का नजारा था।



बता दें कि महाराष्ट्र में स्कूलों में हिंदी भाषा लागू करने के सरकारी फैसले के खिलाफ बढ़ते विरोध को देखते हुए महाराष्ट्र सरकार ने अपने आदेश वापस ले लिए। राज्य सरकार के इस फैसले के बाद शिवसेना (यूबीटी) और मनसे ने एक संयुक्त रैली का आयोजन कर इसे अपनी जीत करार दिया। इस रैली का एक और बड़ा कारण ये भी था कि 20 साल बाद ठाकरे बंधु एक मंच पर एक साथ दिखें।

**उद्धव का भाषण में मराठी की बात नहीं...** फडणवीस ने कहा कि रैली में मराठी की बात नहीं हुई, बल्कि उद्धव का भाषण केवल अपनी सरकार गिरने और फिर से सत्ता में आने की योजना पर था। उन्होंने यह भी कहा कि मुंबई में 25 साल तक शिवसेना ने रहते हुए विकास नहीं किया, जबकि मोदी के नेतृत्व में मुंबई का कायाकल्प हुआ है। उन्होंने कहा कि उन्होंने मराठी लोगों को उनके सही मकान दिलाए, जिससे उद्धव गुट जलन महसूस करता है। इसके साथ ही फडणवीस ने गर्व से कहा कि वे मराठी और हिंदू हैं और सभी मराठी और गैर-मराठी उनके साथ हैं।

### तेजस्वी यादव बोले- बिहार महाजंगलराज में बदल चुका है

**पटना, एजेंसी।** राजधानी पटना में चर्चित व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या ने राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस हत्याकांड को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। आरजेडी नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने इस वारदात को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बिहार अब महाजंगलराज के दौर में प्रवेश कर चुका है। खेमका की निर्मम हत्या से हम गहरे सदमे में हैं। तेजस्वी यादव ने याद दिलाया कि इससे पहले वर्ष 2018 में गोपाल खेमका के बेटे गुंजन खेमका की भी हत्या हो चुकी है। उन्होंने कहा, हमने तब कैंडल मार्च में हिस्सा लिया था। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अपराधी बिहार में पूरी तरह बेलगाम हो चुके हैं और मुख्यमंत्री बेहोशी की हालत में हैं। तेजस्वी ने आरोप लगाया कि अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि अब राजधानी में भी दिनदहाड़े उद्योगपतियों की हत्या हो रही है।



---

### नए लोगो और नारे के साथ सीएम स्टालिन को दी चुनौती

# तमिलनाडु चुनाव के लिए पलानीस्वामी ने भरी हुंकार

चेन्नई, एजेंसी

तमिलनाडु में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने है। सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी अपनी तैयारी भी तेज कर दी है। आरोप-प्रत्यारोप भी अपने चरम पर है। इसी बीच एआईडीएमके ने भी चुनावी रण में अपनी तैयारी दिखाई है। एआईएडीएमके के महासचिव एडप्पडी के पलानीस्वामी ने शनिवार को 2026 के विधानसभा चुनाव के लिए अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत कर दी। पार्टी मुख्यालय एमजीआर मलिगै से उन्होंने अभियान का नया लोगो और नया नारा जारी किया है।



पलानीस्वामी ने घोषणा की कि उनका राज्यव्यापी अभियान नए नारे जनता की रक्षा करें, तमिलनाडु को बचाएं सात जुलाई से कोयंबटूर से शुरू होगा। पहले चरण में यह अभियान आठ जिलों को कवर करेगा। इस अभियान के लिए जारी नए लोगो में दो पत्तियों के साथ एआईएडीएमके का झंडा, एक उठी हुई मुट्ठी (क्रांति का प्रतीक), और दो नारे जिसका मतलब है कि क्रांतिकारी तमिलों के विद्रोह की यात्रा और आइए तमिलनाडु को बचाएं, आइए लोगों को बचाएं शामिल हैं।

#### सीएम स्टालिन पर साधा निशाना

इस एलान के साथ ही पार्टी प्रमुख पलानीस्वामी ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पेरारिग्नर अन्ना, एमजीआर और अम्मा ने हमेशा जनता के लिए काम किया। एआईएडीएमके उन्हीं के रास्ते पर चल रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री स्टालिन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कहते हैं कि मैं अब जाकर जनता से मिल रहा हूं। लेकिन सच्चाई यह है कि वे जो मेरे बारे में कहते हैं, असल में वह खुद पर लागू होता है। मैं तो हमेशा जनता के बीच रहता हूं।

#### चुनाव के लिए पलानीस्वामी का साफ संदेश

साथ ही पलानीस्वामी ने यह भी स्पष्ट किया कि यह सिर्फ एक प्रचार यात्रा नहीं है, बल्कि एक बड़ा राजनीतिक उद्देश्य भी है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है इस दुष्ट सरकार को हटाना। उन्होंने सभी समान विचारधारा वाले दलों से डीएमके को हराने के लिए एकजुट होने की अपील की।

#### तमिलनाडु चुनाव में एनडीए गठबंधन में भूमिका पर जोर

उन्होंने यह भी बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पहले ही कह चुके हैं कि तमिलनाडु में एनडीए गठबंधन का नेतृत्व एआईएडीएमके करेगी और पलानीस्वामी ही मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे। इसके सात ही पार्टी प्रवक्ता कोवई सत्यन ने भी अमित शाह की बातों का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा-एआईएडीएमके गठबंधन मजबूत है और राज्य का नेतृत्व एक बार फिर एडप्पडी के. पलानीस्वामी करेंगे। गौरतलब है कि पलानीस्वामी का यह चुनावी अभियान तमिलनाडु की राजनीति में एक नई हलचल पैदा कर रहा है और 2026 के विधानसभा चुनाव की तैयारी का बिगुल बज चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्टर सुश्री मित्तल ने बिटिया का यू-विन पोर्टल पर पंजीयन कर टीकाकरण अपडेट कराया



**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने शनिवार को प्रेरणादायक पहल करते हुए अपनी बिटिया का पंजीयन भारत सरकार द्वारा संचालित यू-विन पोर्टल पर करवाया। इस दौरान उन्होंने पूर्व में किए गए समस्त टीकाकरण को भी पोर्टल पर अपडेट कराया। यह कार्य जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अनुपम अत्रे एवं वीसीसीएम यूएनडीपी आदित्य चौरे की उपस्थिति में संपन्न हुआ। यू-विन पोर्टल के माध्यम से देश के किसी भी हिस्से में हितग्राही अपने टीकाकरण का पंजीयन एवं रिकॉर्ड अपडेट कर सकते हैं। टीकाकरण के पश्चात हितग्राही को तुरंत ही एक ऑनलाइन प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाता है, जिसमें उनके सभी टीकों की जानकारी उपलब्ध रहती है। यह सुविधा बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष रूप से लाभकारी है, जिससे उन्हें देशभर में कहीं भी टीकाकरण की पूर्ण सुरक्षा मिलती है।

### झिरन्या में लैपटॉप वितरण कार्यक्रम संपन्न

**खरगोन,निप्र।** झिरन्या विकासखण्ड में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत लैपटॉप वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रभात परमार्थी ने बताया कि कक्षा 12वीं में 75त्न से अधिक अंक लाने वाले 37 छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा ?25,000 की प्रोत्साहन राशि वन क्लिक के माध्यम से खातों में भेजी गई। कार्यक्रम में नगर के जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री का लाईव सम्बोधन टीवी पर देखा। कार्यक्रम में शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य, शिक्षक, पालक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

### पुलिस ने 7 वर्षीय बालिका को 24 घंटे के भीतर ढूंढकर परिजनों के सुपुर्द किया



**कसरावद,निप्र।** पुलिस की तत्परता से बालिका शकुशल परिजनों के पास पहुंची। थाना प्रभारी राजेंद्र बर्मन ने बताया शुक्रवार को एक्कलधारिया निवासी परिवार ने सूचना दी कि, उसकी लड़की उम्र 07 साल को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर साथ ले गया है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना कसरावद पर अपराध क्रमांक 274/25 धारा 137(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम के द्वारा तत्काल मौके पर पहुँच कर संदेही की जानकारी जुटाई गई। जिसमे पुलिस टीम को ज्ञात हुआ कि, बालिका को दिनेश पिता राजू कटारे उम्र 34 साल निवासी पंथ बडदिया थाना बेटमा जिला इन्दौर अपने साथ ले गया है। प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस टीम को तत्काल रवाना किया, जहां पुलिस टीम ने स्थानीय पुलिस की सहायता से आरोपी को गिरफ्तार किया गया, आरोपी के कब्जे से बालिका को सकुशल परिजनों को सोपा आरोपी को न्यायालय में पेश किया। बालिका के कथनों के आधार पर प्रकरण मे अग्रिम विवेचना जारी है।

### किसानों को यूरिया खाद उपलब्ध कराई जाए



**राजपुर,निप्र।** राजपुर आसपास क्षेत्रों की सोसाइटियों में किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया आदि खाद नहीं मिल रहा है। इसको लेकर किसानों ने अनुविभागीय राजस्व अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने कहा कि हर दिन कार्यालयों का चक्कर लगाना पड़ रहा है। सोसायटियों में पर्याप्त रूप से खाद नहीं मिलने से किसान निजी दुकानों पर खाद खरीदते हैं, वहां पर भारी मात्रा में लूटमारी की जाती है जो मूल्य भाव से अधिक रुपए लिए जा रहे है, यूरिया खाद की बोरी 400.500 रुपए में बेचा जा रही है, ओर न किसानों को पक्का बिल दिया जा रहा है, अगर कोई किसान बिल की मांग करता है तो कहते हैं पैसे ज्यादा लगेंगे करके डरा देते हैं, जिससे किसान बिल नहीं मांगता है। इस प्रकार की लूटमारी हर साल इस खरीफ सीजन में ज्यादा होता है। जयस जिला प्रभारी मुन्ना मोरे ने बताया कि कृषि विभाग पूरी तरह से लापरवाही बरत रहा है, कोई कार्रवाई व जांच नहीं की जा रही है, जिससे गरीब किसानों को बड़े पैमाने पर लूटा जा रहा है, अगर जल्द से जल्द किसानों की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो किसानों एवं जयस युवाओं द्वारा चक्काजाम कर आंदोलन किया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की रहेगी।

### निराश्रित वृद्धों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**खरगोन,निप्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडलेश्वर की सचिव सुश्री प्रीति जैन के निर्देश पर वृद्धाश्रम महेश्वर में रह रहे वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। महेश्वर आयुष हॉस्पिटल के चिकित्सा अधिकारी डॉ विकास डोंगरे ने वृद्ध जनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। पैरामेडिकल टीम द्वारा भी अभी वृद्धजनों के रक्त नमूने लेकर बीपी शुगर की जांच की गई इसके पश्चात आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गई। आश्रम के प्रभारी जगदीश रनसोरे ने बताया कि विगत दिनों सचिव न्यायाधीश द्वारा वृद्धाश्रम का निरीक्षण कर वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने का निर्देश दिया गया था उसी निर्देश के अनुसार स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

ज्योति कलश यात्रा का समापन

# 50 दिन की यात्रा ने 283 ग्रामों में सद्ज्ञान का किया विस्तार

विनय उजाला





**बड़वानी,निप्र।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से ज्योति कलश यात्रा का आगमन 17 मई गायत्री चेतना केंद्र ठीकरी में हुआ था।जिसका समापन गायत्री चेतना केंद्र पिछौड़ी में भव्यता दिव्यता के साथ किया गया।

समापन अवसर पर मध्यप्रदेश जोन प्रभारी शांतिकुंज जगदीश कुलमी ने ऋषि चिंतन में कहा की शांतिकुंज हरिद्वार से डाक्टर प्रणव पंड्या,शैल जीजी पंड्या द्वारा कलश में गुरुदेव,वंदनीय माताजी की शक्ति और अखंड दीपक की ऊर्जा को आपके बीच भेजा था।जो भाई बहन शांतिकुंज हरिद्वार नही जा पाते उनके आंगन में दिव्य शक्तियां अनुदान,वरदान देने हरिद्वार से आपके बीच पहुंची है सौभाग्य शाली है।जिन्होंने दर्शन पूजन कर अपनी एक बुराई को दक्षिणा में समर्पित की ओर जिले के परिजनों ने शताब्दी वर्ष के पावन संकल्प में भागीदारी कर यात्रा को ग्राम ग्राम में पहुंचाया।सभी परिजन आशा रखे की गुरुदेव की तपशक्ति सबके साथ है। अपने अपने स्तर पर योजनाओं को क्रियान्वित करने में जुट जाए। शताब्दी वर्ष हमारा सौभाग्य है।

भोपाल जोन प्रभारी राजेश पटेल ने विचार व्यक्त करते हुए कहा की युग निर्माण के सद संकल्प को जन जन के कण कण में पहुंचाने का पुरुषार्थ भाई बहनों ने किया सराहनीय है।सहायक प्रदेश प्रभारी प्रभाकांत तिवारी ने जन्म शताब्दी की भावी योजना को प्रतिपादित करते हुए कहा की यात्रा का समापन जरूर है,परंतु हमारे कार्य और योजनाओं को संचालित करना अब शुरू करे ग्राम ग्राम में व्यसन मुक्ति संदेश,व्यक्ति निर्माण,परिवार निर्माण,समाज निर्माण के सूत्रों को आम जनों के बीच रखे तब ही यात्रा की सफलता होगी।पंडित मेवालाल पाटीदार द्वारा श्रवण कुमार श्रीराम सम्मान का वैदिक मंत्रोचार कर उपस्थित अतिथियों से जिले के 160 कार्यकर्ताओं का सम्मान पुष्प वर्षा अभिनंदन पत्र भेट कर किया गया। विशेष सम्मान में कैलाश चंद शर्मा ,किशन लाल सावनेर,कन्हैया लाल ठेकेदार का गायत्री अंग वस्त्र श्रीफल अभिनंदन पत्र से सम्मान हुआ। जिला समन्वयक महेंद्र भावसार ने यात्रा के सफल संचालन में सभी परिजनों का अभिनंदन व्यक्त कर शांतिकुंज की ओर से मंगलमय कामनाएं प्रस्तृत की।आयोजन में श्री कृष्ण शर्मा इंदौर उपजोन,पन्नालाल बिरला ओंकारेश्वर उपजोन,नरेंद्र डावर साली टांडा,डा.सोहन गुर्जर सहायक प्रभारी उपजोन,संतोष वर्मा आलीराजपुर समन्वयक मंच पर मौजूद रहे थे।इस अवसर पर माताजी की बगीची में 501 वृक्षों का रोपण उपस्थिति अतिथियों और परिजनों द्वारा किया गया।जिसका क्रम गोपाल कृष्ण प्रजापति ने संपन्न कराया नव निर्मित मंडपम का लोकार्पण भी हुआ।ज्योति कलश रथ को अगले जिले अलीराजपुर को हस्तांतरित किया।जिले से सैकड़ो परिजनों की उपस्थिति में आभार प्रदर्शन मंसाराम अवासिया ने किया। संचालन माधव पाटीदार ने किया।





## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधारोपण

**विद्यार्थियों को दी गई कानून की जानकारी**

विनय उजाला

**बड़वानी,निप्र।** 'एक पेड़ मां के नाम'' योजनांतर्गत वन मंडल अधिकारी श्री आशीष बनसोड के निर्देशानुसार जिला न्यायालय बडवानी से उपस्थित श्री अमूल मंडलोई ,सीजेएम,सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं श्री रॉबिन दयाल जिला विधिक सेवा अधिकारी,श्री बाबूलाल मुवेल,उप वन मंडल अधिकारी बड़वानी,श्री गुलाब सिंह बर्डे रेंजर बड़वानी की उपस्थिति में वन महोत्सव एवं एक पेड़ मां के नाम क्षतिपूर्ति वनीकरण योजना अंतर्गत बीट बोरलाय के वृक्षारोपण क्षेत्र में पौधा रोपण किया गया।

पौधा रोपण शासकीय हाई सेकेन्डरी स्कूल बोरलाय के 20 विद्यार्थीयों ने भाग लेकर बरगद,पीपल, चिरोल, नीम, बांस, आदि प्रजाती के पौधे लगाए।बीट गार्ड अंकित शर्मा एवं दिपक सोलंकी मौके पर उपस्थित रहे।शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरलाय में न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बड़वानी श्री अमूल मण्डलोई एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री राबिन दयाल के द्वारा विद्यार्थियों को सोशल मीडिया पर होने वाले सायबर अपराध एवं सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी भी दी गई।

## नर्मदा पुल पर मिली स्कूटी, युवक लापता, पुलिस ने शुरू किया सर्चिंग अभियान

विनय उजाला





**कसरावद,निप्र।** नगर के मंडलेश्वर रोड स्थित एक निजी ढाबे पर कार्यरत युवक आचानक लापता हो गया। उसकी बाइक माकड़खेड़ा स्थित नर्मदा पुल पर मिली, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक श्यामू पिता सूरज निहाल (22 वर्ष), गोपालपुरा निवासी है, जो पिछले सात वर्षों से ढाबे पर कार्यरत था।

शनिवार सुबह राहगीरों ने नर्मदा पुल पर खड़ी एक स्कूटी देखी, जिसके पास चप्पल व डिक्की में मोबाइल फोन और ढाबे की चाबी रखी हुई थी। इसकी सूचना मिलने पर ढाबा संचालक व परिजन मौके पर पहुंचे। युवक का कहीं कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों की सूचना पर नर्मदा तट पर सर्चिंग अभियान शुरू कर पुलिस युवक की तलाश में जुटी हुई है। गोताखोरों की मदद से नदी में युवक की तलाश की जा रही है। फिलहाल बारिश अधिक होने के कारण नदी में पानी अधिक है। वहीं परिजन भी आसपास के घाटों और तटों पर स्वयं युवक की तलाश कर रहे हैं।

ढाबा संचालक ने बताया कि श्यामू शुक्रवार रात करीब 11 बजे तक ढाबे पर काम कर रहा था। शनिवार की प्रात: राहगीरों ने देखा तो इसकी सूचना मुझे दी मौके पर सुबह मेरे स्वयं की स्कूटी वहीं खड़ी मिली, लेकिन वह खुद गायब था। पुलिस को सूचना दी। पिता सूरज निहाल द्वारा दर्ज कराई गई गुमशुदगी की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी राजेंद्र बर्मन ने बताया युवक की तलाश जारी है और सभी संभावित स्थानों पर सर्चिंग की जा रही है।कसरावद से लेकर धरमपुरी तक के नर्मदा घाटों तक सर्चिंग के लिए संबंधित थाना क्षेत्रों को सूचना दे दी गई है और युवक के कॉल रिकॉर्ड के अनुसार भी जानकारी जुटा जा रही है ।फिलहाल शनिवार रात तक का कोई सुराग नहीं मिल पाया था।



## ब्लॉक स्तरीय समन्वयक बैठक हुई आयोजित

राहुल गुप्ता

**राजपुर,निप्र।** राजपुर में ब्लॉक स्तरीय समन्वयक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सीएचएमओ डॉ सुरेखा जमरे बीएमओ डॉक्टर देवेंद्र रोमड़े बीपीएम राकेश सहित सुपरवाइजर एवं अन्य उपस्थित हुए हैं महिला एवं बाल विकास विभाग से सीडीपीओ एवं समस्त सेक्टर सुपरवाइजर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर पोषण मिशन के कर्मचारी शामिल हुए हैं वहीं बैठक में शीघ्र गर्भावस्था की पहचान एवं पंजीकरण 04 प्रसव पूर्व जांच आंकलन संस्थागत प्रसव संस्थागत व घरेलू प्रसव का आकलन ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस साथ ही संपूर्ण टीकाकरण टीकाकरण के राष्टीय कार्यक्रम के विषय पर चर्चा की गई।

## विधायक के जन्मदिन पर उमड़ा जनसमूह, रक्तदान कर निभाया सरोकार

विनय उजाला







**बड़वानी,निप्र।** विधानसभा के विधायक राजन मंडलोई का जन्मदिन शनिवार को पाटी रोड स्थित श्री रामकुल्लेश्वर मंदिर प्रांगण में मनाया गया।इस मौके पर फूल मालाएं पहनाकर,केक काटकर और मिठाईयां खिलाकर हर्ष जताया। वहीं युवाओं ने रक्तदान कर सामाजिक सरोकार निभाया। कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन सहित सेंधवा विधायक मोंटू सोलंकी, जिलाध्यक्ष नानेश चौधरी,हरचरणसिंह भाटिया,डॉ.अ.रसीद पटेल तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व नागरिक शामिल हुए।मीडिया प्रभारी अजयसिंह ठाकुर ने बताया कि सुबह विधायक राजन मंडलोई और उनकी पत्नी पल्लवी मंडलोई के साथ राजघाट पहुंचे और मां नर्मदा का अभिषेक कर पूजन-अर्चन किया।इसके बाद सेगांव स्थित गोशाला पहुंचे और गोमाता को चारा खिलाया। इसके बाद भगवान श्रीराम कुल्लेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान शिवजी का अभिषेक कर पूजन-अर्चन किया। इसके बाद भोजन की परोसगारी की शुरूआत हुई,जो शाम तक जारी रही। सुबह से शाम तक जन्मदिन के केक कटने और फूल मालाएं पहनाने का दौर जारी रहा। बड़वानी सहित धार जिले से भी बड़ी संख्या में लोग विधायक के जन्मदिन पर बधाईयां देने पहुंचे।राकेशसिंह जाधव ने बताया कि क्षत्रिय राजपूत समाज ने राजपूताना अंदाजा में पारंपरिक साफा पहनाकर विधायक को बधाई दी। वहीं धनगर समाज,पेंशनर्स एसोसिएशन सहित विभिन्न समाज, संगठनों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, नागरिकों ने विधायक को पुष्पहार पहनाकर और केक काटकर बधाईयां दी।

25 यूनिट रक्तदान किया जिला अस्पताल ब्लड बैंक प्रभारी मनीष पांचाल सहित टीम सदस्यों ने ब्लड वैन के साथ सेवाएं दी। दरअसल विधायक के जन्मदिन का कार्यक्रम सुबह 11 बजे शुरू हुआ। इस दौरान युवाओं की मांग पर तत्काल रक्तदान कैंप आयोजित किया। जिसमें देखते ही देखते 3 घंटे में 25 युवाओं ने जरूरत मंदों के लिए अपना खून देकर सरोकार निभाया। इस दौरान वरिष्ठ तुलसीराम यादव, रामलाल मुकाती, चंद्रशेखर यादव, मनेंद्रसिंह पटेल (बिट्टू), मनीष पुरोहित सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता और नागरिक शामिल हुए।

**सदगुरु श्री सच्चिदानंद साईनाथ महाराज के जयकारे गूंजे**

## बरसते पानी में निकली साईं पालकी यात्रा

विनय उजाला



**कसरावद,निप्र।** 'चली चली देखो साई पालकी चली', 'साईनाथ तेरे हजारों हाथ', 'ओम साई राम' जैसे सुमधुर भजनों की धुन पर श्रद्धालुओं ने बाबा की पालकी यात्रा निकाली। नगर के खरगोन मार्ग स्थित साईं मंदिर के 22वें स्थापना दिवस के अवसर पर इस वर्ष भी दो दिवसीय धार्मिक आयोजनों की शुरुआत शनिवार को पालकी यात्रा से हुई। शाम करीब साढ़े 5 बजे पालकी यात्रा नगर के जय स्तंभ चौराहे पर पहुंची, जहां श्रद्धालु श्रद्धा-भक्ति के साथ बाबा का पूजन अर्चन करते चल रहें थे। बारिश की फुहारों के बीच साईं बाबा की पालकी नगर में निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

साईं भक्तों ने पालकी को अपने कांधों पर उठाया और मार्ग में पुष्पवर्षा करते हुए स्वागत किया। पूरे रास्ते सद्गुरु सच्चिदानंद श्री साईनाथ महाराज के जयकारों की गूंज रही। पालकी यात्रा इंदौर रोड स्थित छोटा नाका, कुशवाह मोहल्ला, यादव मोहल्ला, भवानी माता चौक, श्रीराम मंदिर चौक, सन्नी चौपाटी और शिवाजी मार्ग होते हुए पुन: जय स्तंभ चौराहा होते हुए मंदिर पहुंची। मंदिर परिसर में आरती के पश्चात प्रसादी वितरण की गई। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी इंद्रदेव द्वारा बाबा की पालकी का स्वागत करते हुए वर्षा की गई। बारिश के बीच भी भक्तों की आस्था कम नहीं हुई।और बारिश के बीच भक्तों ने बाबा की पालकी को कंधे पर उठाया और पूरे मार्ग में भक्ति और उल्लास के साथ नगर भ्रमण कराया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु पालकी यात्रा में शामिल हुए।

### साथी अभियान अंतर्गत आधार कार्ड बनाने समीक्षा बैठक सम्पन्न

**खरगोन,निप्र।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले में जिला साथी इकाई समिति का गठन किया गया है। इस अभियान का प्राथमिक उद्देश्य सड़कों पर या बाल देखभाल संस्थानों में रहने वाले उन बच्चों की पहचान की गई हैं, जिनके पास आधार कार्ड नहीं हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडलेश्वर की सचिव सुश्री प्रीति जैन की अध्यक्षता एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी चन्द्रेश मण्डलोई के समन्वय में साथी अभियान में सम्मिलित विभागों जिला बाल संरक्षण अधिकारी जिला पंचायत के कार्यपालन अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

## रोटरी क्लब की जागरूकता से ग्राम कासेल में हुआ दूसरा नेत्रदान

विनय उजाला



**बड़वानी,निप्र।** जिले के राजपुर के पास कासेल की बाली बाई के निधन होने पर मंडवाड़ा के इंजीनियर अशोक राठौर ने परिजन को नेत्रदान हेतु तैयार कर एवम डॉ चक्रेश पहाडिया को सूचना दी।डॉ.चक्रेश पहाडिया एवम रोटरी क्लब सचिव ललित जैन कासेल ग्राम पहुंचे और नेत्रदान सम्पन्न करवाया और कॉर्निया निकालकर एम के इंटरनेशनल आई बैंक इंदौर पहुंचाया ।

रोटरी क्लब सचिव ललित जैन ने परिजनों से नेत्रदान का सहमति पत्र भरवायानेत्रदान में अग्रणी रहकर जागरूकता का कार्य कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता अजित ने बताया कि नेत्रदान के लिए हम लोग समय और दूरी को नजरंदाज कर देते और सेवा कार्य के लिए सदैव ततपर रहते है।नेत्रदान के लिए समय फिक्स नही होता है,व्यक्ति का निधन दिन में या देर रात कभी भी हो सकता है। ऐसे समय मे नेत्रदान के लिए जाना हर चिकित्सक के लिए संभव नही हो पाता है और कई बार नेत्रदाता परिवार तो तैयार रहता है।लेकिन डॉक्टर उपलब्ध नही होने से नेत्रदान नही हो पाता है। ऐसी पीड़ा को देखते है,इंदौर एम के इंटरनेशनल बैंक से विशेष ट्रेनिंग लेकर आये रोटरी क्लब के सदस्य जिले के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ पहाडिया ने बताया कि क्लब के जागरूकता अभियान से आम जन में नेत्रदान के विषय मे जो भ्रांतियां थीं वे अब कम हो रही है। रोटरी क्लब ने दु:ख की घड़ी में पति कानाजी सोलंकी, पुत्र मोहन सोलंकी,माधव सोलंकी, गजानंद सोलंकी, बाबूलाल, मांगीलाल, दुदालाल सोलंकी, चेनाजी एवम पवन काग का आभार व्यक्त किया की।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस थाने में किया पौधा रोपण



**हरसूद,निप्र।** शनिवार सुबह हरसूद पुलिस द्वारा पुलिस थाने में पौधा रोपण किया गया। हरसूद थाना प्रभारी राजकुमार राठौर के मार्गदर्शन में हरसूद थाना परिसर में आम, जामुन, खिरनी, नींबू सहित विभिन्न प्रजातियों के करीब 35 फलदार पौधों का रोपण किया गया। हरसूद थाना प्रभारी राजकुमार राठौर, उपनिरीक्षक रमेश मौरे, श्रीमती लीला बघेल, प्रधान आरक्षक मंगलसिंह, वीरसिंह राजपूत सहित समस्त स्टाफने थाना परिसर में पौधा रोपण किया।

### बैतूल फांटे पर 7 से प्रारंभ होगा दादाजी का भंडारा, तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे दादाजी भक्त



**हरसूद,निप्र।** गुरूपूर्णिमा पव पर बडी संख्या में दादाजी भक्त श्री धूनी वाले दादाजी आश्रम खंडवा पहुंचते हैं। दादाजी भक्तों के लिए श्री दादाजी भक्त मंडल हरसूद द्वारा प्रतिवर्ष बैतूल फांटे पर भंडारे का आयोजन किया जाता है। दादाजी भक्तों ने बताया कि बैतूल फांटे पर 7 जुलाई से भंडारा प्रारंभ हो जाएगा जो सतत 10 जुलाई तक चलेगा। भंडारे को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप देने में भंडारा समिति के सदस्यगण जुटे हुए हैं।

### नागपंचमी एवं श्रावण मास के मद्देनज़र भिलट देव मंदिर शिखरधाम की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण



**नागलवाड़ी( बड़वानी ),निप्र।** पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर के निर्देशन में आगामी नागपंचमी पर्व एवं श्रावण मास को दृष्टिगत रखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर, रक्षित निरीक्षक चेतन सिंह बघेल, सुबेदार सुश्री उषा सिसोदिया एवं थाना प्रभारी नागलवाड़ी निरीक्षक माधव सिंह ठाकुर द्वारा थाना नागलवाड़ी क्षेत्र अंतर्गत स्थित प्रसिद्ध शिखरधाम भिलट देव मंदिर का सुरक्षा दृष्टिकोण से बारिकी से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मंदिर के पुजारी राजेन्द्र बाबा एवं मंदिर समिति के प्रबंधक हिरालाल सोलंकी से चर्चा कर मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, श्रद्धालुओं की भीड़ प्रबंधन व्यवस्था, पार्किंग एवं यातायात नियंत्रण, रेलिंग व प्रवेश/निकास व्यवस्था, बायपास मार्ग की व्यवस्था मेला परिसर की तैयारियों पर समीक्षा की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा श्रावण मास में आने वाले कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बड़वानी पुलिस का उद्देश्य पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराना है।

### प्रसव केंद्रों पर पदस्थ मेडिकल ऑफिसरों की समीक्षा बैठक हुई



**खरगोन,निप्र।** शनिवार को कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागृह में समस्त मेडिकल ऑफिसर एवं इंचार्ज नर्स की बैठक का आयोजन किया गया है। इस दौरान कलेक्टर द्वारा प्रसव केंद्रवार समीक्षा की गई है। जिले में कुल 49 प्रसव केंद्र है, उसमें से जो प्रसव केंद्र क्रियाशील नहीं है,उन्हें क्रियाशील करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने विशेष तौर पर भीकनगांव विकासखंड के ग्राम दौड़वा, भगवानपुरा विकासखंड के ग्राम देवनालिया, झिरन्या विकासखंड के ग्राम मलगांव, कसरावद विकासखंड के ग्राम मगरखेड़ी , गोगावा के ग्राम नागझरी एवं बड़गांव प्रसव केंद्रो पर समस्त प्रकार के उपकरण एवं मानव संसाधन की पूर्ति करते हुए तत्काल प्रसव केंद्र 25 जुलाई तक क्रियाशील करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में मेडिकल ऑफिसर द्वारा बताया गया कि कुछ प्रसव केंद्रो पर ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, वार्मर, सक्शन मशीन, क्रेश कार्ड , मेडिसीन ट्रे, बेड, ऑटो क्लेव, ड्रम, उपलब्ध नहीं है, उन्हें तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला स्टोर शाखा प्रभारी को दिए गए है। जिन प्रसव केंद्रो पर उपकरण खराब है, उन्हें जिला कार्यालय के स्टोर शाखा में जमा कराने को कहा गया है।

### ठिबगांव बुजुर्ग एवं कुंडिया में नल-जल योजनाओं के संचालन एवं पेयजल गुणवत्ता का दिया प्रशिक्षण




**खरगोन,निप्र।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश सिंह निर्देशानुसार तथा कार्यपालन अधिकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग राहुल सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में 05 जुलाई को विकासखंडगोगांवा की पंचायत ठिबगाँव बुजुर्ग एवं कुंडिया में नल-जल योजनाओं के संचालन, संधारण एवं पेयजल गुणवत्ता परीक्षण के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में पीएचई विभाग के विकासखंड समन्वयक विजय पाटीदार, रसायनज्ञ रामचंद्र यादव तथा एनआरएलएम ब्लॉक प्रबंधक गजेंद्र राठौड़ द्वारा पेयजल की गुणवत्ता जांच, क्लोरिनेशन की प्रक्रिया, नल-जल योजना के सुचारू संचालन एवं संधारण की जानकारी दी गई।

# इंस्पायर योजना में अरिहंत का मॉडल जिले में प्रथम, राज्य स्तर पर चयन

विनय उजाला



**हरसूद,निप्र।** इंस्पायर योजना के अन्तर्गत सीएम राइज स्कूल खंडवा में दो दिवसीय विज्ञान मेला शुरु हुआ। जिसमें जिले के 91 प्राइवेट व शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों ने अलग-अलग विषयों पर मॉडल प्रस्तुत किए।

अरिहंत स्कूल के दो विद्यार्थी दार्शिका द्वारा स्मार्ट वॉकर व देविका राजपूत द्वारा एनीमल सेफ्टी सिस्टम इन व्हीकल्स वर्किंग मॉडल बनाए थे। जिलास्तरीय प्रदर्शनी में देविका राजपूत का एनीमल सेफ्टी सिस्टम प्रथम स्थान पर रहा। छात्रा को कलेक्टर ऋषभ गुप्ता, डीईओ पीएस सौलंकी, दिल्ली के वैज्ञानिक सुनील भास्कर, प्राचार्य समीर दीक्षित, सीएम राइज स्कूल प्राचार्य डा. संजय निम्भोरकर ने प्रथम पुरुस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान किया।

छात्रा की इस उपलब्धि पर बीईओ रोहिणी पंवार, बीआरसी तरुण कुमार झिंझोरे, एसएस सौलंकी, संचालक संतोष जैन, कोषाध्यक्ष कविता जैन, प्रधान अध्यापिका प्रीति दुबे, मेनेजिंग डायरेक्टर अक्षत जैन, संदीप लौवंशी, आकांक्षा ठाकुर, यशस्वी खमेले सहित समस्त स्टाफ ने बधाई प्रेषित की। छात्रा देविका राजपूत का राज्य स्तर पर चयन हुआ है। अब अरिहंत की छात्रा राज्य में खंडवा जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।

## ग्राम करी में घर से नकदी, चांदी के आभूषण व मोबाइल चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

विनय उजाला

**बड़वानी,निप्र।** पुलिस को चोरी के एक गंभीर प्रकरण में बड़ी सफलता मिली है। ग्राम करी में एक घर से नकदी, चांदी के गहनों व मोबाइल चोरी करने वाले शातिर चोर भूपेन्द्र पिता जयसिंह चौहान (उम्र 24 वर्ष), निवासी ग्राम सेगांव को गिरफ्तार कर चोरी किया गया सामान जप्त किया गया है। 2 जुलाई 2025 को फरियादी राजू पिता मुकुंद परमार निवासी ग्राम करी ने थाना बड़वानी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात 3ः30 बजे घर में बर्तन गिरने की आवाज सुनकर वह जागा और देखा कि एक अज्ञात व्यक्ति घर से भाग रहा है। फरियादी ने अपने लड़के करण के साथ आरोपी का पीछा कर खेतों में पकड़ लिया, जिसने अपना नाम भूपेन्द्र बताया ।घर की तलाशी लेने पर पता चला कि गोदरेज की अलमारी व पलंग से कुल 28,200 कीमत के चांदी के आभूषण, 13,000 मूल्य का वीवो मोबाइल व 2,500 नकद चोरी हो गए हैं। इस पर अपराध क्रमांक 501/2025, धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। कार्रवाई का खुलासा पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर के निर्देश में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर एवं एसडीओपी श्री दिनेश सिंह चौहान के मार्गदर्शन में निरीक्षक श्री दिनेश सिंह कुशवाह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई की गई। पकड़े गए आरोपी की निशानदेही पर ग्राम करी में फरियादी के घर से 100 फीट दूर खेत की झाड़ियों से चोरी किया गया सामान बरामद किया गया।

## नि:शुल्क स्पोकन इंग्लिश एवं जनरल नॉलेज क्लासेस का आयोजन

विनय उजाला

**झाबुआ,निप्र।** रोटरी क्लब 'मेन' द्वारा नए सत्र में किए जाने वाले कार्यक्रमों को लेकर क्लब की महत्वपूर्ण बैठक 4 जुलाई, शुक्रवार रात्रि में आयोजित हुई। जिसमें क्लब द्वारा एक माह तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार को रोटरी क्लब सदन के सभा कक्ष में बच्चों के लिए नि:शुल्क स्पोकन एवं जनरल नॉलेज की क्लासेस आयोजित करने के साथ 15 जुलाई को जिले के चयनित दिव्यांगजनों को रोजगार के लिए नि:शुल्क सामग्री वितरण समारोह और 26 जुलाई को नि:शुल्क डेंटल तथा हैल्थ शिविर आयोजित करने पर चर्चा की गई। बैठक प्रारंभ करने की घोषणा रोटरी क्लब अध्यक्ष मनोज पाठक ने की। बाद क्लब सचिव डॉ. अंकित गुप्ता ने बैठक के एंजेंडे से अवगत करवाया कि जुलाई माह में प्रत्येक रविवार को कक्षा 6वीं से 12वीं तक के स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए स्थानीय सिद्धेश्वर कॉलोनी स्थित रोटरी सदन में नि:शुल्क स्पोकन इंग्लिश एवं जनरल नॉलेज की क्लासेस का आयोजन दोपहर 12 से 1 बजे तक किया जाएगा। जिसके कार्यक्रम संयोजक एवं प्रशिक्षक रोटरी क्लब के प्रोजेक्ट चेयरमेन हिमांशु त्रिवेदी रहेंगे। इस क्लासेंस का उद्देश्य बालक-बालिकाओं के आत्मविश्वास को मजबूत करना तथा उन्हें इंग्लिश बोलना, सीखाना तथा देश-दुनिया के महत्वपूर्ण सामान्य ज्ञान की जानकारी उपलब्ध करवाना है। इस क्लासेंस में पंजीयन के लिए छात्र-छात्राएं रोटरी क्लब अध्यक्ष मनोज पाठक से मोबाईल नंबर 94251-02489, सचिव डॉ. अंकित गुप्ता से मोबाईल नंबर 90990-05661 एवं कार्यक्रम संयोजक तथा प्रशिक्षक हिमांशु त्रिवेदी से मोबाईल नंबर 79872-93368 पर संपर्क कर अपना पंजीयन करवा सकते है।

## डेयरी संचालक पर 2 लाख रुपए का जुर्माना

विनय उजाला

**शाजापुर,निप्र।** न्याय निर्णयन अधिकारी एवं पदेन अपर जिला दण्डाधिकारी श्री बी.एस. सोलंकी द्वारा पारित आदेश के तहत अवमानक गाय-भैंस के मिश्रित दूध के कारोबार करने के कारण मक्सी स्थित मस्ताना दूध डेयरी के संचालक देवास जिले के बरखेड़ा तहसील टोंकखुर्द के निवासी अखिलेश पटेल पर 2 लाख रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया है। तत्कालीन खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपा टाटवाडे द्वारा 26 फरवरी 2024 को डेयरी पर निरीक्षण कर दूध का नमूना संग्रहित किया गया था। जांच रिपोर्ट में दूध को अवमानक श्रेणी का पाया गया। इसके आधार पर जुर्माने का आदेश पारित किया गया।

**पश्चिम रेलवे-वडोदरा मंडल**

**विभिन्न सड़क ओवर ब्रिज की स्टील संरचना**

**ई-निविदा सूचना संख्या: DYCE-BR-BRC-08-2025-26;** भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए उप मुख्य अभियंता (ब्रिज-लाइन), वडोदरा, पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा- 390004 निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते है: **क्र. सं. (1) निविदा संख्या: DYCE-BR-BRC-08-2025-26. कार्य का नाम: "रतलाम मण्डल:** विभिन्न रोड ओवर ब्रिजिस (20 मात्रा) की स्टील संरचना की सूचित पेंटिंग एवं गर्डर ब्रिजिस 226UP/DN, 29AUP, 29DN, 94DN, 120DN, 145DN, 519 (08 मात्रा) द्वारा खुली वेब में यातायात पाथवे का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 2,86,89,728.89/- **बोली सुरक्षा जमा कराना:** ₹ 2,93,500.00/- **निविदा जमा करने और निविदा खोलने की तिथि और समय:** निविदाएं दि. **08.08.2025** को 15.00 बजे से पहले जमा कराना है और उसी दिन 15.30 बजे खोली जाएगी। **वेबसाइट विवरण और सूचना बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा का पूर्ण विवरण देख सकते हैं: वेबसाइट @ www.ireps.gov.in** उप मुख्य अभियंता (ब्रिज-लाइन) वडोदरा पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा-390004 095

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

# योमे आशुरा पर सुबह से शाम तक गूंजा या हुसैन

इब्राहिम रिज़वी



**मानपुर, निप्र।** इमाम हुसैन की शहादत का दिन योमे आशुरा पर शनिवार को सुबह से लेकर शाम तक या हुसैन की सदा गुंजती रहीं। आंखों से अविरल आंसू बहते जा रहें थे। सिसकियां और मातम की सदा फिजाओं में थी। ग़म की इस इतेंहा और हुसैन व एहलेबेत पर हुए जुल्मों सितम को देख कर आज आसमान भी रो पड़ा ।

सवेरे से सूरज भी बादलों की ओट में छिप गया और पेड़ों ने भी पत्तों को बांध लिया और हवा भी बहने को तैयार नहीं! कुल मिलाकर वातावरण भी बेझील था। गोया ये लग रहा था कि कुदरत भी हुसैन के ग़म के लिए तैयार थी। इमाम हुसैन व एहलेबेत की शहादत शुरू हुई वैसे ही आसमान से बारिश शुरू हो गई और इमाम हुसैन की शहादत तक आंखों आंसुओं की बारिश आसमान से बारिश मानों एकाकार हो गई!

घड़ी में शाम को 3ः50 बजे जैसे ही मानपुर में मर्कज़ में स्क्रीन पर सय्यदना मुफद्दल सैफुद्दीन मौला के दीदार हुए मानपुर के अलावा आसपास से बड़ी संख्या में आए समाजजनों की आंखों से आंसुओं की धारा रूकने का नाम नहीं ले रही थी। आंखों से आंसू, दोनों हाथों से पूरजोश मातम और जुबां से या हुसैन की सदा।

असंख्य निगाहें स्क्रीन पर सय्यदना साहब के दीदार के लिए जम गई हैं। नज़र और मन एकाग्र होकर सांस थाम कर सिर्फ सय्यदना साहब को योमे आशुरा अस्र के वक्त अपनी आंखों से अपलक देखने में खोई थी। वक्त जैसे रूक गया हों । वक्त के बहुत छोटे से टूकड़े मे अपने दाई सय्यदना आलीकदर मुफद्दल सैफुद्दीन की एक झलक मिल जाएं! दाई के दीदार की प्यास ऐसी की मौला की नज़र उस पर हो जाए तो, जैसे रेगिस्तान मे प्यासे को पानी मिल जाए तो उसके कलेजे को जैसे ठंडक मिलती है। क्योंकि मन मे तो यही चलता है कि जिस वक्त अपने मौला के दीदार कर रहा है,मौला की नज़र भी उस पर होगी। और आप दिल मे जो कुछ है सब जान लेंगे। उसे तो कुछ कहने की भी जरूरत नहीं होगी।

शनिवार आशुरा के दिन बोहरा समाज के 53 वे दाई सय्यदना मुफद्दल सैफुद्दीन मौला ने फरमाया की तमे आज खुब रोई लेजो , मातम करी लेजो। आज तो पुरो दिन सिर्फ तमारा लबों पर हुसैन, हुसैन और सिर्फ हुसैन नु नाम होय। आजे तमे सब हुसैन पर एक नहीं हजार आंसु से फिदा थाजों। सुबह से लेकर शाम तक हर और से एक ही आवाज आती रही या हुसैन , या हुसैन , या हुसैन शनिवार मोहर्रम की दसवी तारीख योमे आशुरा पर बोहरा समाज ने इमाम हुसैन की शहादत के दिन फाका रख कर हुसैन की तीन दिन की भूख और प्यास को याद कर आंसू बहाकर पुरजोश मातम किया ।इस वर्ष सय्यदना मुफद्दल सैफुद्दीन मौला ने चेन्नई की सैफी मस्जिद मे अशरा मुबारक की नौ दिवसीय वाअज़ की।

सय्यदना मुफद्दल सैफुद्दीन मौला की वाअज़ का चेन्नई से सीधा प्रसारण मध्य प्रदेश के इंदौर, उज्जैन, रतलाम, देवास ,शाजापुर, आलोट, बड़नगर, खाचरोद ,महू, मानपुर , जावरा में हुआ।

**पश्चिम रेलवे-वडोदरा मंडल**

**फिक्सिंग साइड पाथवे और एपॉक्सी पेंटिंग प्रदान करना**

**ई-निविदा सूचना संख्या: DYCE-BR-BRC-09-2025-26;** भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए उप मुख्य अभियंता (ब्रिज-लाइन), वडोदरा, पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा- 390004 निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते है: **क्र. सं. (1) निविदा संख्या: DYCE-BR-BRC-09-2025-26. कार्य का नाम: "रतलाम मण्डल:** SSE/BR/RTM अंतर्गत ब्रिज सं. 232 DN (4x30.5M) का मजबूतीकरण और SSE/BR/UJN एवं SSE/BR/RTM के क्षेत्राधिकार में विभिन्न मुख्य/महत्वपूर्ण ट्रेक ब्रिजिस पर फिक्सिंग साइड पाथवे एवं इपॉक्सी पेंटिंग और प्रावधान करना। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 8,28,92,916.38/- **बोली सुरक्षा जमा कराना:** ₹ 5,64,500.00/- **निविदा जमा करने और निविदा खोलने की तिथि और समय:** निविदाएं दि. **08.08.2025** को 15.00 बजे से पहले जमा कराना है और उसी दिन 15.30 बजे खोली जाएगी। **वेबसाइट विवरण और सूचना बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा का पूर्ण विवरण देख सकते हैं: वेबसाइट @ www.ireps.gov.in** उप मुख्य अभियंता (ब्रिज-लाइन) वडोदरा पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा-390004 096

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**:: जाहिर सूचना ::**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री/श्रीमती इमरान शेख पिता स्व. आबिद शेख, इरफान पिता स्व. आबिद, अनवर पिता स्व. आबिद, शहनाज पिता स्व. आबिद, सरवर पिता स्व. आबिद** द्वारा झोन 12 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वसीयतनामा, वारिसनाते, शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, लिंक दस्तावेज प्रस्तुत कर सर्विस/पिन नं.**1001122124, पता- 20-1-3 चन्द्रभागा, इंदौर** पर नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य संपत्ति पर आपत्ति हो तो झोन-12 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रमांक-12 नगर पालिका निगम इंदौर**

**:: जाहिर सूचना ::**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **रामसेवक पिता ताराचन्द जगनवार** झोन 32, राजस्व विभाग पर सर्विस क्रं./पिन क्रं. **1001236841**, पता - **23, AXC स्कीम 71-जी-14, राधाकृष्ण कॉम्पलेक्स, इंदौर** के दर्ज नाम पर संपत्ति का नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो झोन क्रं. 32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी अधिकारी, पंजीयन कार्यालय, मोती तबेला झोन क्रं.32, नगर पालिक निगम इंदौर**

**:: जाहिर सूचना ::**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **मालती पति रमेशचन्द्र** झोन 32, राजस्व विभाग पर सर्विस क्रं./पिन क्रं. **1003268769**, पता - **51, जनशक्तिनगर, व्यंकटेश नगर, छोटा बांगड़दा, इंदौर** के दर्ज नाम पर संपत्ति का नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो झोन क्रं. 32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी अधिकारी, पंजीयन कार्यालय, मोती तबेला झोन क्रं.32, नगर पालिक निगम इंदौर**

**:: जाहिर सूचना ::**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **नकुल पिता कैलाश सिंह सेंधव** झोन 32, राजस्व विभाग पर सर्विस क्रं./पिन क्रं. **1002893059**, पता - **1024, हरेकृष्ण विहार कॉलोनी, इंदौर** के दर्ज नाम पर संपत्ति का नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो झोन क्रं. 32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी अधिकारी, पंजीयन कार्यालय, मोती तबेला झोन क्रं.32, नगर पालिक निगम इंदौर**

**:: जाहिर सूचना ::**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **शीतल पति आलोक भार्गव** झोन 32, राजस्व विभाग पर सर्विस क्रं./पिन क्रं. **1001019247**, पता - **3-4, डायमण्ड कॉलोनी, 213 डायमण्ड ट्रेड सेंटर, इंदौर** के दर्ज नाम पर संपत्ति का नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो झोन क्रं. 32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी अधिकारी, पंजीयन कार्यालय, मोती तबेला झोन क्रं.32, नगर पालिक निगम इंदौर**

**:: जाहिर सूचना ::**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री/श्रीमती अखिलेश पाठक पिता स्व. दिनेशचन्द्र, भागीरथी बाई पति स्व. दिनेशचन्द्र, नितेश पाठक पिता स्व. दिनेश चन्द्र** द्वारा झोन 12 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वसीयतनामा, वारिसनाते, शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, लिंक दस्तावेज प्रस्तुत कर सर्विस/पिन नं.**1001115681, पता- 9, व्यासफला इंदौर** पर नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य संपत्ति पर आपत्ति हो तो झोन-12 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रमांक-12 नगर पालिका निगम इंदौर**

**:: जाहिर सूचना ::**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **सुनील पिता जगदीश अग्रवाल** के द्वारा झोन 19 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान/भूखंड नंबर **34, पाम फिल्ड कॉलोनी, इंदौर** पिन नं. **1004034062** संपत्ति का नामांतरण चाहा गया है। यह जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि तय किया है। व्यक्ति बैंक संस्था अन्य को उक्त संपत्ति पर आपत्ति हो तो झोन-19 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 19 नगर पालिका निगम इंदौर**

**:: जाहिर सूचना ::**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **संदीप गुप्ता पिता अशोक कुमार गुप्ता** के द्वारा झोन 19 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान/भूखंड नंबर **16, पाम फिल्ड कॉलोनी, इंदौर** पिन नं. **1004034062** संपत्ति का नामांतरण चाहा गया है। यह जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि तय किया है। व्यक्ति बैंक संस्था अन्य को उक्त संपत्ति पर आपत्ति हो तो झोन-19 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 19 नगर पालिका निगम इंदौर**

**:: जाहिर सूचना ::**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **पवन पिता किशनचन्द पोप्टानी व श्रीमती दीपिका नेम्वानी** के द्वारा झोन 19 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान/भूखंड नंबर **48, पाम फिल्ड कॉलोनी, इंदौर** पिन नं. **1004034062** संपत्ति का नामांतरण चाहा गया है। यह जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि तय किया है। व्यक्ति बैंक संस्था अन्य को उक्त संपत्ति पर आपत्ति हो तो झोन-19 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 19 नगर पालिका निगम इंदौर**

**:: जाहिर सूचना ::**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती आरुषी पिता मुकुल माहेश्वरी** के द्वारा झोन 19 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान/भूखंड नंबर **8, पाम फिल्ड कॉलोनी, इंदौर** पिन नं. **1004034062** संपत्ति का नामांतरण चाहा गया है। यह जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि तय किया है। व्यक्ति बैंक संस्था अन्य को उक्त संपत्ति पर आपत्ति हो तो झोन-19 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 19 नगर पालिका निगम इंदौर**

**:: जाहिर सूचना ::**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **पूजा नितेश नीमा** के द्वारा झोन 19 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान/भूखंड नंबर **203, ब्लॉक बी देव दर्शन भिचौली मर्दाना, इंदौर** पिन नं. **1001324081** संपत्ति का नामांतरण चाहा गया है। यह जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि तय किया है। व्यक्ति बैंक संस्था अन्य को उक्त संपत्ति पर आपत्ति हो तो झोन-19 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 19 नगर पालिका निगम इंदौर**

## संक्षिप्त समाचार

### जीराबाद निशा कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम संपन्न



**बाकानेर (सैयद रिजवान अली)।** जीराबाद निशा कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल मै एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम युवा सामाजिक कार्यकर्ता रोशनी पिपलोदिया के मुख्याअतिथि मै संपन्न हुआ। इस अवसर पर सरपंच घुरसल मेहर सिंह अचाले, प्राचार्य निशा खान, शिक्षक संदीप भाबर, छगन गहलोत मानसिंह बघेल अर्जुन मुजाल्दा, विक्रम कलसिंह इरफान शाह, साजिद मंसूरी जितेंद्र भंवर, मुकेश कुमार तूफान सींग, पंकज मुखर्जी, प्रिया मुखर्जी, रूबी मुखर्जी, रिया मुखर्जी ने पुष्प माला से स्वागत सम्मान किया इस अवसर पर बच्चों को कापी पेन दिए बिस्किट दिए। मुख्य अतिथि रोशनी पिपलोदिया प्राचार्य निशा खान ने कहा ज्यादा से ज्यादा पेड़ मां के नाम लगाए स्कूल स्टाफ सभी ने निशा कान्वेंट स्कूल परिसर मै एक पेड़ मां के नाम लगा कर वृक्षारोपण किया।

### गुरूपूर्णिमा पर 10 जुलाई को श्री सरस्वती नंदन स्वामी भजनाश्रम वैकुंठधाम गुरूद्वारा पर होंगे विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम

**झाबुआ, निप्र।** श्री सरस्वतीनंदन स्वामी भजनाश्रम वैकुंठधाम गुरूद्वारा थांदला में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गुरूपूर्णिमा का पुण्यकारी महोत्सव आषाण शुक्ल पूर्णिमा (व्यास पूर्णिमा) पर 10 जुलाई, गुरूवार को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए श्री सरस्वतीनंदन स्वामी भजनाश्रम धार्मिक न्यास के आश्रम प्रभारी पं. भूदेव आचार्य एवं न्यास तथा भक्त मंडल अध्यक्ष राजेन्द्रप्रसाद अग्निहोत्री ने बताया कि गुरूपूर्णिमा पर 10 जुलाई गुरूवार अलसुबह ब्रम्ह मुर्हुत में 4 बजे से श्री सरस्वतीनंदनजी स्वामीजी की प्रतिमा का महाभिषेक पश्चात् 6 बजे से मंगला आरती होगी। 8 बजे सद्गुरू की पादुका पूजन की जाएगी। दोपहर 12 बजे से महाआरती पश्चात् महाप्रसादी (भंडारे) का आयोजन रखा गया है। ज्ञातव्य रहे कि गुरूपूर्णिमा पर आश्रम में श्री सरस्वतीनंदजी स्वामीजी के दर्शन एवं पूजन हेतु ना केवल झाबुआ जिले अपितु मप्र, गुजरात, राजस्थान एवं महाराष्ट्र में विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में गुरू भक्त पहुंचते है। यहां दिनभर गुरू भक्तों के मेले जैसा माहौल रहता है। न्यास एवं भक्त मंडल के उपाध्यक्ष श्रीरंग आचार्य एवं रमेन्द्र सोनी, सचिव डॉ. जया पाठक, कोषाध्यक्ष भागवतप्रसाद शुक्ल, संयोजक तुषार भट्ट एवं दीपक आचार्य, प्रदीप अरोड़ा एवं समस्त भक्त मंडल ने उक्त सभी धार्मिक आयोजनों में गुरू भक्तों से अधिकाधिक संख्या में पधारकर लाभ लेने हेतु अपील की है।



### श्री बड़केश्वर महादेव मंदिर नेहरू मार्ग से सोमवार 21 जुलाई को निकलेगी द्वितीय कावड़ यात्रा

**झाबुआ, निप्र।** शहर के नेहरू मार्ग पर प्राचीन श्री संतोषी माता मंदिर स्थित श्री बड़केश्वर महादेव मंदिर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रावण मास में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे। आयोजन को लेकर श्री बड़केश्वर महादेव ग्रुप की प्रथम बैठक मंदिर परिसर में आयोजित हुई। जिसमें तय किया गया कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रावण मास के दूसरे सोमवार 21 जुलाई को देवझिरी से झाबुआ तक भव्य कावड़ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए मंदिर के सेवक जगदीश बैरागी ने बताया कि श्रावण मास में श्री बड़केश्वर महादेव मंदिर में भक्तों की प्रतिदिन दर्शन-पूजन के लिए भीड़ रहने के साथ माह के प्रत्येक सोमवार को भगवान भोलेनाथजी का अलग-अलग रूपों में सुंदर श्रृंगार कर विशेष आरती एवं प्रसादी का आयोजन होगा। श्री बड़केश्वर महादेवजी शिव परिवार के साथ मंदिर में विराजमान है।

**अमृत हरित अभियान :** जीरो बजट को ध्यान में रखते हुए सायरन बजते ही पांच हजार पौधे रोपे

# पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधों की आवश्यकता- विधायक वर्मा

विनय उजाला

**धार, निप्र।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अमृत हरित अभियान के तहत वृहद स्तर पर पौधारोपण किया जाएगा, इसकी शुरुआत शनिवार सुबह 10 बजे डीआरपी लाइन से की गई है। नपा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पांच हजार पौधों को एक साथ रोपित किया गया। कार्यक्रम में विधायक नीना वर्मा, नपा अध्यक्ष नेहा महेश बोडाने व सीएमओ कु विश्वनाथ सिंह, आरआई पुरुषोत्तम विश्नोई सहित पुलिस व नपा का स्टॉफ मौजूद रहा। जहां पर पहले सायरन बजाया गया, जिसकी आवाज सुनते ही पर्यावरण प्रेमियों ने पौधे लगाना शुरु कर दिए। शहर की पुलिस लाइन, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीसलेंस मैदान, खेल प्राधिकरण सहित अन्यम स्थानों पर भी पौधारोपण हुआ है।






दरअसल पौधारोपण का आयोजन जीरो बजट को ध्यान में रखते हुए तय किया गया है। इसमें विभिन्न समाजसेवी और सामाजिक संगठनों द्वारा मदद की गई। इस बार पौधरोपण के साथ ही एकजुटता का संदेश भी दिया है। एक दिन पूर्व डीआरपी लाइन में मशीन से जेसीबी की मदद से गड्ढे खोदे गए थे। कार्यक्रम की शुरुआत में विधायक वर्मा ने संबोधित में कहा कि जिसप्रकार शरीर को पोषण के लिए भोजन की आवश्यकता होती है, ठीक उसी प्रकार पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधों की आवश्यकता होती है। पेड़-पौधे पर्यावरण की अशुद्धियों को सोख लेते हैं और हमें शुद्ध प्राणदायिनी वायु देते हैं। इसकी निरंतरता बनाए रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए। पेड़-पौधे लगाने के बाद उनका संरक्षण करना भी बहुत अनिवार्य है।

पौधोरोपण के दौरान नपा अध्यरक्ष नेहा बोडाने ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। इनसे पृथ्वी पर ऋतु चक्र बना रहता है। ऋतु चक्र को संतुलित बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाना और उनका संरक्षण करना अनिवार्य है। हमें पौधे का पेड़ बनने तक बच्चों की तरह संरक्षण करना चाहिए। पौधा पेड़ बनकर हमें फल देता है। वहीं एक पेड़ सैकड़ों जिंदगियां बचाने में सक्षम होता है। कुछ लोग अज्ञानता और स्वार्थ के चलते पेड़ों की कटाई कर देते हैं। इससे पर्यावरण को नुकसान होता है।

सीएमओ सिंह ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण करना प्रत्येक मनुष्य की नैतिक जिम्मेदारी है। इसके लिए हमें आगे आना चाहिए और दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए। पर्यावरण के संरक्षण के लिए हमें अपने जीवन में एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। इसी उद्देश्य को लेकर अभियान की शुरुआत की गई हैं, 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 10 हजार पौधे लगाए जाएंगे।

**सफलता की कहानी**

# आशा कार्यकर्ता सहित अन्य कर्मचारियों के प्रयास से बची शिशु की जान

विनय उजाला

**बाग, निप्र।** ग्रामीण क्षेत्रों मे आज भी कुपोषित बच्चो का मीलना जारी हे महिला कर्मचारी फिल्ड मे जब पहुचती हे तो कही न कही इसमे के केस जरुर मिलते है। इसमे खासकर परिवार की भी लापरवाही हे जो बच्चो की कमजोरी को समझती नही है ओर स्वास्थ कैन्द्र ना लाते हुए घर पर ही उपचार करते रहते है। स्वास्थ केन्द्र की कर्मचारी जब इनके पास पहुती हे ओर उपचार का बोलती हे तो परिवार उसमे भी आनाकानी करता हे जिसके चलते बच्चे की जान तक भी चली जाती है एसा ही एक मामला बाग विकासखंड के अंतर्गत ग्राम अखाडा प्रा स्वा केन्द्र अखाडा के सातबिलिया फल्या निवासी पिंकी पति वेस्ता का प्रसव दिनाक 10/4/2024 को उसके मायके अलीराजपुर जिले की तहसील जोबट के सदना गाव मे हुआ था। जन्म के समय बच्चे का वजन 1,700 किलौ ग्राम था।





महिला दिनाक 15/4/2025 को उसके मायके से सुसराल अखाडा आई उसी दीन आशा के द्वारा गृह भेट के दौरान बच्चे का वजन ओर तापमान लिया गया व बच्चे ओर उसकी मा को सुरक्षित रखने के लिए समझाइश दी गई। आशा के द्वारा ब्लाक कम्युनिटी मोबिलाईजर को सुचित किया गया कि सबंधित बच्चा जिसका वजन है जो हाई रिस्क कि श्रैणि मे आता है उसके उपरांत ब्लाक कम्युनिटी मोबिलाईजर आरबीएस के चिकित्सक अधिकारी आशा कार्यकर्ता आशा सुपरवाइजर एएनएम कै द्वारा सबंधित पिंकी वेस्ता कै घर दिनाक 17/4/2025 को पुनः घर जाकर भैट कर बच्चे का वजन उसका तापमान एवं माता कि जाच कि गई साथ ही ब्लाक टिम द्वारा परिवार को समझाइश दि गई बच्चे को एस एन सियु मै भर्ती करानै हैतु मगर बच्चे कै माता पिता उसकै दादा परिवार मै शादी है वहा जाना कर कै आनाकानी करते रहै। ओर हमने निम हकीम सै इलाज करवा लिया अब कोई हमै इसका इलाज नही करवाना है। मगर आशा कार्यकर्ता कै निरंतर मेहनत ओर सैवा भाव कि भावना सै प्रभावित होकर परिवार बच्चे को एस एन सी यु मै भर्ती करानै को राजि हो गयै। दिनाक 2/4/2025 को बच्चे को बाग सामुदायिक स्वास्थ कैन्द्र लाया गया उसकै बाद बच्चे को सिविल हॉस्पिटल कुक्षी रैफर कर भर्ती किया गया। बच्चे को सात दिवस बाद उपचार पश्चात छुट्टी कर दी गई ?। इस तरह आशा कार्यकर्ता सुन्दरबाई कै अथक प्रयास एवं सैवा भाव सै शिशु कि जान बचाई गय। आशा कार्यकर्ता एवं ब्लाक टिम कै द्वारा इसी तरह मातृ व शिशु स्वास्थ कि रक्षा हेतु निरंतर प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन दिया जाता है बच्चे कि जान बचानै मै इस सफलतम कहानी मै मुख्य भूमिका आशा कार्यकर्ता सुन्दरबाई आशा सुपरवाइजर सुनिता मोरि एएनएम ममता नगैश डाक्टर मगनसिह अलावा आर बि एस कै एम ओ डाक्टर सुरैखा परिहार ब्लाक कम्युनिटी मोबिलाईजर आदि समस्त स्वास्थ अमलै कै द्वारा किए गयै अथक प्रयासो सै बच्चा चार माह का हो गया है जच्चा बच्चा दोनों स्वास्थ्य है।

## श्रावण मास में प्राचीन श्री बाड़ी हनुमान मंदिर में अखंड श्री रामायण पाठ का होगा आयोजन

विनय उजाला

**झाबुआ, निप्र।** श्री रामायण मंडल झाबुआ द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रावण मास में नेहरू मार्ग स्थित प्राचीन श्री बाड़ी हनुमान मंदिर पर अखंड श्री रामायण पाठ का आयोजन होगा। इस वर्ष यह 15वां आयोजन किया जाएगा।

श्री रामायण मंडल से प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 जुलाई को एलआई कॉलोनी में श्री हनुमान मंदिर पर एक दिवसीय अखंड रामायण पाठ पश्चात् 11 जुलाई को टीचर्स कॉलोनी में मंडल के सदस्य शांतिलाल चौहान के निवास पर श्री रामायण पाठ होगा। 12 जुलाई से प्राचीन श्री बाड़ी हनुमान मंदिर में विधि-विधान से पूजन कर श्रीराम दरबार की स्थापना पश्चात् संगीतमय वाद्य यंत्रों के साथ अखंड श्री रामायण पाठ आरंभ होगा। जिसमें श्री रामायण मंडल के सदस्यों के साथ शहर के भक्तजनों द्वारा समयानुसार पधारकर समधुर भजनों के साथ श्री रामायण पाठ की चौपाईयों का वाचन किया जाएगा।



### पूर्णाहूति पर महाआरती एवं प्रसादी का आयोजन

मंदिर पर अखंड रामायण पाठ 11 अगस्त, सोमवार सुबह 9 बजे तक चलेगा। 10 से 12 बजे तक हवन पश्चात् पूर्णाहूति पर महाआरती की जाएगी। पश्चात् श्री रामायण पाठी भक्तों के लिए भोजन (प्रसादी) का आयोजन रखा गया है। श्री रामायण मंडल द्वारा श्रावण मास में शहर के भक्तजनों से अखंड श्री रामायण पाठ में समायानुसार पधारकर लाभ लेने हेतु अपील की है।

# विद्युत मंडल द्वारा तारों पर झूलते पेड़ों की डाली पत्तियों की छंटाई का करवाया जा रहा कार्य

**नगरपालिका की विद्युत शाखा का भी लिया जा रहा सहयोग**

विनय उजाला

**झाबुआ, निप्र।** वर्षाकाल का दौर शुरू हो चुका है। वर्षाकाल में तेज हवाएं चलने या जोरदार बारिश होने पर अक्सर वृक्षों, पेड़-पौधों की डालियां, पत्तियां आदि विद्युत खंबों एवं तारों पर झूलने से फाल्ट हो जाता है और संबंधित क्षेत्र की बिजली गुल हो जाती है। जिसके चलते विद्युत मंडल द्वारा ऐसे स्थानों पर पेड़-पौधों की पत्तियों एवं डालियों की कटाई-छटाई का कार्य करवाया जा रहा है। इस कार्य में नगरपालिका की विद्युत शाखा का भी सहयोग लिया जा रहा है।

ज्ञातव्य रहे कि प्रतिवर्ष वर्षाकाल से पूर्व विद्युत मंडल द्वारा शहर की बिजली व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए मेनटेंनस कार्य किया जाता है। जिसमें बिजली खंबों एवं तारों पर झूलते पेड़-पौधों की डालियों-पत्तियों को कटवाने के साथ उनका सुधार कार्य करवाया जाता है। सुधार कार्य इन दिनों जारी है। 5 जुलाई, शनिवार दोपहर आजाद चौक पर मेन लाईन के बिजली तारों पर पेड़ की डालियां झूलने से इसे नगरपालिका के विद्युत शाखा वाहन की मद्द से कटिंग कार्य करवाया गया। यह कार्य विद्युत मंडल के लाईन सहायक राजेशकुमार पांडे के साथ विनय शुक्ला के नेतृत्व में अमले ने किया। इससे पूर्व दिलीप गेट एवं बस स्टैंड पर शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय गड्ढ़ा स्कूल के समीप भी विद्युत मंडल द्वारा बिजली के तारों पर झूलते पेड़-पौधों की डालियों का कटिंग का कार्य करवाया गया था, ताकि तेज हवा या जोरदार बारिश होने पर विद्युत व्यवस्था बाधित ना हो।



**शहर में पुराने खंबों एवं डीपीयों को भी बदलने की आवश्यकता :** विद्युत मंडल को शहर में जगह-जगह पुराने जंग लगे एवं टेड़े विद्युत खंबों को भी बदलने की आवश्यकता है। वहीं पुरानी डीपीयों को बदलकर नई डीपी लगाए जाने की आवश्यकता है। शहर के राधाकृष्ण मार्ग में एक विद्युत खंबे टेड़ा है, जिस पर अक्सर तार झूलते रहे है। इसी प्रकार नेहरू मार्ग पर शिशु बाल विद्या मंदिर के सामने भी विद्युत खंबा पुराना होने के साथ कुछ दिनों पूर्व यहां खंबे पर लगी डीपी में अचानक आग लग गई थी। जिसके कारण डीपी के केबल, तार आदि पूरी तरह से जल गए थे। इस तरह के पुराने खंबे, डीपीयां शहर में जगह-जगह है।

# शिक्षक जिम्मेदारी से प्रशिक्षण प्राप्त कर शासन के मुख्य उद्देश्य को सफल बनाएं : प्रदीप खरे

विनय उजाला

**बाग, निप्र।** जनपद शिक्षा केंद्र बाग मे आज जिला परियोजना समन्वय डीपीसी प्रदीप कुमार खरे ने पहुंचकर कक्षा छठवीं पढ़ाने वाले सामाजिक विज्ञान विषयों के उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को मार्गदर्शित करते हुए कहा कि नवीन शिक्षण सत्र 2025/26 को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति एन ई पी 2020 के क्रियान्वयन अंतर्गत गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से कक्षा छठवीं में गणित विज्ञान सामाजिक विज्ञान विषयों की नवीन एन सी ई आर टी पुस्तके लागू की गई है इन पुस्तकों के सफल शिक्षण के लिए विकासखंड स्तरीय विषय शिक्षकों का प्रशिक्षण किया जा रहा है सभी शिक्षक जिम्मेदारी से प्रशिक्षण प्राप्त कर शासन के मुख्य उद्देश्य को सफल बनाना है इस नीति के बाद स्कूलों में परिवर्तन देखने को मिलेगा उपस्थित शिक्षकों को कहा कि आप सभी एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत आप स्वयं भी पेड़ लगाए साथ में स्कूलों में अध्यनरत बच्चों से भी पेड़ लगवाए तथा पेड़ लगाते हुए फोटो ऐप पर अपलोड कर प्रमाण पत्र प्राप्त करे डीपीसी महोदय ने कहा कि पेड़ पौधे लगाने से हमारे आसपास का पर्यावरण बहुत शुद्ध होता है जिसका सीधा असर हमारे स्वास्थ पर पड़ता है इसलिए हम सभी को अधिक से अधिक पौधे वर्षा ऋतु में लगाना चाहिए। श्री खरे ने सभी शिक्षकों को कहा की नामांकन मैपिंग कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण करे नामांकन से ही बच्चों को शासन की योजनाओं का लाभ गणवेश सायकल छात्रवृति पाठयपुस्तक मिलते हैं साथ ही कहा की किसी भी स्थिति में जीर्ण शीर्ण भवनों में शाला संचालित नहीं की जावे डिजिगो पोर्टल पर आई राशि का उपयोग तत्काल करे। साथ में उपस्थित एपीसी रमेश निगवाल ने ओलंपियाड परीक्षा के संबंध मे शिक्षकों को जानकारी दी अधिकारी के साथ बीआरसीसी धर्मेंद्र सिंह ठाकुर पृथ्वीराज चौहान निपुण भारत के जिला प्रोफेशनल शुभम् वाद्य उपस्थित थे।





**लायंस क्लब ऑफ पेटलावद ग्रेटर का अधिष्ठापन समारोह संपन्न हुआ, जीवन भंडारी ने नवीन अध्यक्ष की शपथ ली और सेवा कार्य का प्रण लिया**

# गौशाला बनाना कई जन्मों के पुण्यों का सुफल है : लायन योगेंद्र रूनवाल

मनोज पुरोहित

**पेटलावद, निप्र।** गौ माता की सेवा के लिए किया गया कार्य कई जन्म के पुण्यों का सुफल होता है। लायंस क्लब पेटलावद ग्रेटर द्वारा वृंदा आनंदम गौशाला के प्रोजेक्ट को लिया गया है। यह बहुत ही बड़ा काम है। गौ माता की सेवा कर सच्ची सेवा की जा रही है। इसके साथ ही क्लब के द्वारा पीड़ित मानवता की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहना और पूरे वर्ष भर सेवा गतिविधियों का संचालन करना साधुवाद का पात्र है। उक्त बात शुक्रवार को लायंस क्लब पेटलावद ग्रेटर के पांचवे अधिष्ठापन समारोह "शाश्वत" में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मल्टीपल कांउसील सेक्रेटरी लायन योगेंद्र रूनवाल ने कहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने द्वीप प्रज्वलीत कर किया और प्रोग्रेसीव स्कूल के बच्चों ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुती दी। इसके पश्चात स्कूली बच्चों ने राष्ट्रगान गाया। वहीं ध्वज वंदना प्रेरणा पुरोहित ने की। साथ ही विश्व शांति और पहलगांव हमले व अहमदाबाद प्लेन क्रेश में हताहत हुवे नागरिकों के लिए दो मिनिट का मौन रखा गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में प्रोग्रेसीव स्कूल की छात्राओं ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुति दे कर सभी को आकृषित किया।





समारोह के शपथ अधिकारी के रूप में उपस्थित प्रथम वाईस डिस्ट्रीक्ट गर्वनर लायन लायन जयप्रकाश त्रिपाठी ने नवीन टीम का संस्थापन करवाते हुए कहा कि लायंस क्लब पेटलावद ग्रेटर ने अपने छोटे से कार्यकाल में सेवा के सभी क्षेत्रों में कार्य किया है। पेटलावद ग्रेटर की टीम ने एक छोटे से समय में वह कर दिखाया जो कई क्लब कई वर्षों में नहीं कर पाते है। गौ माता की सेवा के लिए उनका स्थाई प्रोजेक्ट का शुभारंभ बहुत ही शानदार है। संस्थापन करवाते हुए उन्होंने क्लब के सभी सदस्यों को शपथ दिलवाई। नव मनोनीत अध्यक्ष लायन जीवन भंडारी को सभी लायन सदस्य ढोल ढमाकों के साथ मंच तक तालियां बजाते हुए लाये। जहां पर शपथ अधिकारी ने उन्हें शपथ दिलवाई। इसके साथ ही सचिव के पद पर लायन वीरेंद्र भट्ट, कोषाध्यक्ष लायन लक्ष्मी वैरागी, प्रथम उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश प्रजापति को शपथ दिलाई गई।

**मानस सेवा के परम लक्ष्य पाने में सभी का सहयोग :** नवीन अध्यक्ष लायन जीवन भंडारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मानव सेवा के पथ पर आगे बढने के लिए हमारे सहयोगीयों का मार्गदर्शन हमेशा मिलता रहे। मुझे बडी चुनौती दी गई है। जिसमें अपनी ग्रेटर टीम के साथ व आप सभी के सहयोग से पूर्ण कर पाउंगा। इस वर्ष हम गौ सेवा की दिशा में बड़ा कदम बढाने जा रहे है। जिसमें संपूर्ण नगर व आसपास के क्षेत्रों का सहयोग अपेक्षीत रहेगा। एक आदर्श गौशाला का निर्माण करना हमारा लक्ष्य है। स्व. हिरालाल परवार के परिजनों ने हमें गौ शाला निर्माण के लिए भूमीदान कर बहुत बड़ा सहयोग प्रदान किया है। इस मौके पर जीवन भंडारी के पूरे भंडारी परिवार द्वारा उनका सम्मान किया गया। वहीं अन्य सामाजिक संस्थाओं और समाजजनों ने श्री भंडारी का स्वागत व सम्मान कर बधाई दी। इस मौके पर रिजन चेयरपर्सन प्रेमलता दवे ने कहा कि लायंस क्लब पेटलावद की गतिविधियां झोन से लेकर इंटरनेशनल तक में अपनी छाप छोड़ती है। क्लब के चार्टर अध्यक्ष लायन अनिल शर्मा ने कहा कि क्लब की एकजुटता और आपसी समन्वय टीम भावना के साथ कार्य करना बड़ी उपलब्धी है। झोन चेयरपर्सन निलेश पालीवाल ने सम्बोधित किया और निवृतमान अध्यक्ष राजेश यादव के अनुपस्थिति में वीरेंद्र भट्ट ने स्वागत भाषण दिया।

### गौ शाला प्रोजेक्ट का अनावरण

इस मौके पर अतिथियों के द्वारा वृंदा आनंदम गौ शाला प्रोजेक्ट का अनावरण किया इस मौके पर अतिथिगण सहित लायंस क्लब पेटलावद ग्रेटर के सभी सदस्य और भूमी दान दाता परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। गौ शाला प्रोजेक्ट के अनावरण के साथ ही पुरा सदन उत्साह से तालीयों की आवाज से गूंज उठा। इसके साथ ही अतिथियों के द्वारा पत्रक का विमोचन किया गया। इस अवसर भूमीदान दाता धन्नालाल परवार और शंकरलाल परवार ने गौ शाला निर्माण के लिए अलग अलग 1 लाख 11 हजार 111 रूपये के दान देने की घोषणा की।

**स्कूल बैग वितरण :** माध्यमिक शाला बावड़ी की छात्राओं को अतिथियों के द्वारा स्कूल बैग वितरण किए गए। लायंस क्लब पेटलाद ग्रेटर के साथ मिलकर एक गुप्त दान दाता ने बावड़ी स्कूल के सभी विद्यार्थियों को स्कूल बैग प्रदान किए गए हैं। इस अवसर पर, प्रबोध मोदी, हेमंत भट्ट, भगवान सिंह चौहान सहित लायंस क्लब के नवीन वैरागी, सुनील राठौड, दीपक सोलंकी, दिलीप पाटीदार, प्रवीण पंवार, चंद्रशेखर गुप्ता, चेतन कटकानी, गणेश जाट आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### डीआईजी उज्जैन ने पैदल भ्रमण करते हुए आम लोगों से की बातचीत



**देवास,निप्र।** पुलिस उप महानिरीक्षक नवनीत भसीन ने देवास में आकस्मिक रूप से आगमन कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जुलूस मार्गों का पैदल चलकर अवलोकन किया एवं सुरक्षा तैयारियों की स्थिति का जायजा लिया। पुलिस उप महानिरीक्षक ने शहर के तीन प्रमुख थानों का निरीक्षण किया तथा वहां उपस्थित अधिकारियों एवं बीट अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय पुलिस की तैयारियों की सराहना करते हुए कुछ महत्त्वपूर्ण बिंदुओं पर आवश्यक सुधार हेतु निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक ने शहर में लगे सीसीटीव्ही कैमरा नेटवर्क का अवलोकन किया एवं निगरानी व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जुलूसों के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने हेतु सतर्कता बरती जाए तथा शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखे. इस अवसर पर उनके साथ जिला पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) एच.एन.बाथम, उप पुलिस अधीक्षक(एल/आर) संजय शर्मा सहित अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद भी उपस्थित रहे।


**मोहर्रम के त्यौहार के चलते देवास पुलिस की व्यवस्थाओं को सराहा, जुलूस मार्गों का किया पैदल निरीक्षण**

### एमए रिजल्ट द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी को लेकर परिषद ने सौंपा ज्ञापन



**कन्नौद,निप्र।** शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य को कुलपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। नगर मंत्री तिलक जोशी ने बताया कि हाल ही में एमए (द्वितीय सेमेस्टर) का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें कन्नौद महाविद्यालय से परीक्षा देने वाले कई विद्यार्थियों को एब्सेंट दर्शाया गया है, जबकि उन्होंने समय पर परीक्षा दी थी। इसके अलावा, कई विद्यार्थियों ने बताया कि उनके पेपर अच्छे हुए थे, फिर भी उन्हें सप्लीमेंट्री दे दी गई है। इस गंभीर लापरवाही को लेकर विद्यार्थी परिषद ने कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि जिन विद्यार्थियों को एब्सेंट या सप्लीमेंट्री दर्शाया गया है, उनकी उत्तर पुस्तिकाओं की पुन: जांच की जाए।ज्ञापन सौंपते समय परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पिपलेश्वर मंदिर पर 6 से 10 जुलाई तक गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया जायेगा



**सोनकच्छ,निप्र।** स्थानीय पिपलेश्वर महादेव मंदिर, बाबा महेश्वरानंद जी की पावन भूमि पर गुरु पूर्णिमा पर्व बड़े धूम-धाम पूर्व मनाया जायेगा। महंत लवचंद्रन महराज ने बताया कि 6 जुलाई 2025 से 10 जुलाई 2025 तक पिपलेश्वर महादेव मंदिर उदासीन आश्रम सोनकच्छ पर 6 जुलाई 2025 दिन रविवार को श्री रामचरितमानस का अखण्ड पाठ 7 जुलाई 2025 दिन सोमवार रामचरितमानस मानस पाठ की पूर्णाहुति, हवन तथा प्रसाद वितरण, 8 जुलाई 2025 दिन मंगलवार को हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ, 9 जुलाई दिन बुधवार रात्रि 8.30 बजे से नम: शिवाय मन्त्र का जप, गुरु महिमा भजन, कीर्तन, 10 जुलाई दिन गुरुवार , प्रात: काल 7.15 देव पूजन उपरांत हवन, समाधि पूजन, आरती, अरदास, प्रसाद वितरण, गुरु मंत्र दीक्षा (गुरु नाम ), आशीर्वचन, गुरू उपदेश, सत्संग,भजन कीर्तन आदि सम्पूर्ण आनंद के साथ संध्या तक पूर्ण होगा।

# देवास मोहर्रम कमेटी ने अखाड़े के उस्ताद, खलीफा और श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को किया सम्मानित

विनय उजाला



**देवास,निप्र।** मोहर्रम के पर्व पर अखाड़े शांति और सद्भावना के साथ निकाले गए। मोहर्रम की 7 तारीख को परंपरागत अखाड़े का जुलूस निकाला गया, सभी अखाड़े अपने अपने क्षेत्र की पंचायत से निकल कर तीन बत्ती चौराहा मोहर्रम कमेटी तीन बत्ती युवा ग्रुप मंच पर पहुंचे । निकलने वाले प्रमुख अखाड़े में पंजतन अखाड़ा इटावा, इंदिरा नगर युवा ग्रुप अली-ए -लश्कर अखाड़ा, आलीशान अखाड़ा मल्हार कालोनी,शान-ए- इस्लाम युवा ग्रुप अखाड़ा आनंद नगर, शहिदे जावेद अखाड़ा मोमिन टोला, मस्तान अखाड़ा नुसरत नगर, शान -ए- इलाही अखाड़ा मोहसिनपुरा आदि क्षेत्रों से अखाड़े बड़ी ही शान -ओ- शोकत के साथ सभी अखाड़े अपनी-अपनी पंचायत से निकाले गए,सभी अखाड़े पीठा रोड से,तीन बत्ती चौराहा मोहर्रम कमेटी तीन बत्ती युवा ग्रुप मंच पर पहुंचे। यहां मोहर्रम कमेटी मंच पर मेहमान ने अतिथि के रूप में काजी नोमान अहमद अशरफी एवं काजी अब्दुल कलाम फारुकी विशेष तौर पर उपस्थित रहे। मिर्जा मसऊद एहमद एडवोकेट, अंसार अहमद हाथी वाले पुर्व सभापति नगर निगम, मनोज राजानी पूर्व प्राधिकरण अध्यक्ष, शोकत हुसैन , भगवान सिंह चावड़ा, बाली घोसी पार्षद, आबिद खान पार्षद,वसिम हुसैन पार्षद, जाकीर उल्लाह शेख, भल्लु पुर्व पार्षद, इदरीश गौरी,अय्युब भारती, शाहिद मोदी, जमील शेख नेता, रिजवान कौशर, फरीद शेख, शकील खान, अध्यक्ष सीरत कमेटी शईद अहमद अशरफी, सलीम भाई खजराना,सिकदंर पहलवान नागदा ,शम्मु पहलवान,गब्बर कुरैशी मुन्ना पहलवान मिलन, मोहम्मद अली मिलन,अय्या मिलन, कासिम शेख मिलन, शाकीर मंसुरी, शाकिर अब्बासी, शौकत मंसुरी,नासीर पठान,राजु भाई मिलन,,आदि गणमान्य जन उपस्थित रहे। सभी मेहमान एवं अतिथिगण का मोहर्रम कमेटी के सदर हाजी लियाकत हुसैन मिलन, सेकेट्री तनवीर अहमद शेख, उपाध्यक्ष नईम शेख एडवोकेट ने साफा बांधकर विशेष मेडल पहनकर और स्मृति चिन्ह मोमेन्ट भेटकर इस्तकबाल किया।

अखाड़े का जुलूस तीन बत्ती चौराहा मंच से जवाहर चौक नयापुरा,शालिनी रोड,गांजा भांग चौराहा सुभाष चौक पहुंचा। जगह जगह मंच पर अखाड़े के पंच सरपंच और अखाड़े के उस्ताद खलीफा खिलाडियों का इस्तकबाल किया गया। जुलूस वाले मार्ग पर जिला पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम का भी काफी सराहनीय योगदान रहा। बीती रात मोहर्रम पर निकले अखाड़े के जुलूस में अखाड़े के उस्ताद खलीफा एवं श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को भी साफा बांधकर विशेष मेडल बनाकर मोहर्रम कमेटी के सदर हाजी लियाकत हुसैन मिलन एवं मेहमान एवं अतिथिगण दारा होंसला अफजाई कर इस्तकबाल किया गया।

मोहर्रम की 9 तारीख 6 जुलाई की शाम सुभाष चौक पंचायत उज्जैन दरवाजे का ताजिया अखाड़ा रोड से खारी बावड़ी पंचायत पहुंचेगा। यहां खारी बावड़ी पंचायत के ताजिये को लेकर शांतिपुरा होते हुए इस्लामपुरा जुलूस पहुंचेगा। यहां इस्लामपुरा के ताजिए को साथ लेकर जुलूस तहसील चौराहा एमजी रोड अलंकार जवाहर चौक से तीन बत्ती चौराहा पहुंचेंगे यहां तीन बत्ती चौराहा पर फातिहा खाने के बाद जुलूस सुभाष चौक में पहुंचेंगे।

मोहर्रम की 10 तारीख 6 जुलाई को सरकारी ताजिए का जुलूस सीनियर राजबाडा से शुरू होकर शालिनी रोड से नयापुरा पहुंचेंगे यहां रात 11.30 के दरमियान सरकारी ताजिया सहित यहां मीठा तालाब से वाहन द्वारा सभी ताजियों को कालुखैडी तालाब ले जाकर ताजियों को कालु खेड़ी तालाब में ठंडे( विसर्जन) किए जाएंगे। 10-12 ताजिए सुभाष चौक से तीन बत्ती चौराहे होते हुए जयप्रकाश मार्ग ईदगाह रोड से कर्बला मैदान गोया पहुंचेंगे। यहां तीजा कमेटी के गोया करबला मैदान में तीन दिवसीय लंगर का आयोजन किया जाएगा। 8 जुलाई की रात्रि को गोया करबला मैदान से ताजिया को कालु खेड़ी तालाब में ले जाकर ठंडे किए जाएंगे।

**अखाड़े में एक से बढ़कर एक खिलाड़ियों ने अपना-अपना प्रदर्शन किया**

अखाड़े के जुलूस में शामिल खिलाडियों ने अपने करतब का हैरतअंगेज प्रदर्शन किया, मोहर्रम कमेटी देवास एवं तीन बत्ती युवा ग्रुप द्वारा खिलाडिघ्यों की भी हौसला अफजाई की गई। मोहर्रम की 9 तारीख 5 जुलाई की शाम सीनियर पंचायत के सभी पंचायत के ताजियों का जुलूस नयापुरा से शुरू होकर जवाहर चौक मनकामेश्वर मंदिर से सीधा तीन बत्ती चौराहा पहुंचा। यहां तीन बत्ती चौराहा पर ताजियों का मुकाम रहा, फतिया खानी के बाद यहां से जुलूस सुभाष चौक में पहुंचा, यहां फातिहा खानी के बाद सुभाष चौक से जुलूस गांजा भांग चौराहा से नयापुरा पहुंचने पर जुलूस का समापन हुआ।



## मोहर्रम की 9 तारीख शनिवार को कत्ल की रात मनाई

विनय उजाला

**सोनकच्छ,निप्र।** शनिवार को नगर में मोहर्रम पर्व की 9 तारीख़ को कत्ल की रात मनाई गई। शाम को छह बजे बड़े साहब को चांदी की काठी, सेहरा, लगाम, छत्र आदि परंपरानुसार फौजदार परिवार द्वारा चढ़ाए गए। चेहरे दिखाई की रस्म अदा की गई। फातिहा पढ़कर अमन-चैन की दुआ मांगी। जिसके बाद हाथों से उठाकर बडे साहब को आगे लाकर ओटले पर रखा गया। यहां मान-मन्नतों व बच्चों को तोलने का सिलसिला देर रात्रि तक चला। रात्रि दो बजे तकिया स्थित इमामबाड़े से बड़े साहब को उठाने वाले दौड़ते हुए चमन बाजार स्थित चबुतरे पर पहुंचें। जहां फातिहा पढ़कर बडे साहब, छोटे साहब व बुराक को कांधे पर रखकर जुलूस निकाला गया। जुलूस परंपरागत मार्गों से होता हुआ,कालीसिंध नदी स्थित अलावे पहुंचा जहां तीन चक्कर लगाएं। पुन: सवारियों को उनके निर्थरित स्थानों पर रखा गया। इस अवसर पर जगह-जगह छबील पिलाई गई। जायरीन ढोल-ताशे के साथ चबुतरे पहुंचे । जियारत करने का दौर चलता रहा । रिमझिम बारिश की वजह से जायरीनों की उपस्थिति कम रही ।उधर रविवार को दोपहर दो बजे बड़े साहब का जुलूस निकाला जाएगा। जहां बाहर के जायरी नबड़ी संख्या में पहुंचेंगे।

## फरियादी की सूझबूझ व पुलिस की सतर्कता से नकबजनी करने वाली पांच महिलाओं को पकड़ा

### कचरा बीनने के बहाने पारदी महिलाओं ने की रैकी, मौका पाकर सूने घर में की चोरी

विनय उजाला



**देवास,निप्र।** थाना औद्योगिक क्षेत्र की डायल 100 वाहन पर 3 जुलाई को एक सूचना प्राप्त हुई जिसमें एक महिला ने बताया कि वह काम पर गई हुई थी, इसी बीच कुछ अज्ञात महिलाओं ने उसके घर का ताला तोड़कर अंदर से ? 2000/- रुपए नकदी चोरी कर लिए है. फरियादी ने यह भी बताया कि संदेहास्पद महिलाएं इस समय पी.टी.पी.एल. कंपनी के पास घूम रही हैं. सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल डायल 100 वाहन एवं थाना औद्योगिक क्षेत्र की विशेष टीम मौके पर पहुंची। मौके से पांच संदिग्ध महिलाएं चांदनी पति रविन्द्र पंवार, आरकेशना पति सुभाष पारदी,नेमेस्तीबाई पति संतोष पंवार,रीना पति एबजीस पंवार, बन्ना पिता संतोष पंवार निवासीगण ग्राम डोडी मुंदी खेड़ी तहसील आष्टा जिला सीहोर की घेराबंदी कर पकड़ा गया. फरियादी की रिपोर्ट पर से धारा 305(ए),331(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा सख्ती से पूछताछ करने पर सभी महिलाओं ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। उक्त पांचों महिलाओं को गिरफ्तार कर चोरी गए 2000/- रुपए नकदी जब्त कर आरोपित महिलाओं को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

## कर्म बड़ा बलवान, जगत में इससे कोई नहीं बच सका : पंडित पवन दीवान

विनय उजाला



**सोनकच्छ,निप्र।** जीवन के किसी भी पल में वैराग्य उमड़ सकता है संसार में रह कर प्राणी संसार को तज सकता है। जैन धर्म मिला हैं भगवान आदिनाथ से लेकर महावीर स्वामी की भक्ति प्राप्त हुई हे। अच्छे कर्म आप की भक्ति में सार्थक होंगे। इसलिए अपने जीवन की डायरी में कुछ न कुछ अवश्य अच्छा लिख लेना वरना बाद में कहोगे मेरा जीवन कोरा कागज कोरा ही रह गया। जीवन अनमोल है इसे कैसे जीना हे यह स्वयं के ऊपर निर्भर करता है। यह बात स्थानीय श्री महावीर जिनालय में चल रहे आठ दिवसीय अष्टानिका पर्व के प्रथम दिवस अवसर पर प्रतिष्ठाचार्य पंडित पवन दीवान सागर ने उपस्थित भक्तों से कही उन्होंन कहा कि कर्म बड़ा बलवान जगत में इससे कोई नहीं बच सका राजा दशरथ ,श्री रामचंद्र ,श्री कृष्ण आदिनाथ भगवान तक भी कर्मों के फल से नहीं बच पाए तो आप ओर हम तो सामान्य मनुष्य हैं। इसलिए हर पल हर समय पाप से बचो और पुण्य को संचय करो।

प्रवक्ता रोमिल जैन ने बताया कि प्रवचन के बाद भैयाजी द्वारा उपस्थित सभी आयु वर्ग के श्रद्धालुओं से दिए गए प्रवचन के सम्बंध में प्रश्न पूछे गए, सही जवाब देने वालो को पुरस्कृत किया गया। सुबह 6.30 से मन्दिर जी में श्रद्धालुओं द्वारा भक्तिभाव के साथ श्रीजी के कलशाभिषेक व श्रीजी व श्रीसिद्धचक्र लघु यंत्र की शांतिधारा की जा रही है। शाम को राकेश जैन संगीत एण्ड पार्टी के कलाकारों द्वारा श्रीजी की संगीतमय आरती की गई।




## आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को शासकीय कर्मचारी का दर्जा दिया जाए

विनय उजाला

**आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका मिनी संघ ने दिया ज्ञापन**

**देवास,निप्र।** आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका मिनी संघ द्वारा अपनी मांगों को लेकर प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया गया कि बताया कि 1975 से महिला.बाल विकास में अपने निरंतर सेवाएं दे रही है और मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को कम करने में हमारी अहम भूमिका है। हमारे बढ़ाते कार्यों को देखते हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को शासकीय कर्मचारी का दर्जा दिया जाए एवं पदोन्नति किया जाए। ज्ञापन का वाचन करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ की जिला अध्यक्ष रामू बाई जमोडिया ने किया। इस अवसर पर श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण मारु, भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख अजय उपाध्याय, भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री अमित पांडे, खातेगांव तहसील अध्यक्ष सविता परमार, हाटपीपल्या तहसील अध्यक्ष कला भंडाल, बबीता जोशी, ललित राठौर, विभा पाटीदार, शानू चौहान, रविता उईके, लीलाबाई आदि मौजूद थे।

## मां नर्मदा कावड़ यात्रा समिति की द्वितीय बैठक आज

**झाबुआ,निप्र।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मां नर्मदा कावड़ यात्रा समिति द्वारा श्रावण मास के तीसरे सोमवार 28 जुलाई को देवझिरी से झाबुआ तक कावड़ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यात्रा में महिला-पुरूषों, युवा बच्चों आदि सभी की सहभागिता रहेगी। जानकारी देते हुए समिति के रविराजसिंह राठौर एवं आशीष चतुर्वेदी ने बताया कि कावड़ यात्रा आयोजन की रूपरेखा हेतु प्रथम बैठक विगत 29 जून रविवार को संपन्न होने के बाद द्वितीय बैठक 6 जुलाई, रविवार शाम 7 बजे से स्थानीय छोटे तालाब स्थित श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर पर रखी गई है। बैठक में कावड़ यात्रा आयोजन को भव्य बनाने पर चर्चा करने के साथ प्रचार-प्रसार हेतु फ्लेक्स-बेनर आदि का विमोचन भी किया जाएगा। इस अवसर पर मां नर्मदा कावड़ यात्रा समिति से जुड़े सभी सदस्यों के साथ शहर के समस्त भक्तजनों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित रहने हेतु अपील की गई है।

**किसानों की भूमि अधिग्रहण का मामला**

# मुख्ममयमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

विनय उजाला




**देवास,निप्र।** इंदौर के विकास के लिए हाइवे निर्माण हेतु देवास के किसानों की जमीन अधिग्रहण और जमीन की उचित मुआवजे के संबंध में इंदौर से देवास की ओर गुजरने वाले हाइवे प्रोजेक्ट में देवास जनपद के गांव नारायणगढ़, कुमारिया, नागौरा एवं पार्वतीपुरा आदि गांवों के किसानों की कृषि भूमि का अधिग्रहण होना है। जिसके मुआवजे को लेकर किसान भाइयों में अत्यधिक रोष व्याप्त हैं। इस समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन सूर्यवंशी मध्यप्रदेश की टीम के जिला अध्यक्ष चेतन जैन, प्रदेश अध्यक्ष सपना भरोसिया के नेतृत्व में किसान भाइयों के साथ समस्त किसान संगठन के पदस्थ अधिकारी ने मिलकर किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्टर को अवगत कराया। भारत एक कृषि प्रधान देश है यहां की अधिकांश आबादी कृषि पर निर्भर करती हैं जमीन न होने पर किसान की आर्थिक और सामाजिक स्थिति पर गहरा प्रभाव पड़ता हैं किन्तु देश के विकास में किसान सदैव सहयोगी रहा हैं और सदैव बढ़ चढकर हिस्सा लेता है, किसान के लिए उसकी जमीन उसकी दैनिक रोजगार का साधन ही नहीं है वह उनका और उनके आने वाली पीढ़ी का भविष्य है। भूमि अधिग्रहण से मिलने वाले न्यूनतम मुआवजा किसानों की स्थिति को देखते हुए बहुत कम है जिसके कारण किसानों ने भयंकर रोष व्याप्त है और किसान अपने परिवार के साथ आत्महत्या करने को विवश है। भारतीय किसान यूनियन सूर्यवंशी समस्त भारतवर्ष में कार्यरत संगठन है और किसानों मजदूरों की आवाज उठाने के लिए तत्पर हैं। देवास, इंदौर के किसानों को उचित बाजार के मूल्य के आधार पर मुआवजा दिया जाए जिससे किसानों की स्थिति सुदृढ़ हो और उनके अंदर व्याप्त रोष दूर हो सके। यदि इंदौर देवास के किसानों को उचित उनकी कृषि भूमि का उचित मुआवजा नहीं दिया जाता हैं तो भारतीय किसान यूनियन सूर्यवंशी समस्त मध्य प्रदेश में विरोध करने का कार्य करेगा किसान संगठन हर तरह प्रयास कर रहा है कि किसानों को उनकी भूमि का सही उच्चतम मुआवजा दिया जाए मांगों के साथ मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सोपा गया है। जिसमें सबसे सर्वोत्तम मांग रही है की भूमि अधिग्रहण से पहले मुआवजे की राशि किसानों भाईयों को दी जाए। बाजार मूल्य के साथ नहीं तो भूमि के बदले में भूमि दी जाए। भारी संख्या में किसान भाई, जिला उपाध्यक्ष विजय चौधरी जिला उपाध्यक्ष हीरामणि शर्मा, शहर अध्यक्ष उज्ज्वला व्यास एवं जिला कोषाध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष वंदना भरोसिया इन्दौर जिला महामंत्री डॉ हर्षा तिवारी, जिला उपाध्यक्ष माधुरी जाधव, जिला उपाध्यक्ष संगीता लोधी, वार्ड अध्यक्ष गंगा बीसे उपस्थित रहे।

# इंग्लैंड को 608 रन का टारगेट

## भारत ने दूसरी पारी 427 रन पर की घोषित

### गिल ने एक टेस्ट में 400 से ज्यादा रन बनाने वाले पहले भारतीय बने

बर्मिंघम, एजेंसी



**भारत ने बर्मिंघम टेस्ट में इंग्लैंड को 608 रन का टारगेट दिया है। भारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी 427 रन पर डिक्लेयर की। जवाब में इंग्लैंड ने दो विकेट पर ३० रन बना लिए है है। बेन डकेट 25 और जैक क्रॉली शून्य पर आउट हुए। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने 161 रन बनाए। वे एक मैच में 400 या इससे ज्यादा रन बनाने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बने हैं। उन्होंने पहली पारी में 269 बनाए थे। रवींद्र जडेजा 69 रन बनाकर नाबाद लौटे।**

मैच के चौथे दिन टीम इंडिया ने शनिवार सुबह 64/1 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। केएल राहुल (55 रन) और यशस्वी जायसवाल (28 रन) को जोश टंग ने आउट किया। करुण नायर (26 रन) को ब्रायडन कार्स और ऋषभ पंत (65 रन) को शोएब बशीर ने पवेलियन भेजा। मैच की पहली पारी में भारत 587 और इंग्लैंड 407 रन पर ऑलआउट हुआ। भारत को पहली पारी में 180 रन की बढ़त मिली थी।

भारतीय टीम ने इस मैच में 1,014 रन बनाए हैं। उसने पहली पारी में 587, दूसरी पारी में 427 रन बनाए। टेस्ट क्रिकेट में भारत ने पहली बार एक मैच में 1000 से ज्यादा रन बनाए हैं। गिल एक टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान बन गए हैं। उन्होंने विराट कोहली के 293 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। जो कोहली ने 2017 में दिल्ली टेस्ट में श्रीलंका के खिलाफ बनाया था। कोहली ने तब पहली पारी में 243 और दूसरी पारी में 50 रन बनाए थे।

शुभमन गिल ने इस मैच में 430 रन बनाए हैं। वे एक मैच में 400 से ज्यादा रन बनाने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बने हैं। उन्होंने सुनील गावस्कर के 344 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। जो उन्होंने 54 साल पहले 1971 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ पोर्ट ऑफ स्पेन में बनाए थे। गिल एक टेस्ट में शतक और दोहरा शतक बनाने वाले भारत के दूसरे बल्लेबाज बने हैं। उनसे पहले सुनील गावस्कर ने 1971 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ पोर्ट ऑफ स्पेन में यह कारनामा किया था।

### टेस्ट मैच के दूसरे दिन का अंत बेहद रोमांचक रहा

## वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को दबाव में डाला

ग्रेनेडा(हि.स.)



वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रहे दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन का अंत बेहद रोमांचक रहा। वेस्टइंडीज के युवा तेज़ गेंदबाज़ जेडन सील्स ने दिन के अंतिम क्षणों में ऑस्ट्रेलिया के दोनों सलामी बल्लेबाज़ों को पवेलियन भेजकर मुकाबले को पूरी तरह से संतुलित कर दिया। इससे पहले ब्रैंडन किंग की बेहतरीन 75 रनों की पारी और निचले क्रम के उपयोगी योगदान की बदौलत वेस्टइंडीज ने पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया को केवल 33 रनों की बढ़त लेने दी। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी की शुरुआत बेहद खराब रही।

## नीरज बने एनसी क्लासिक के विजेता

**हरिद्वार(हि.स.)।** भारतीय भालाफेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा ने शनिवार को नीरज चोपड़ा क्लासिक (एनसी क्लासिक) के पहले सत्र का खिताब जीत लिया। बंगलुरू के कांतीरवा स्टेडियम में हुई विश्व स्तरीय टूर्नामेंट में नीरज ने लगातार तीसरा खिताब जीता। उन्होंने इससे पहले पेरिस



डायमंड लीग (20 जून) और पोलैंड के ओस्ट्रावा में गोल्डन स्पाइक (24 जून) में खिताब जीता था। नीरज ने अपने तीसरे प्रयास में 86.18 मीटर की दूरी के साथ एनसी क्लासिक 2025 का खिताब अपने नाम किया। केन्या के 2025 विश्व चैंपियन जूलियस येगो 84.51 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि श्रीलंका के रुमेश पथिरगे (84.34 मीटर) ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता को जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सहयोग से आयोजित किया गया था।

## बर्मिंघम में शशिकला नेगी ने बॉक्सिंग स्पर्धा में जीता रजत पदक

**कन्नौर(हमीरपुर)।** किन्नौर की दूनी गांव की एसएसबी में कार्यरत मुक्केबाज शशिकला नेगी ने अमेरिका के बर्मिंघम शहर में अंतरराष्ट्रीय पुलिस खेलों की बॉक्सिंग स्पर्धा में रजत पदक जीता है। हिमाचल प्रदेश के किन्नौर की दूनी गांव की



एसएसबी में कार्यरत मुक्केबाज शशिकला नेगी ने अमेरिका के बर्मिंघम शहर में अंतरराष्ट्रीय पुलिस खेलों की बॉक्सिंग स्पर्धा में रजत पदक जीता है। एसएसबी सीएपीएफ दिल्ली में कार्यरत शशिकला नेगी का विश्व पुलिस खेलों में बॉक्सिंग स्पर्धा के लिए पैरामिल्ट्री फोर्स की ओर से भारतीय महिला टीम में चयन हुआ है। नेगी ने 75 किग्रा में रजत पदक जीता। नेगी ने राष्ट्रीय स्पर्धाओं के अलावा अब तक चार बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक भी जीते हैं। विश्व चैंपियनशिप में बुल्गारिया और सर्बिया में भाग लिया है।

## ग्रैंड चेस टूर 2025 : भारत के गुकेश ने ज़ाग्रेब में जीता रैपिड खिताब



**ज़ाग्रेब(हि.स.)।** भारत के युवा ग्रैंडमास्टर और मौजूदा विश्व चैम्पियन डी. गुकेश ने ग्रैंड चेस टूर 2025 के ज़ाग्रेब चरण में रैपिड खिताब अपने नाम किया। शुक्रवार को समाप्त हुए रैपिड सेक्शन में पोलैंड के जान-क्रिज़्टोफ डूडा दूसरे स्थान पर रहे। गुकेश की शुरुआत पहले राउंड में हार के साथ हुई थी, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए लगातार पांच मुकाबले जीत लिए, जिनमें एक जीत पूर्व विश्व चैम्पियन मैग्नस कार्लसन के खिलाफ भी शामिल रही। इसके बाद गुकेश ने सातवें और आठवें राउंड में क्रमश: अनीश गिरी और इवान सारिच के साथ ड्रॉ खेला। अंतिम राउंड में उन्होंने अमेरिका के वेसली सो को हराकर रैपिड सेक्शन में कुल 14 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। डूडा 11 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि कार्लसन ने 10 अंक जुटाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। भारत के ही आर. प्रज्ञानानंद ने 9 अंकों के साथ फैबियानो करूआना के साथ संयुक्त चौथा स्थान हासिल किया। अब प्रतियोगिता का ब्लिट्ज सेक्शन खेला जाएगा। रैपिड और ब्लिट्ज दोनों सेक्शनों के संयुक्त अंक के आधार पर समग्र विजेता का फैसला किया जाएगा। यह ग्रैंड चेस टूर 2025 का तीसरा टूर्नामेंट है। इससे पहले पोलैंड और रोमानिया चरण क्रमश: अप्रैल और मई में खेले गए थे। प्रज्ञानानंद ने रोमानिया के बुखारेस्ट में खिताब जीता था और वारसॉ, पोलैंड में तीसरे स्थान पर रहे थे।

## फीफा क्लब विश्व कप 2025 : फ्लूमिनेंसे ने अल हिलाल को हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश



**टोरंटो (हि.स.)।** ब्राजील की क्लब फ्लूमिनेंसे ने फीफा क्लब विश्व कप 2025 में अपने शानदार अभियान को जारी रखते हुए शुक्रवार को सऊदी अरब की अल हिलाल को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। टूर्नामेंट की अंडरडॉग मानी जा रही फ्लूमिनेंसे ने पहले हाफ में मैथियस मार्टिनेली के शानदार गोल की मदद से बढ़त बनाई। हालांकि, दूसरे हाफ की शुरुआत में अल हिलाल की ओर से मार्कस लियोनार्डो ने बराबरी का गोल दागा। लेकिन फ्लूमिनेंसे ने हार नहीं मानी और 70वें मिनट में हर्क्यूलिस ने निर्णायक गोल कर अपनी टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। यह दोनों क्लबों के बीच पहली भिड़ंत थी। जोआओ कैंसालो की रक्षात्मक चूक का फायदा उठाते हुए गेब्रियल फुएंतेस ने मार्टिनेली को पास दिया, जिन्होंने शानदार लेफ्ट फुट शॉट से टॉप कॉर्नर में गेंद पहुंचाई। बराबरी का गोल दूसरे हाफ की शुरुआत में कालिदू कूलिबाली के हेडर के बाद लियोनार्डो ने गोल कर स्कोर 1-1 किया। निर्णायक गोल बेंच से आए हर्क्यूलिस ने बेहतरीन टच के साथ बॉक्स में प्रवेश किया और निचले कोने में सटीक फिनिश कर टीम को जीत दिलाई।

## महिला क्रिकेट टी20 : रोमांचक मुकाबले में अंतिम गेंद पर भारत से जीता इंग्लैंड

लंदन (हि.स.)

**इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम ने तीसरे टी20 में भारत को रोमांचक अंतिम गेंद वाले मुकाबले में 5 रन से हराकर सीरीज में पहली जीत दर्ज की। इस जीत के साथ मेज़बान टीम ने पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में अपना खाता खोला।**

इस मुकाबले में इंग्लैंड की गेंदबाज़ी की कमान सोफी एक्लेस्टोन और लॉरेन फाइलर ने संभाली। एक्लेस्टोन ने जहां किफायती गेंदबाज़ी की, वहीं फाइलर ने अहम मौकों पर विकेट निकालकर भारत को जीत से दूर रखा। 172 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने शानदार शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज़ स्मृति



मंधाना (56 रन, 49 गेंद) और शेफाली वर्मा (47 रन, 25 गेंद) ने एक और अर्धशतकीय साझेदारी की। शेफाली अर्धशतक से चूक गईं, उन्हें एक्लेस्टोन ने पवेलियन भेजा। तीसरे नंबर पर उतरीं जेमिमा रोड्रिग्स (20 रन, 15 गेंद) पिछले मैच में अर्धशतक जमाने के बाद अच्छे फॉर्म में दिख रही थीं, लेकिन फाइलर ने स्मृति के बाद उन्हें भी जल्द आउट कर भारत की उम्मीदों को झटका दिया। हालांकि इंग्लैंड की फील्डिंग में कई कैच छूटे, लेकिन लॉरेन बेल और इस्सी वोंग ने स्लोअर गेंदों का चतुराई से इस्तेमाल करते हुए मैच को आखिरी ओवर तक पहुंचा दिया। आखिरी गेंद पर भारत को जीत के लिए 6 रन चाहिए थे, लेकिन कप्तान हरमनप्रीत कौर (23 रन, 17 गेंद) छक्का नहीं लगा सकीं।

### दीप्ति बनीं महिला टी 20 में दूसरी सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज़



लंदन के द ओवल में इंग्लैंड महिला टीम के खिलाफ खेले गए तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान भारत की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने इतिहास रच दिया। उन्होंने अपने करियर का 144वां विकेट लेकर महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय में संयुक्त रूप से दूसरी सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बनने का गौरव हासिल किया। इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तान की पूर्व कप्तान निदा डार की बराबरी भी कर ली।

बॉलीवुड

## विक्रांत ने आठ घंटे की शिफ्ट वाली डिमांड पर दीपिका को किया सपोर्ट



विक्रांत मैसी जल्द ही फिल्म आंखों की गुस्ताखियों में नजर आने वाले हैं। फिलहाल वो इसके प्रमोशन में बिजी हैं। इसी बीच उन्होंने संदीप रेड्डी वांगा और दीपिका पादुकोण के बीच चल रही कंट्रोवर्सी पर अपनी राय जाहिर की है। विक्रांत ने आठ घंटे की शिफ्ट वाली डिमांड पर दीपिका को सपोर्ट किया है।

विक्रांत ने ये भी कहा कि आठ घंटे की शिफ्ट के लिए वह अपनी फीस कम करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा, पैसा बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, और मुझे अपनी फीस कम करनी होगी क्योंकि मैं बारह घंटे के बजाय आठ घंटे काम करूंगा। अगर मैं अपने प्रोड्यूसर को दिन में बारह घंटे नहीं दे सकता, तो मुझे अपनी फीस कम करनी होगी। यह एक लेन-देन वाली बात है और एक मां के रूप में, मुझे लगता है कि दीपिका इसकी हकदार हैं। विक्रांत दीपिका के साथ मेघना गुलजार की फिल्म छपाक में नजर आए थे। साल 2020 में आई ये फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित थी। वहीं, विक्रांत की फिल्म आंखों की गुस्ताखियों 11 जुलाई को रिलीज होने जा रही है। इसमें उनके अपोजिट संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर नजर आएंगी। शनाया की ये डेब्यू फिल्म है।



## इंडस्ट्री में सफर बेहद अकेला और मुश्किल रहा : सुतारिया

बॉलीवुड की चमक-धमक से भरी दुनिया बाहर से जितनी आकर्षक लगती है, अंदर से उतनी ही मुश्किल भी हो सकती है। खासतौर पर तब, जब आप फिल्मी दुनिया से नहीं आते। अभिनेत्री तारा सुतारिया ने हाल ही में अपने करियर को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे एक बाहरी होने के नाते उनका सफर बेहद अकेला और मुश्किल भरा रहा। सास 2019 में फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से डेब्यू करने वाली तारा ने अब तक बॉलीवुड में कई अहम प्रोजेक्ट्स किए हैं, लेकिन इस बीच उन्होंने इंडस्ट्री के उस पहलू का अनुभव किया, जिसे कई लोग अनदेखा कर देते हैं। तारा का कहना है कि जब वो इस इंडस्ट्री में आईं, तब उन्हें न तो किसी का सहारा था और न ही दिशा दिखाने वाला कोई। न ही फिल्मी घरानों से कोई कनेक्शन था, न ही सेट पर अपनापन। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री में काम करने का तरीका, अंदर की जानकारी और नेटवर्किंग जैसी चीजें उन लोगों को पहले से ही पता होती हैं जो फिल्मी परिवारों से आते हैं, लेकिन एक आउटसाइडर के लिए ये सब जानना और अपनाना बेहद समय लेने वाला और अकेलेपन भरा होता है।

### खुद ही आगे बढ़ना सीखा

तारा ने कहा की उनका व्यवहार शांत और रिजर्व्ड है, जिसकी वजह से कई मौकों पर वो खुलकर अपने दिल की बात किसी से नहीं कह सकीं। उन्होंने ये भी बताया कि कई बार ऐसे मौके आए जब उन्हें लगा कि काश कोई होता जो उन्हें गाइड करता या सलाह देता, लेकिन ऐसे समय में उन्होंने अपने अंतर्मन की आवाज सुनी और खुद ही आगे बढ़ना सीखा। फिल्मों की चकाचौंध के बीच तारा ने ये ठाना है कि वो अब सिर्फ उन्हीं प्रोजेक्ट्स पर काम करेंगी, जो उन्हें अंदर से संतुष्टि दें।

## रिलीज के 15 दिन बाद भी 'सितारे ज़मीन पर' का दबदबा कायम



आमिर खान की फिल्म सितारे जमीन पर को रिलीज़ हुए 15 दिन पूरे हो चुके हैं। 20 जून को सिनेमाघरों में आई इस फिल्म ने पहले दिन से ही दर्शकों का दिल जीत लिया और बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। काजोल की फिल्म मां के सिनेमाघरों में दस्तक देने के बावजूद सितारे जमीन पर अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, आमिर खान की फिल्म सितारे जमीन पर ने अपनी रिलीज के 15वें दिन, यानी दूसरे शुक्रवार को 2.50 करोड़ रुपये की कमाई की। इसके साथ ही भारत में इस फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 137.90 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। 90 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म ने विदेशों में भी शानदार प्रदर्शन किया है। दुनियाभर में इसकी कुल कमाई अब तक 214.5 करोड़ रुपये हो चुकी है, जिससे यह साफ है कि फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। सितारे जमीन पर में पहली बार आमिर खान और जेनेलिया डिसूजा की जोड़ी सिल्वर स्क्रीन पर नजर आई है।

## 'मालिक' में राजकुमार राव पूरी तरह से एक्शन अंदाज में आएंगे नजर




जल्द ही राजकुमार राव की फिल्म 'मालिक' रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में वह बिल्कुल अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं। 'मालिक' राजकुमार राव के करियर की पहली फिल्म होगी, जिसमें वह पूरी तरह से एक्शन अंदाज में नजर आ रहे हैं। राजकुमार राव कहते हैं, 'मुझे पहले भी एक्शन स्टोरी ऑफर हुई, मगर उन कहानियों में कहानी मौजूद नहीं थी, बस एक्शन था। लेकिन मुझे ऐसी एक्शन फिल्म करनी थी, जिसमें कहानी अहम हो। जब पुल्कित ने मुझे 'मालिक' की कहानी सुनाई तो अच्छी लगी, इसमें कहानी है, एक्शन है और कमाल के डायलॉग भी हैं। इस फिल्म की कहानी मेरे दिल को छू गई।'

### अनुराग बसु ने तोड़ी चुप्पी

## कार्तिक और श्रीलीला की जोड़ी पर किया खुलासा



मशहूर फिल्ममेकर अनुराग बसु इन दिनों अपनी हालिया रिलीज़ फिल्म मेट्रो... इन दिनों को लेकर चर्चा में हैं, जो 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई थी। इस फिल्म को लेकर दर्शकों और समीक्षकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। अब अनुराग बसु अपनी अगली फिल्म की तैयारी में जुट चुके हैं। इस नई फिल्म में लीड रोल निभा रहे हैं कार्तिक आर्यन, जिनकी जोड़ी इस बार साउथ की पॉपुलर एक्ट्रेस श्रीलीला के साथ बनी है। श्रीलीला हाल ही में पुष्पा 2 के गाने किसिक में नजर आई थीं और उन्होंने अपने डांस और अंदाज से सभी का दिल जीत लिया था। फिल्म को लेकर अनुराग बसु ने हाल ही में एक बड़ा अपडेट शेयर किया है, जिससे फैंस के बीच उत्साह और भी बढ़ गया है। एक खास बातचीत में निर्देशक अनुराग बसु ने अपनी आगामी फिल्म को लेकर अहम जानकारी शेयर की। उन्होंने बताया कि वह बहुत जल्द कार्तिक आर्यन और श्रीलीला के साथ दोबारा शूटिंग शुरू करने वाले हैं। अनुराग ने कहा, फिल्म का आधा हिस्सा पहले ही शूट किया जा चुका है और बाकी का काम जल्द पूरा किया जाएगा। हम आने वाले दिनों में शूटिंग फिर से शुरू करेंगे और उम्मीद है कि एक महीने के भीतर फिल्म की शूटिंग पूरी हो जाएगी। अभी मेरा पूरा फोकस इस प्रोजेक्ट को बेहतरीन तरीके से पूरा करने पर है। बहुत जल्द हम फिल्म का टाइटल और रिलीज डेट भी अनाउंस करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### 90वें जन्मदिन से पहले दलाई लामा बोले- 130 साल जिऊंगा



**धर्मशाला, एजेंसी।** तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा ने 90वें जन्मदिन से पहले कहा- मैं अभी 130 साल और जियूंगा। शनिवार को अपने उत्तराधिकारी के चुनाव और विवाद पर कहा- कहा कि मुझे लोगों की सेवा करने के लिए 30-40 साल और जीने की उम्मीद है। कई भविष्यवाणियों को देखते हुए मुझे लगता है कि मुझ पर अवलोकितेश्वर का आशीर्वाद है। मुझे उम्मीद है कि मैं अभी भी 30-40 साल और जियूंगा। दलाई लामा के उत्तराधिकारी की घोषणा की अफवाहें उनके 90वें जन्मदिन से कुछ दिन पहले से ही चल रही हैं। हालांकि, केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के अध्यक्ष पेनपा त्सेरिंग अफवाहों को खारिज कर चुके हैं। मौजूदा दलाई लामा 6 जुलाई को 90 साल के हो जाएंगे। निर्वासित तिब्बती सरकार उनके जन्मदिन पर हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला के पास मैकलोडगंज में एक सप्ताह से कार्यक्रम कर रही है।

हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में 3 दिवसीय 15वां तिब्बती धार्मिक सम्मेलन 2 जुलाई को शुरू हुआ था। यहां दलाई लामा ने कहा था- दलाई लामा की प्रथा भविष्य में जारी रहेगी। उनके देहांत के बाद उत्तराधिकारी का चयन तिब्बती बौद्ध परंपराओं के अनुसार होगा। तिब्बत और बौद्ध धर्म में चीन के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए दलाई लामा ने यह भी स्पष्ट रूप से कहा था कि उनके उत्तराधिकारी के चयन में चीन की कोई भूमिका नहीं होगी। अगर चीन ऐसा करने की कोशिश भी करता है तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस पर चीन ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। धर्मशाला स्थित दलाई लामा लाइब्रेरी एंड आर्काइव में 3 दिवसीय धार्मिक सम्मेलन शुरू हुआ था, जिसमें तिब्बती बौद्ध धर्म की विभिन्न परंपराओं के प्रमुख लामाओं, तिब्बती संसद, सिविल सोसाइटी, संगठनों और दुनिया भर से आए तिब्बती समुदाय के प्रतिनिधि ने भाग लिया था।

### बिहार में मतदाता सूची में संशोधन को सुप्रीम चुनौती, चुनाव आयोग के खिलाफ कोर्ट पहुंचा एडीआर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए चुनाव आयोग के निर्देश को चुनौती दी है। एडीआर ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाते हुए इस आदेश को रद्द करने की मांग की है। दरअसल, 24 जून को चुनाव आयोग ने बिहार में एसआईआर करने के निर्देश जारी किए थे। इसका मकसद अपात्र नामों को हटाना और यह सुनिश्चित करना था कि मतदाता सूची में केवल पात्र नागरिक ही शामिल हों। बिहार में इस साल के अंत में चुनाव होने हैं। याचिका में एनजीओ ने आदेश को रद्द करने की मांग की है, जिसमें तर्क दिया गया है कि यह संविधान के अनुच्छेद 14, 19, 21, 325 और 326 के साथ-साथ जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 21ए का उल्लंघन करता है। याचिका दायर करने वाले अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि चुनाव आयोग का आदेश मनमाने ढंग से और उचित प्रक्रिया के बिना जारी किया गया है। यह लाखों मतदाताओं को मताधिकार से वंचित कर सकता है। यह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव को बाधित भी कर सकता है।

**लाखों मतदाताओं को नुकसान हो सकता है...** प्रशांत भूषण ने कहा, निर्देश के तहत जरूरी दस्तावेज, उचित प्रक्रिया की कमी और बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए कम समय-सीमा के कारण इस प्रक्रिया से लाखों मतदाताओं को नुकसान हो सकता है। इसके जरिए लाखों वास्तविक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जा सकते हैं, जिससे वे मताधिकार से वंचित हो सकते हैं।

### निपाह से निपटने के लिए केरल में टीम तैनात करेगा केंद्र

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** देश के दक्षिणी राज्य केरल में एक बार फिर से निपाह वायरस दस्तक दे रहा है। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक दो लोगों में निपाह वायरस संक्रमण के संभावित लक्षण दिखने के बाद शुक्रवार को तीन जिलों में अलर्ट जारी कर दिया गया है। केरल में निपाह वायरस के दो मामले मिलने के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय वहां राष्ट्रीय संयुक्त प्रकोप प्रतिक्रिया दल (एनजेओआरटी) को तैनात करने पर विचार कर रहा है। यह दल सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों को लागू करने में केरल सरकार की मदद करेगा। सूत्रों ने बताया कि एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) की केंद्रीय निगरानी इकाई- एनसीडीसी, प्रदेश इकाई के साथ संपर्क में है और स्थिति पर सक्रिय रूप से नजर रख रही है। विभिन्न नियंत्रण गतिविधियों के समन्वय के लिए राज्य नियंत्रण कक्ष को सक्रिय कर दिया गया है। एक सूत्र ने कहा, प्रथम दृष्टया दोनों मामले महामारी विज्ञान की दृष्टि से एक-दूसरे से जुड़े नहीं हैं, लेकिन उनके लक्षणों और सामाजिक संपर्कों की जांच की जा रही है। अब तक तीन जिलों- पल्लकड़, मल्लपुरम और कोझिकोड में 300 से अधिक संपर्कों की पहचान की गई है।

### 45 जानवरों के साथ एयरपोर्ट पर पकड़ा गया शख्स

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक शख्स को 45 जंगली जानवरों के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के बैग में रैकून, ब्रैक फॉक्स और गोधा समेत कई जानवर थे। आरोपी ने बैग में जानवरों को इस कदर ठूस रखा था कि कई जानवरों की दम घुटने से मौत हो गई। वह थाई एयरवेज की फ्लाइट से मुंबई पहुंचा था।

आरोपी को जब रोककर तलाशी ली गई तो अधिकारी भी हैरान रह गए। आरोपी ने जिन जानवरों को बैग में भर रखा था उनमें से कई जहरीले भी थे। तुरंत जानवरों से संबंधित एक संस्था को जानकारी दी गई। मौके पर पहुंचकर एक्सपर्ट्स ने कई जानवरों की जान बचाई। अधिकारी ने कहा कि वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन ऐक्ट के तहत आरोपी को वापस डीपोर्ट कर दिया जाएगा।

बता दें कि बीते महीने भी एयरपोर्ट पर बैंकॉक से एक शख्स इसी तरह कई जानवर लेकर पहुंचा था। उसने अपने ट्रॉली बैग में कम से कम 40 जानवर छिपा रखे थे। कस्टम अधिकारियों ने जांच की तो उनके होश उड़ गए। उसके बैग में भी कई जानवर मर चुके थे। इसमें इगुआना यानी गोधा के अलावा ब्राचिपेल्मा टारेंटुला, ल्यूसिस्टिक शुगर ग्लाइडर, हनी बियर, चेरी हेड टर्टिल, टेल सनबर्ड जैसे जानवर थे।

कस्टम ने इन जानवरों को जब्त कर लिया था और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस तरह से जानवरों का बिना अनुमति व्यापार गैरकानूनी है। एक बार एक शख्स के पास से 48 जहरीले सांप और पांच कछुए बरामद किए गए थे।

## बिग ब्यूटीफुल बिल पर घमासान, मस्क की धमकी-

# बिल का समर्थन किया तो ट्रंप को अगला चुनाव हरवा देंगे

वॉशिंगटन, एजेंसी

**अमेरिका में दिग्गज उद्योगपति एलन मस्क और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच अब खुला टकराव शुरू हो गया है। मस्क ने ट्रंप के समर्थक रिपब्लिकन नेताओं को सीधी धमकी दी है कि अगर उन्होंने ट्रंप के बिग ब्यूटीफुल बिल का समर्थन किया, तो वह उनका अगला चुनाव हरवा देंगे।**

गौरतलब है कि डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से लाया गया एक भारी-भरकम खर्च वाला बिल गुरुवार को अमेरिकी संसद (हाउस) में मुश्किल से पास हुआ। इसके अगले ही दिन, ट्रंप ने व्हाइट हाउस में स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान इस पर हस्ताक्षर किए। लेकिन एलन मस्क इस बिल से बेहद नाराज हैं। उनका कहना है कि इससे अमेरिका का राष्ट्रीय घाटा और बढ़ेगा।

### रिपब्लिकन पार्टी में नाराजगी

कई रिपब्लिकन नेताओं ने मस्क की इस बयानबाजी को अनुचित और विकट समय में नुकसानदायक बताया है। एक रिपब्लिकन चुनाव सलाहकार ने कहा, हर बार जब हम आंतरिक झगड़ों में फंसते हैं, तो सीनेट चुनावों में हार होती है।

### ट्रंप का पलटवार

ट्रंप ने भी मस्क पर पलटवार किया। फ्लोरिडा में एक कार्यक्रम में ट्रंप ने कहा, हम सरकारी दक्षता विभाग से मस्क की जांच करवाएंगे। अगर विभाग मस्क को देखेगा, तो हम अरबों डॉलर बचा सकते हैं। इतना ही नहीं, ट्रंप ने इशारा किया कि मस्क को अमेरिका से बाहर भी निकाला जा सकता है, क्योंकि वे दक्षिण अफ्रीका में जन्मे प्रवासी हैं। दोनों के बीच टकराव इसलिए भी चौंकाने वाला है क्योंकि इस साल की शुरुआत तक मस्क ट्रंप के बड़े समर्थक माने जाते थे। उनकी पीएसी संस्था अमेरिका पीएसी ने ट्रंप के 2024 चुनाव अभियान में करोड़ों डॉलर लगाए थे।



#### मस्क की चेतावनी

मस्क ने सोमवार को कहा, जिन रिपब्लिकन सांसदों ने इस बिल का समर्थन किया है, मैं उनके खिलाफ उम्मीदवार खड़ा करूंगा और अगर मेरी आखिरी सांस भी लग जाए, तो भी उन्हें हारना पड़ेगा। मस्क ने बिल का खुलकर विरोध करने वाले सांसद थॉमस मैसी (केंटकी) का समर्थन करने की बात भी कही। मस्क ने यहां तक कह दिया कि अमेरिका को एक नई राजनीतिक पार्टी की जरूरत है, जो इस तरह के बेवजह खर्च पर लगाम लगाए। उन्होंने ट्रंप के बिल को घातक बताया।

#### राजनीतिक रणनीतिकारों की चेतावनी

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि मस्क अगर इसी राह पर चले, तो वे दोनों पार्टियों के निशाने पर आ जाएंगे। मिशिगन के जीओपी रणनीतिकार जेसन कैबेल रो ने कहा, डेमोक्रेट तो पहले से ही मस्क से नाराज हैं। अब अगर उन्होंने रिपब्लिकन को भी नाराज किया, तो वे नो मैन्स लैंड में पहुंच जाएंगे – न राजनीति में जगह बचेगी, न कारोबार में।

## अवैध धर्मांतरण के लिए हर जाति की लड़कियों का फिक्स कर रखा था रेट

# धरा गया छांगुर बाबा, विदेश से मिली थी 100 करोड़ की फंडिंग

लखनऊ, एजेंसी

**उत्तर प्रदेश में अवैध धर्मांतरण के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए यूपी एटीएस ने जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा को गिरफ्तार किया है। इसी मामले में दर्ज एफआईआर के आधार पर दूसरी आरोपी नीतू रोहरा उर्फ नसरीन को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।**

जांच एजेंसियों के अनुसार, जमालुद्दीन खुद को हाजी पीर जलालुद्दीन के नाम से प्रचारित करता है, उस पर लड़कियों को बहला-फुसलाकर जबरन धर्मांतरण करवाने का आरोप है। हर जाति की लड़कियों का रेट फिक्स था। वह बलरामपुर के उटरौला कस्बे में एक लंबे समय से धर्मांतरण का नेटवर्क चला रहा था। इस नेटवर्क के लिए कथित तौर पर विदेशों से 100 करोड़ रुपये से अधिक की फंडिंग भी मिलने की बात सामने आ रही है।



एडीजीपी (लॉ एंड ऑर्डर) अमिताभ यश ने बताया कि यूपी एसटीएफ को सूचना मिली थी कि बलरामपुर जिले के उटरौला कस्बे में एक व्यक्ति छांगुर बाबा उर्फ जमालुद्दीन बाबा, खुद को हाजी पीर जलालुद्दीन के नाम से प्रचारित करता है, वह एक संगठित धर्मांतरण नेटवर्क चला रहा है।

### 100 करोड़ रुपये से ज्यादा की फंडिंग

जांच के दौरान पता चला कि आरोपी अपने एजेंटों के जरिए लड़कियों को बहलाकर धर्मांतरण के लिए प्रेरित करता था। यह भी सामने आया है कि इस नेटवर्क को 100 करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी फंडिंग मिली है, जिसका इस्तेमाल धर्मांतरण के काम में किया जा रहा था।

### 50 बार इस्लामिक देशों की यात्रा की

एडीजीपी के मुताबिक, जमालुद्दीन बाबा ने अब तक 40 से 50 बार इस्लामिक देशों की यात्रा की है। जांच में यह भी पाया गया है कि बलरामपुर में उसने कई संपत्तियां भी खरीदी हैं। उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और यूपी एटीएस जांच कर रही है। फिलहाल इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है और एसटीएफ का कहना है कि इस नेटवर्क की पहुंच पूरे भारत में फैली हुई है। विदेशी फंडिंग खासकर खाड़ी देशों से आने की बात सामने आई है, जिसकी जांच की जा रही है।

#### अन्य की तलाश में जुटी एजेंसियां

एडीजीपी ने यह भी संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में और लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है। जांच एजेंसियां पूरे नेटवर्क की परतें खोलने में जुटी हैं। पुलिस इस मामले को राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक सौहार्द से जोड़कर देख रही है। यूपी एसटीएफ और एटीएस की संयुक्त कार्रवाई में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अब इस पूरे रैकेट से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है और संभावना है कि जल्द ही और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

## सुप्रीम कोर्ट की आंतरिक जांच रिपोर्ट का कोई सांविधानिक महत्व नहीं: सिब्बल



**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने शनिवार को कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के मामले में सुप्रीम कोर्ट की आंतरिक (इन-हाउस) जांच रिपोर्ट का कोई सांविधानिक महत्व नहीं है, क्योंकि किसी भी जज के खिलाफ जांच केवल न्यायाधीश जांच अधिनियम के तहत ही हो सकती है।

सिब्बल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह भी आरोप लगाया कि सरकार जस्टिस शेखर यादव को बचा रही है। उन्होंने राज्यसभा सचिवालय पर सवाल उठाया कि आखिर उनके हस्ताक्षर की पुष्टि के लिए उनसे संपर्क क्यों किया गया, जबकि यह मुद्दा विपक्षी सांसदों द्वारा पहले ही उठाया जा चुका है। सिब्बल ने कहा, अनुच्छेद 124 के तहत अगर राज्यसभा के 50 या लोकसभा के 100 सदस्य किसी जज के खिलाफ प्रस्ताव लाते हैं, तभी एक जांच समिति बनाई जाती है और यह प्रक्रिया सिर्फ संसद के जरिए होती है। उन्होंने बताया कि संसद इस अधिनियम के तहत कानून बनाकर ही जांच समिति का गठन कर सकती है और इसी के जरिए किसी जज के गलत व्यवहार या अयोग्यता पर फैसला होता है। संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में प्रस्ताव को दो-तिहाई बहुमत से पारित करना होता है।

## बिलावल भुट्टो का बड़ा बयान

# पाकिस्तान हाफिज सईद और मसूद अजहर को भारत को सौंपने को तैयार

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा है कि उनके देश को विश्वास बहाली के उपाय के रूप में जांच के दायरे में आए व्यक्तियों को भारत को प्रत्यर्पित करने में कोई आपत्ति नहीं है बशर्ते नई दिल्ली इस प्रक्रिया में सहयोग करने की इच्छा दिखाए। डॉन अखबार की खबर के अनुसार, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल ने अल जजीरा के साथ एक साक्षात्कार में यह टिप्पणी की। खबर में कहा गया कि लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) प्रमुख हाफिज सईद और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) प्रमुख मसूद अजहर को संभावित समझौते और सद्भावनापूर्ण रुख के तहत भारत को प्रत्यर्पित करने के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए बिलावल ने यह टिप्पणी की।



बिलावल ने कहा, पाकिस्तान के साथ एक व्यापक वार्ता के हिस्से के रूप में, जहां आतंकवाद उन मुद्दों में से एक है जिन पर हम चर्चा करते हैं, मुझे यकीन है कि पाकिस्तान इनमें से किसी भी चीज का विरोध नहीं करेगा। राष्ट्रीय आतंकवाद निरोधक प्राधिकरण (नैक्टा) के अनुसार, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद दोनों को पाकिस्तान ने प्रतिबंधित कर रखा है, जबकि 26/11 मुंबई आतंकी हमले का मुख्य षड्यंत्रकारी हाफिज सईद वर्तमान में आतंकवाद के वित्तपोषण के लिए 33 साल की सजा काट रहा है। इसी तरह संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक आतंकवादी घोषित अजहर को भी नैक्टा ने प्रतिबंधित कर रखा है।

बिलावल ने कहा कि इन व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमे वाले मामले पाकिस्तान से संबंधित थे, जैसे कि आतंकवादी गतिविधियों का वित्तपोषण। हालांकि, उन्होंने कहा कि सीमा पार आतंकवाद के लिए उन पर मुकदमा चलाना मुश्किल था क्योंकि दिल्ली की ओर से बुनियादी चीजों का अनुपालन नहीं किया गया। उन्होंने कहा, भारत कुछ बुनियादी चीजों का पालन करने से इनकार कर रहा है जिसकी दोषसिद्धि के लिए आवश्यकता होती है। यह महत्वपूर्ण है ... इन अदालतों में सबूत पेश करना, लोगों को भारत से गवाही देने के लिए आना, जो भी जवाबी आरोप लगेंगे उन्हें सहन करना।



# पाकिस्तान में बारिश से इमारत ढही

## 17 की मौत, 9 हुए घायल

इस्लामाबाद, एजेंसी

**पाकिस्तान के कराची शहर में शुक्रवार रात एक पांच मंजिला इमारत गिरने से 17 लोगों की मौत हो गई। यह इमारत ली मार्केट में फिदा हुसैन शेखा रोड पर स्थित थी।**

अधिकारियों ने इसे पहले ही कमजोर और रहने लायक नहीं घोषित कर दिया था, लेकिन हाल में हुई बारिश ने इसकी हालत और खराब कर दी थी। डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल (डीआईजी) दक्षिण सैयद असद रजा ने बताया कि बारिश से इमारत की संरचना और कमजोर हो गई थी।

डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक हादसे में नौ लोग घायल हुए थे, जिनमें से छह को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है और एक की हालत गंभीर है। डीआईजी रजा ने बताया कि बगदादी, लियारी इलाके में बचाव कार्य अभी भी जारी है, जहां यह इमारत ढही थी। कराची में इमारतों और छतों का गिरना आम बात है, क्योंकि यहां सुरक्षा मानकों का पालन नहीं होता और घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल होता है। कराची की आबादी दो करोड़ से ज्यादा है।

## घटती जनसंख्या और बूढ़ी आबादी से जूझ रहा देश

# रूस लड़कियों को बच्चे पैदा करने के लिए दे रहा एक लाख रुपए

मॉस्को, एजेंसी

रूस में कम उम्र की लड़कियों को बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक सरकार बच्चे को जन्म देने और उसका पालन-पोषण करने के लिए इन्हें करीब एक लाख रुपए की मदद दे रही है। यह योजना मार्च 2025 में रूस के 10 हिस्सों में शुरू हुई है। इसका मकसद देश में कम होती जनसंख्या और बढ़ती उम्र के लोगों की समस्या को दूर करना है। पहले यह योजना सिर्फ बालिग (18 साल से ऊपर) महिलाओं के लिए थी, लेकिन अब इसमें नाबालिग लड़कियों को भी शामिल कर लिया गया है, ताकि वे भी बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित हों। रूस में 2023 में प्रति महिला औसत जन्म दर 1.41 थी, जबकि आबादी को स्थिर रखने के लिए 2.05 की दर जरूरी मानी जाती है। इसलिए रूस सरकार ऐसी योजनाएं चला रही है, जिन्हें 'प्रोनेटलिस्ट नीतियां' कहा जाता है। इनका मकसद लोगों को ज्यादा बच्चे पैदा करने के लिए प्रेरित करना है। फिलहाल आबादी के लिहाज से रूस दुनिया का नौवां सबसे बड़ा देश है, लेकिन वहां जनसंख्या कम होने का खतरा बढ़ रहा है।



रूस में स्कूल में पढ़ने वाली लड़कियों को बच्चे पैदा करने के लिए पैसे देना काफी विवादित फैसला है। रूस में हुए एक सर्वे के मुताबिक 43त्न लोग इस नीति के पक्ष में हैं, जबकि 40त्न इसका विरोध कर रहे हैं। हालांकि यह साफ है कि रूस की सरकार बच्चों के जन्म को अपनी सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में से एक मान रही है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कई बार ये कह चुके हैं कि बड़ी आबादी से देश को बड़ी सेना बनाने में मदद मिलती है। इससे देश ताकतवर बनता है। कुछ एक्सपर्ट्स इसे रूस और यूक्रेन के बीच जंग से भी जोड़कर देख रहे हैं।

इस युद्ध में अब तक करीब 2.5 लाख रूसी सैनिक मारे जा चुके हैं। इसके अलावा युद्ध की वजह से रूस के सैकड़ों हजार पढ़े-लिखे लोग देश छोड़कर भाग गए हैं। इनमें ज्यादातर युवा पुरुष हैं जो भविष्य में रूस में रहकर बच्चे पैदा कर सकते थे।

#### रूस करियर बनाने वाली महिलाओं को रोक रहा

रूस की संसद ने 2024 में एक ऐसा कानून पास किया है जिसका मकसद लोगों में बच्चे न पैदा करने की सोच को बढ़ावा देने से रोकना है। इस कानून के तहत अब कोई भी व्यक्ति, संगठन या विज्ञापन ऐसा मैसेज नहीं दे सकता जो लोगों को शादी और बच्चे पैदा करने के बजाय सिंगल रहकर या सिर्फ करियर बनाने के लिए प्रेरित करे। सरकार का मानना है कि ऐसे विचार रूस में पहले से ही गिरती जन्म दर को और खराब कर सकते हैं। इस कानून के साथ-साथ रूस में निजी क्लिनिकों में गर्भपात कराने पर भी सख्त पाबंदियां लगाई जा रही हैं, ताकि महिलाएं बच्चा गिराने का विकल्प आसानी से न चुन सकें। रूसी सरकार चाहती है कि महिलाएं शादी करें, बच्चे पैदा करें और उन्हें पालें, ताकि देश की जनसंख्या कम होने से रोकी जा सके।

#### पैसों का लालच देकर भी नहीं बढ़ रही जन्मदर

इन सभी देशों में यह देखा गया है कि सिर्फ पैसों या सुविधाओं का लालच देकर जन्म दर में बड़ी बढ़ोतरी नहीं हो की जा सकी। बच्चे पैदा करने का फैसला लोग कई निजी, सामाजिक और आर्थिक वजहों से लेते हैं, जैसे महंगाई, करियर की प्लानिंग, माता-पिता बनने की जिम्मेदारी के लिए खुद को तैयार महसूस करना या बच्चों के लिए बेहतर सुविधाओं का भरोसा होना। इसलिए जनसंख्या घटने की समस्या दूर करने के लिए सिर्फ ऐसी स्कीमें काफी नहीं हैं।

दैनिक विनय उजाला

धर्म सनातन की ध्वजा लेकर देश को आगे बढ़ाने का हो रहा है कार्य

# ईश्वर की कृपा और संतों के आशीर्वाद से प्रदेश समृद्ध एवं खुशहाल : उप मुख्यमंत्री शुक्ल









विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। धर्म सनातन की ध्वजा लेकर देश को आगे बढ़ाने का कार्य हमारे देश के संत कर रहे हैं और ईश्वर की कृपा तथा संतों के आशीर्वाद से देश और प्रदेश समृद्ध एवं खुशहाल बन रहे हैं।**

उक्त विचार उप मुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने सागर में आयोजित संत श्री रविशंकर रावतपुरा सरकार के जन्मोत्सव कार्यक्रम में व्यक्त किए। इस अवसर पर संत श्री रविशंकर जी महाराज, संत श्री आनंद ब्रह्मचारी, संत श्री रामलखन महाराज, संत श्री सुदर्शन दास जी, विधायक श्री प्रदीप लारिया, महापौर श्रीमती संगीता तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हीरासिंह राजपूत, श्री श्याम तिवारी, श्रीमती रानी कुशवाहा, श्री गौरव सिरोठिया सहित बड़ी संख्या में संत समुदाय, जनप्रतिनिधि एवं भक्तगण उपस्थित थे।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि तन, मन और जीवन को समर्पित करने वाला व्यक्ति ही संत बन सकता है, और यही कार्य हमारे संत श्री रविशंकर महाराज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि धर्म सनातन की ध्वजा लेकर देश और प्रदेश को समृद्ध बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि रावतपुरा सरकार का संकल्प है कि 11 सदाशिव शंकर जी की मूर्तियाँ स्थापित की जाएंगी, जिनमें से सागर में 75 फीट ऊँची सदाशिव की मूर्ति का लोकार्पण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तेरा तुझको अर्पण, मेरा क्या लागे की भावना की तर्ज पर ही सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि संतों की वाणी पर कोई तर्क नहीं किया जा सकता; उनकी वाणी को श्रद्धा से ग्रहण कर उसे आगे बढ़ाने का कार्य किया जाना चाहिए। रावतपुरा सरकार द्वारा देशभर में 200 स्थानों पर शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याण की संस्थाएँ संचालित की जा रही हैं। शिक्षा की संस्थाएँ खोलकर गरीबों को शिक्षित करने का कार्य कर समाज को नई दिशा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश में संत-महात्माओं का वास है, इसलिए हमारा प्रदेश सुखी और समृद्ध है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रावतपुरा सरकार ने हमें दो मंत्र दिए हैं, जिन पर मैं चल रहा हूँ। पहला, मंदिरों को बेहतर बनाएं और दूसरा यदि कोई व्यक्ति आपके समक्ष अपनी समस्या लेकर आए, तो उसका कार्य तत्काल करें। इससे हमें आत्मिक शांति मिलती है।

## संक्षिप्त समाचार

### केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज विदिशा जिले के दौरे पर रहेंगे



**विदिशा, ( हि.स. )।** केन्द्रीय कृषि तथा किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार, 06 जुलाई को विदिशा जिले के दौरान पर रहेंगे। इस दौरान वे गंजबासौदा में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल भी उनके साथ मौजूद रहेंगे। जिला प्रशासन द्वारा शनिवार को जारी कार्यक्रम के अनुसार, केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रभारी मंत्री लखन पटेल रविवार प्रात: 9.30 बजे रानी कमलापति रेल्वे स्टेशन से पंजाब मेल से प्रस्थान कर प्रात: 10.51 बजे गंजबासौदा पहुंचेंगे और यहां रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद वे पूर्वान्ह 11.30 बजे मीसाबंदी नरेश जैन के घर जाएंगे। तत्पश्चात् दोपहर 12 बजे निर्माणाधीन अस्पताल का निरीक्षण के बाद दोपहर 12.30 बजे पत्रकार भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद केन्द्रीय मंत्री चौहान दोपहर एक बजे मानस भवन में लखपति दीदी से मुलाकात कार्यक्रम में शामिल होंगे, तत्पश्चात् दोपहर दो बजे कृषि महाविद्यालय गंजबासौदा में आयोजित बैठक में शामिल होंगे। केन्द्रीय मंत्री चौहान और जिले के प्रभारी मंत्री पटेल दोपहर तीन बजे कृषि महाविद्यालय जेल रोड पर आयोजित कार्यक्रम के बाद निर्माणाधीन सांदीपनि विद्यालय का निरीक्षण करेंगे। इसके पश्चात् सायं चार बजे निर्माणाधीन रिंग रोड का निरीक्षण उपरांत सायं 4.20 बजे गंजबासौदा रेल्वे स्टेशन से छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन से भोपाल के लिए रवाना होंगे।

### भोपाल में महिला ने फांसी लगाकर किया सुसाइड

**भोपाल, ( हि.स. )।** राजधानी भोपाल के शाहजहांनाबाद इलाके में शुक्रवार देर रात एक महिला ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। मृतका अपने मायके में मेहमानी करने गई थी। शनिवार दोपहर को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार 25 वर्षीय नोरीन खान पति फैजान खान ने शुक्रवार देर रात करीब 3ः30 बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। नोरीन गृहिणी थी। पूर्व में वह एक अस्पताल में रिसेप्शनिस्ट थी। पांच साल पहले उसकी शादी हुई थी, इसके बाद उसने नौकरी छोड़ दी थी। पति एक बाइक शोरूम में हैड मैकेनिक हैं। नोरीन की मां को लास्ट स्टेज का कैंसर है। ऐसे में मां की देखभाल करने के लिए वह सप्ताह में दो से तीन बार सुबह से शाम तक साढ़े तीन साल के बेटे को लेकर मायके में मेहमानी के लिए जाती थी। शुक्रवार रात को वह मां के घर ही रुक गई। उन्होंने पति को अगले दिन आने की बात कही थी। पति ने बताया कि रात करीब साढ़े तीन बजे नोरीन के परिजनों ने कॉल कर फांसी लगाने की सूचना दी। वे ससुराल पहुंचे तो परिजन शव को फंदे से उतार चुके थे। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शनिवार दोपहर को शव परिजनों के हवाले कर दिया है।

### बिलखिरिया टीआई की कार को पेट्रोल टैंकर ने मारी टक्कर

**भोपाल, ( हि.स. )।** राजधानी भोपाल के करोंद चौराहा और टूबा कॉलेज के बीच बिलखिरिया थाने के टीआई की कार को तेज रफ्तार पेट्रोल से भरे टैंकर ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद टीआई की कार पहले डिवाइडर से टकराई और फिर खंबे से टकराकर रुक गई। हादसे में टीआई घायल हुएहैं। उन्हें ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं हादसे के बाद आरोपित टैंकर चालक मौके से भाग निकला। निशातपुरा पुलिस ने टैंकर को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा लिया है। फिलहाल एफआईआर दर्ज नहीं की जा सकी है। निशातपुराथाना एएसआई रतिराम गौतम के मुताबिक बिलखिरिया थाना टीआई उमेश चौहान संजीव नगर में रहते हैं। हर रोज की तरह शनिवार को वह अपनी निजी कार से बिलखिरिया थाने जाने के लिए घर से निकले थे।

# पौधरोपण में वैज्ञानिक और टिकाऊ तकनीकों के उपयोग के लिए प्रशिक्षण

## मनरेगा के तहत इंजीनियर और कृषि सखियों को दिया जा रहा है तकनीकी प्रशिक्षण

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई एक बगिया मां के नाम परियोजना, गंगोत्री हरित योजना और नर्मदा परिक्रमा पथ जैसी योजनाओं को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने की दिशा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं।

इन योजनाओं के तहत मनरेगा के माध्यम से प्रदेश में बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

इन कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रदेश के 2101 इंजीनियर और 626 कृषि सखी को तकनीकी रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण मध्यप्रदेश जल-भूमि प्रबंध संस्थान, भोपाल और क्षेत्रीय ग्रामीण विकास-पंचायतराज प्रशिक्षण केंद्रों में संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पौधरोपण कार्य वैज्ञानिक और टिकाऊ तरीके से किया जाए।



पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने निर्देश दिए हैं कि नदियों के उद्गम स्थलों पर पौधरोपण को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही मां नर्मदा परिक्रमा पथ पर आश्रय स्थलों में पौधरोपण कर तीर्थ यात्रियों को बेहतर सुविधाएं दी जाएं। उन्होंने एक बगिया मां के नाम परियोजना को महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का एक सशक्त माध्यम बताया।

मनरेगा के अंतर्गत प्रशिक्षण पाने वाले अधिकारियों में 36 कार्यपालन यंत्री आरईएस, 215 सहायक यंत्री, 47 डीपीएम एसआरएलएम और 1803 उप यंत्री शामिल हैं। इन्हें पौधरोपण की तकनीकी बारीकियों से अवगत कराया जा रहा है, जिससे वे इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कर सकें।

प्रदेश में पहली बार पौधरोपण कार्य में अत्याधुनिक तकनीक सिपरी सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जा रहा है। इस सॉफ्टवेयर की मदद से संबंधित जिलों की जलवायु, मिट्टी की गुणवत्ता, एग्रो क्लाइमेट ज़ोन, स्थल चयन और पानी की उपलब्धता जैसी जानकारियां जुटाकर पौधों की उपयुक्त प्रजातियों का चयन किया जाएगा। जहां सॉफ्टवेयर उपयुक्तता नहीं दिखाता, वहां पौधरोपण नहीं किया जाएगा, जिससे संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित हो सके।

एक बगिया मां के नाम अभियान के तहत स्व-सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए उनकी निजी भूमि पर फलदार पौधे लगाए जाएंगे। इसके लिए 626 कृषि सखी को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ये कृषि सखी बाद में अन्य स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को पौधारोपण की तकनीक, पौधों के चयन और देखरेख के बारे में प्रशिक्षण देंगी और उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगी। इस व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश में न केवल पर्यावरण-संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्राप्त होगा।

## दोषियों के खिलाफ होगी कठोर कार्रवाई स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह

भोपाल, निप्र। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने शहडोल जिले के ब्यौहारी के सकंदी सरकारी हाई स्कूल में शाला की मरम्मत के मामले में अनियमितता का प्रकरण सामने आने पर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सुशासन वाली सरकार में किसी भी तरह की अनियमितता या गड़बड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने कहा कि उनके संज्ञान में शहडोल जिले के एक सरकारी हाई स्कूल में मरम्मत के दौरान अनियमितता का मामला उनके संज्ञान में आया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव और आयुक्त लोक शिक्षण को प्रकरण की तत्काल जाँच करने के निर्देश दिये हैं।

## राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के समक्ष अखिल भारतीय माली सैनी सभा ने जनसुनवाई में रखा फूलमाली समाज का पक्ष




विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** अखिल भारतीय माली सैनी सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री जी.पी.माली (प्रदेश अध्यक्ष संयुक्त माली सैनी समाज मध्य प्रदेश ) के प्रतिनिधि श्री दिनेश सैनी ने समाज के प्रतिनिधि के रूप में 4 जुलाई को राजधानी भोपाल वीआईपी गेस्ट हाउस में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की जनसुनवाई में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष श्री हंसराज गंगाराम जी अहीर के समक्ष फूलमाली समाज को केंद्रीय सूची में शामिल करने की बात रखी जिस पर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग 17 जनवरी 2025 को जनसुनवाई में ज्ञापन दीया था,इसके पूर्व सं 2024 में भी एक ज्ञापन दिया था उसी पर करवाई करते हुए राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग भारत सरकार ने फूलमाली समाज को केंद्र सरकार की सुचि में शामिल कर लिया गया है यहाँ अश्वासन आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री हंसराज गंगाराम अहिर ने समाज के प्रतिनिधि मंडल को 4 जुलाई 2025को जनसुनवाई भोपाल में दिया श्री हंसराज गंगाराम अहीर ने कहा कि शिघ्र ही गजट नोटिफिकेशन जारी होगा जिसमें फूलमाली समाज को केंद्र सरकार की सुचि में शामिल हो जाएगा

जनसुनवाई में मुख्य रूप से पिछड़ा वर्ग राष्ट्रीय सदस्य श्री भुवन भूषण एवं राज्य आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमारिया उपस्थित रहे।जनसुनवाई में संयुक्त माली सैनी समाज प्रदेश महासचिव श्री दिनेश जी सैनी , फूलमाली सोशल उत्थान समिति संरक्षक श्री रोड़ेराम पुष्पद खुजनेर, संस्थापक श्री नरेंद्र पुष्पद पचोर, अध्यक्ष डॉ संतोष माली बापचा, रामचरण माने, मधुकर अम्बाडकर, भोपाल समाज अध्यक्ष श्री हरिनारायण माली भोपाल, प्रदेश महामंत्री श्री दीपक पुष्पद जीरापुर, ब्रजमोहन माली सहित समाजजन उपस्थित रहे।

# मध्य प्रदेश में भारी बारिश से बिगड़े हालात, नदी-नाले उफान पर, आज 28 जिलों में अलर्ट

## अगले 4 दिन भारी बारिश की चेतावनी, मंडला और डिंडौरी में स्कूलों की छुट्टी घोषित

**भोपाल, ( हि.स. )।** मध्य प्रदेश में एक तरफ लगातार हो रही बारिश से मौसम सुहाना हो गया है, तो वहीं कई जगहों पर भूजल स्तर बढ़ गया है। इस मूसलाधार बारिश ने कई क्षेत्रों में समस्या उत्पन्न कर दी है। जिसकी वजह से बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। प्रदेश के पूर्वी हिस्से यानी, जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में स्थिति बिगड़ गई है। नदी-नाले उफान पर है। मंडला, डिंडौरी, टीकमगढ़ में घरों में पानी घुस गया है। आज शनिवार को 28 जिलों में अति भारी या भारी बारिश का ऑरेंज-यलो अलर्ट है। अगले 4 दिन भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। शनिवार को मंडला और डिंडौरी में स्कूलों की छुट्टी रहेगी।



मौसम विभाग के अनुसार, एक मानसून ट्रफ बीकानेर, जयपुर से मप्र के दतिया, सीधी से होती हुई आसनसोल, कोलकाता होते हुए जा रही है। वहीं, एक भी प्रदेश से गुजर रही है। इसके अलावा प्रदेश में ही एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम एक्टिव है। इन तीनों सिस्टम की वजह से अति भारी या भारी बारिश का दौर चल रहा है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले चार दिन यानी, 8 जुलाई तक प्रदेश के आधे हिस्से में भारी बारिश का अलर्ट है। पूर्वी हिस्से में सिस्टम का असर ज्यादा रहेगा।

शनिवार को जबलपुर, मंडला, बालाघाट, कटनी, दमोह, नरसिंहपुर, विदिशा, सीहोर, रायसेन और नर्मदापुरम में अति भारी बारिश होने की चेतावनी दी गई है। अगले 24 घंटे में इन जिलों में 8 इंच तक पानी गिर सकता है। भोपाल, गुना, अशोकनगर, राजगढ़, रतलाम, उज्जैन, इंदौर, देवास, हरदा, बैतूल, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, सिवनी, सागर, उमरिया, शहडोल, डिंडौरी और अनूपपुर में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। बाकी जिलों में बारिश का यलो अलर्ट है।

इससे पहले शुक्रवार को कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात रहे। मंडला में भारी बारिश से नेशनल हाईवे-30 पर लैंड स्लाइड के कारण जबलपुर-मंडला मार्ग बंद हो गया। यहां नर्मदा नदी का जलस्तर वॉर्निंग लेवल पर पहुंच गया। जिले के कारिया गांव में पानी ज्यादा भर गया। इस कारण एसडीईआरएफ ने लोगों का रेस्क्यू किया। जबलपुर में गैस सिलेंडर से भरा ट्रक नदी में बह गया। डिंडौरी में भारी बारिश के चलते कलेक्टर नेहा माराव्या ने 5 जुलाई को भी सभी हाईस्कूल तक की छुट्टी घोषित कर दी। जिले की सिवनी नदी का पानी पुल पर आने से जबलपुर-अमरकंटक नेशनल हाईवे बंद हो गया है। नर्मदा नदी में मंदिर डूब गया। मंडला में भी 5 जुलाई को छुट्टी घोषित कर दी गई है। टीकमगढ़ में भी भारी बारिश हुई। जेल रोड पर आदिवासी गर्ल्स हॉस्टल में पानी भर जाने पर एसडीआरएफ और पुलिस ने छात्राओं का रेस्क्यू किया। शुक्रवार को 27 से अधिक जिलों में बारिश हुई। जबलपुर में 72 मिमी यानी, करीब 3 इंच पानी गिर गया। नरसिंहपुर में 2.6 इंच, सागर में डेढ़ इंच, छतरपुर के नौगांव में सवा इंच, मंडला-दमोह में 1 इंच, दतिया-श्योपुर में पौन इंच, बालाघाट-रीवा में आधा इंच बारिश हुई। वहीं, भोपाल, बैतूल, गुना, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, छतरपुर के खजुराहो, टीकमगढ़, सिवनी, सतना, सीधी, उमरिया, शाजापुर, देवास, सीहोर, आगर-मालवा, विदिशा, मऊगंज, कटनी समेत कई जिलों में बारिश का दौर जारी रहा। रात के समय भी कई जिलों में बारिश का दौर जारी रहा।

## उप मुख्यमंत्री देवड़ा से मिले नेशनल चैम्पियनशिप विजेता आर्म रेसलर भाई-बहन रोहित और खुशी



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा से शनिवार को उनके निवास पर केरला के त्रिसुर में आयोजित नेशनल चैंपियनशिप-2025 पंजा कुश्ती ( आर्म रेसलिंग ) में स्वर्ण पदक विजेता रोहित सिंह और उनकी बहन कांस्य पदक विजेता खुशी लहरिया ने भेंट की।**

नेशनल चैम्पियनशिप में रोहित सिंह ने 2 स्वर्ण पदक और खुशी लहरिया ने 1 कांस्य पदक जीता है। उप मुख्यमंत्री ने रोहित सिंह और खुशी लहरिया के पदक जीतने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपने मध्यप्रदेश का नाम देश में रोशन किया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेलों में मध्यप्रदेश के साथ देश का नाम भी रोशन करें।

भाई-बहन रोहित एवं खुशी के कोच विक्रम अवार्डी श्री मनीष कुमार के कुशल नेतृत्व एवं प्रशिक्षण से दोनों भाई-बहन ने बेहतर प्रदर्शन किया है। उनके माता-पिता ने बताया कि प्रशिक्षण एवं लगन की बल पर दोनों बच्चों ने स्वर्ण एवं कांस्य पदक जीता है।

कांग्रेस लड़ेगी आरपार की लड़ाई

# जीतू पटवारी बोले- बीजेपी का ओबीसी विरोधी चेहरा पूरी तरह बेनकाब

**भोपाल, ( हि.स. )।** ओबीसी आरक्षण को लेकर कोर्ट की टिप्पणी के बाद मध्यप्रदेश में सियासत गरमाई गई है। मध्य प्रदेश में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिलाने के लिए कांग्रेस सदन से लेकर सड़क तक लड़ाई लड़ेगी। इसको लेकर प्रदेशभर में आंदोलन-प्रदर्शन किए जाएंगे। जिसमें लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी शामिल होंगे। यह बात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कही। दोनों नेताओं ने शनिवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मीडिया से बात की।

जीतू पटवारी ने कहा कि जुलाई के आखिरी सप्ताह में राहुल गांधी मप्र आएंगे। वे बुंदेलखंड का दौरा और ओबीसी के लोगों से संवाद करेंगे।

उन्होंने कहा कि ओबीसी को 2019 में कमलनाथ ने आरक्षण 27% लागू किया था। लेकिन मध्य प्रदेश की बीजेपी सरकार ने ओबीसी समाज के साथ धोखाधड़ी, विश्वासघात और शर्मनाक अन्याय की सारी हदें लांघ दी हैं। म.प्र. सरकार ने ओ.बी.सी. वर्ग को अपना हक ना मिले इसके लिए संविधान के मूल ढ़ाचा से भी खिलवाड़ कर रहे है। 4 जुलाई को कोर्ट ने पूछा तो वकीलों ने कहा हम 27% आरक्षण के विरोध में है। आपके कंधे में बैठकर ओबीसी का गला घोट रहे है। अपनी अंतिम बूंद तक कांग्रेस ओबीसी के लिए लड़ेगी। जीतू पटवारी ने कहा कि 26 जून 2025 को मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखकर ओबीसी को 27 आरक्षण तत्काल लागू करने की मांग की थी। पटवारी ने बीजेपी सरकार पर जोरदार प्रहार करते हुए कहा कि यह सरकार ओबीसी समाज के हक को कुचलने की साजिश में लिप्त है और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को भी ठुकरा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने तत्काल कार्रवाई नहीं की, तो मध्य प्रदेश कांग्रेस ओबीसी समाज के साथ मिलकर पूरे प्रदेश में आग उगलते आंदोलन की शुरूआत करेगी।



नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा प्रदेश के अंदर ओबीसी के लिए शिवराज सिंह आरक्षण की लड़ाई नहीं लड़ पाए। मोहन यादव पीएम को पिछड़े वर्ग का बताते है। पिछड़ों को पिछड़ा कर रहे हैं। ओबीसी छात्र मेहनत करते लेकिन उन्हें आरक्षण का लाभ नहीं मिल पाता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था 50% से ज्यादा नहीं होगा। तुषार मेहता सरकार की बात कर रहे, ये सरकार का मत था। सरकार को तत्काल इस पर निर्णय लेना चाहिए। रिजल्ट होल्ड हो गए। ओबीसी के छात्र खेतों में काम कर रहे हैं। ये भविष्य सरकार ने ओबीसी का तय किया है। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने ऐलान किया है कि अगर मध्यप्रदेश में 27% ओबीसी आरक्षण तत्काल लागू नहीं हुआ, तो कांग्रेस ओबीसी समाज के हित में प्रदेशव्यापी धरना-प्रदर्शन, रैलियाँ, घेराव और जन-जागरण अभियान शुरू करेगी। यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी, जब तक ओबीसी समाज को उनका हक नहीं मिल जाता।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा उषा प्रिंटर्स, तिलक मार्ग, अमला लाइन, अलीराजपुर से मुद्रित एवं 13/2, ब्लॉक सी, केशव नगर, अलीराजपुर ( म.प्र. ) से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, स्थानीय संपादक - श्रीमती दिव्या गुप्ता *, फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, 8889766697, ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। RNI. Reg. MPHIN/2019/78560